राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ टीवी एक्ट्रेस शांभवी सिंह बारिश...



केंद्र सरकार ने 10 साल में... ◀ 12

गाजियाबाद, शनिवार 27 जुलाई 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 143, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### बीजेपी नेता और पूर्व एमपी प्रभात झा का निधन, 67 साल की उम्र में मेदांता अस्पताल में ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का निधन हो गया है। वह मध्य प्रदेश के अध्यक्ष रहे थे और पार्टी के राज्यसभा सांसद भी रहे। उन्होंने गुरुवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके दो बेटे हैं। वह मूल रूप से बिहार के सीतामढ़ी जिला के कोरियाही गांव के रहने वाले हैं। प्रभात झा को भाजपा के उन



नेताओं में शुमार किया जाता था, जिनकी बौद्धिक जगत में साख रही है। वह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर भी रहे थे।

भाजपा के प्रवक्ता हितेश बाजपेयी ने उनके निधन की पुष्टि की है। उन्हें जून के आखिर में ही एयरलिफ्ट कर गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में एडमिट कराया गया था। मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव और प्रदेश भाजपा के महासचिव हितानंद शर्मा उनका हाल जानने भोपाल के अस्पताल पहुंचे थे। लेकिन तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो गुरुग्राम लाया गया था। बीजेपी नेताओं के अनुसार, 29 जून को प्रभात झा को न्यूरोलॉजिकल परेशानियों के चलते भोपाल से दिल्ली के लिए एयर एंबुलेंस के जरिए लाया गया था। उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में एडमिट किया गया था, जहां उनका रूटीन ट्रीटमेंट भी मेदांता में ही चलता है।

### किराये के हैलीकॉप्टर पर भजनलाल सरकार खर्च करेगी हर साल 23 करोड़ से अधिक धनराशि

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान में भले ही किसी भी पार्टी की सरकार रही हो, लेकिन किसी भी सरकार ने हवाई जहाज या हेलीकॉप्टर खरीदने की जहमत नहीं उठाई, बल्कि हर साल करोड़ों रुपये किराये या लीज के हवाई जहाज और हेलीकॉप्टरों से यात्रा करने पर फूंक दिए गए है । राजस्थान विधानसभा में लगे एक सवाल से यह खुलासा हुआ है । सवाल के जवाब में बताया गया है किराज्य सरकार के पास वर्तमान में कोई हवाई जहाज व



हैलीकॉप्टर नहीं है। वहीं भजनलाल सरकार ने 5 जून 2024 को मैसर्स रेडबर्ड एयरवेज प्रा0 लि0, नई दिल्ली से हैलीकाप्टर लीज या किराये पर लेने का अनुबन्ध किया गया है। इस पर प्रतिवर्ष 23.79 करोड़ रुपये की राशि प्रतिवर्ष व्यय होना अनुमानित है।वहीं पिछले 4 वर्षों के दौरान हैलीकाप्टर व विमान सेवा के लिए किराये के रूप में वर्ष 2020-21 में 8.03 करोड़ खर्च हुए, जबकि 2021-22 में 7.19 करोड़, 2022-23 में 31.30 करोड़ और चुनावी वर्ष में 2023-24 में 29.94 खर्च हुए है ।

### अग्निवीरों को लेकर योगी सरकार का बड़ा फैसला, पुलिस और पीएसी में मिलेगा आरक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार (26 जुलाई) को घोषणा की कि राज्य अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी में आरक्षण प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीर जब अपनी सेवा के बाद वापस आएंगे, उत्तर प्रदेश सरकार पुलिस सेवा में, पीएसी में इन नौजवानों को प्राथमिकता के आधार पर समायोजन की सुविधा देगी। उनके लिए एक निश्चित आरक्षण की सुविधा उत्तर प्रदेश पुलिस में उपलब्ध कराएंगे। अपने बयान में उन्होंने कहा कि प्रगति और समृद्धि के नए प्रतिमान स्थापित करने के लिए समय-समय पर किए गए सुधार किसी भी देश और समाज के लिए आवश्यक होते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी अर्थव्यवस्था को सम्मानजनक स्थान दिलाने और भारत को पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए पिछले 10 वर्षों में कई कदम उठाए गए हैं और हर क्षेत्र में सुधार किए गए हैं।



# आतंक के आका मेरी..., नापाक मंसूबो को कामयाब नहीं होने देंगे: पीएम मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कारगिल युद्ध स्मारक पर बहादुर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। इसके

> **हमारे जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचलेंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगः पीएम मोदी**

बाद पीएम मोदी ने वॉर मेमोरियल पहुंचकर जवानों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने साल 1999 में भारत-पाकिस्तान की युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर जवानों को याद करते हुए पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा, 'पाकिस्तान ने अतीत में जितने भी दुष्प्रयास किए, उसे हमेशा मुंह की खानी पड़ी है। लेकिन पाकिस्तान ने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा। वह आतंकवाद और प्रॉक्सी वॉर के सहारे अपने आप को प्रासंगिक बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचलेंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।




पीएम मोदी ने आगे कहा,आतंकवाद को हमारे जांबाज पूरी ताकत से कुचलेंगे। दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। लद्दाख हो या फिर जम्मू-कश्मीर, विकास के सामने आ रही हर चुनौती को भारत परास्त करके ही रहेगा। पीएम मोदी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि कारगिल युद्ध के समय मैं एक सामान्य देशवासी के रूप में अपने सैनिकों के बीच था। आज जब मैं फिर कारगिल की धरती पर हूं, तो स्वाभाविक है कि वो स्मृतियां मेरे मन में ताजा हो गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज लद्दाख की ये महान धरती कारगिल विजय के 25 वर्ष पूरे होने की साक्षी बन रही है। कारगिल विजय दिवस हमें बताता है कि राष्ट्र के लिए दिए गए बलिदान अमर होते हैं। पीएम ने कारगिल युद्ध के दौरान वीर सैनिकों के अद्मय साहस को याद करते हुए कहा कि मुझे याद है कि किस तरह हमारी सेनाओं ने इतनी ऊंचाई पर, इतने कठिन युद्ध ऑपरेशन को अंजाम दिया था। पीएम ने अग्निपथ योजना का जिक्र किया।

## गाजा में इजरायल का नरसंहार बंद होना चाहिए : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को गाजा में मारे जा रहे निर्दोष लोगों पर चिंता जाहिर की। उन्हें इसे



अस्वीकार्य करार देते हुए दुनिया की हर सरकार से गाजा में इजरायल के सैन्य हमले की निंदा करने की अपील की। प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक्स पर पोस्ट किया, गाजा में हो रहे भयानक नरसंहार में दिन-ब-दिन मारे जा रहे निर्दोष नागरिकों, माताओं, पिताओं, डॉक्टरों, नर्सों, सहायता कार्यकर्ताओ, पत्रकारों, शिक्षकों, लेखकों, कवियों, वरिष्ठ नागरिकों और हजारों मासूम बच्चों के लिए सिर्फ बोलना काफी नहीं है।

उन्होंने आगे लिखा, यह हर एक सही सोच रखने वाले व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है(जिसमें वे सभी इजरायली नागरिक भी शामिल हैं जो नफरत और हिंसा में विश्वास नहीं रखते हैं) और दुनिया की हर एक सरकार की जिम्मेदारी है कि वे इजरायली सरकार के नरसंहार की निंदा करे और उसे रोकने के लिए मजबूर करे।

## मानहानि केस में राहुल गांधी ने सुलतानपुर कोर्ट में दर्ज कराया बयान

**सुलतानपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मानहानि मामले में सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में अपने बयान दर्ज कराए। मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी। कांग्रेस सांसद के खिलाफ यहां गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र

> **गृह मंत्री अमित शाह पर टिप्पणी का है मामला**

टिप्पणी के मामले में मुकदमा चल रहा है।

बता दें, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के विरुद्ध पांच साल पहले विशेष न्यायालय में परिवाद दायर किया था, जिसमें मुकदमा चलाया जा रहा है। परिवादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय के मुताबिक, परिवाद में आरोप है कि 15 जुलाई 2018 को पार्टी कार्यकर्ता अनिरुद्ध शुक्ल व दिनेश कुमार ने अपने मोबाइल पर एक वीडियो क्लिप दिखाया था। इसमें राहुल गांधी अमित शाह को हत्यारा कह रहे थे। उनका यह बयान जस्टिस लोया की मृत्यु से संबंधित था, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शाह को क्लीन चिट दे दी गई थी।

परिवादी व दो गवाहों के बयान व साक्ष्यों के



आधार पर राहुल गांधी को विशेष मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने आईपीसी की धारा 500 के तहत सुनवाई के लिए तलब किया तो उन्होंने 20 फरवरी को न्यायालय में पेश होकर जमानत करा ली थी। उन्हें पेशी तिथि पर व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दी गई है। हालांकि, आरोपों पर जवाब देने के लिए उपस्थित होना पड़ेगा। पिछली कुछ पेशियों पर न आने के कारण मजिस्ट्रेट ने कड़ा रुख अपनाया। इस पर बीती दो जुलाई को राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने 26 जुलाई को पेश होने के लिए अवसर मांगा था।

राहुल गांधी पांच महीने में दूसरी बार यहां पहुंचे हैं। इससे पहले वह लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच 20 फरवरी को न्यायालय में पेश हुए थे। उस समय बड़ी संख्या में अमेठी व सुलतानपुर के लोग उनसे मिलने व देखने की इच्छा लेकर पहुंचे थे। मामला न्यायालय में पेशी का था, इसलिए राहुल आए और करीब 20 मिनट में न्यायालय की प्रक्रिया पूरी हो गई। समर्थकों व विरोधी दलों के कार्यकताओं के नारेबाजी के बीच वह मुस्कुराते रहे और बिना कुछ बोले ही यहां से चल दिए।

## बराक और मिशेल ओबामा ने कमला हैरिस को दिया यूएस राष्ट्रपति पद के लिए समर्थन

**न्यूयॉर्क ।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा ने शुक्रवार को मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को संयुक्त राज्य (यूएस) के राष्ट्रपति पद के लिए समर्थन दिया है।

ओबामा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, इस हफ्ते की शुरूआत में, मिशेल और मैंने अपनी दोस्त कमला हैरिस को फोन किया। हमने उन्हें बताया



कि हमें लगता है कि वह संयुक्त राज्य की एक शानदार राष्ट्रपति बनेंगी और उनको हमारा पूरा समर्थन है। हमारे देश के लिए इस महत्वपूर्ण समय में, हम हर संभव प्रयास करेंगे ताकि वे नवंबर में चुनाव जीत सकें। हम उम्मीद करते हैं कि आप भी हमारे साथ जुड़ेंगे। पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा ने कहा, मुझे कमला हैरिस पर बहुत गर्व है। बराक और मैं उनके सकारात्मक दृष्टिकोण, सेंस ऑफ ह्यूमर और पूरे देश के लोगों में रोशनी और उम्मीद जगाने की क्षमता के कारण उन्हें डेमोक्रेटिक उम्मीदवार के रूप में समर्थन करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हम आपका साथ देंगे। 59 वर्षीय हैरिस के पास डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन हासिल करने के लिए पर्याप्त प्रतिनिधि हैं। कुछ दिन पहले ही मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने का फैसला किया था। बाइडेन ने एक पत्र में कहा था, आपका राष्ट्रपति बनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। हालांकि मेरा इरादा फिर से चुनाव लड़ने का था, मेरा मानना है कि मेरी पार्टी और देश के हित में यह सबसे अच्छा है कि मैं पद छोड़ दूं, और अपने कार्यकाल के शेष समय के लिए राष्ट्रपति के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने पर फोकस करूं।

## धामी सरकार का बड़ा ऐलानः अब शहीदों के परिजनों को 10 की जगह देगी 50 लाख रुपए

**देहरादून (आरएनएस)।** कारगिल विजय दिवस पर उत्तराखंड सरकार ने शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली सहायता राशि में बड़े बदलाव का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित समारोह में कहा कि सम्मान स्वरूप आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि 10 लाख से बढ़कर 50 लाख कर दी गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कारगिल शहीदों की याद में आयोजित समारोह में बड़ा ऐलान किया। उन्होंने शहीदों के परिजनों को मिलने वाली राशि को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 50 लाख रुपए करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की है कि अब शहीदों के परिजन सरकारी नौकरी के लिए 2 साल नहीं, बल्कि 5 साल तक आवेदन कर सकते हैं।



उन्होंने एक्स पर इसकी जानकारी दी। लिखा, कारगिल विजय दिवस के अवसर पर गांधी पार्क, देहरादून स्थित शहीद स्मारक पर अमर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया।

इस दौरान शहीद आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने, वीरगति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरांत सरकारी नौकरी के लिए आवेदन की अवधि दो वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष करने और शहीद आश्रितों हेतु जिलाधिकारी कार्यालय में पद न होने पर अन्य विभागों में नौकरी प्रदान करने के साथ ही सैनिक कल्याण विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को उपनल कर्मियों के समतुल्य अवकाश देने की घोषणा की।

## सुप्रीम कोर्ट में यूपी सरकार का जवाब

# 'शांतिपूर्ण कांवड़ यात्रा के लिए नेमप्लेट लगाने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से पूरा करने के लिए नेमप्लेट लगाने का निर्देश जारी किया गया था। राज्य सरकार ने कहा कि निर्देश जारी करने के पीछे का मकसद कांवड़ियों की यात्रा के दौरान उनके भोजन को लेकर सूचित विकल्प पेश करना था, ताकि उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे।

सहारनपुर के संभागीय आयुक्त द्वारा शपथ-पत्र में कहा गया है, कांवड़ियों को परोसे जाने वाले भोजन के बारे में छोटी-छोटी भ्रांतियां भी उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती हैं और खासकर मुजफ्फरनगर जैसे सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में तनाव पैदा कर सकती हैं।

यूपी सरकार ने कहा है कि यह निर्देश 2 सप्ताह से भी कम अवधि के लिए कांवड़ यात्रा मार्ग तक ही सीमित था, केवल कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण समापन को सुनिश्चित करने के लिए। सालाना 4.07 करोड़ से अधिक कांवड़िए ये यात्रा करते हैं।

यूपी सरकार ने अपने जवाब मे कहा है कि राज्य द्वारा जारी




निर्देश दुकानों और भोजनालयों के नामों से होने वाले भ्रम के बारे में कांवड़ियों की ओर से मिली शिकायतों के बाद किए गए थे। शिकायतें मिलने पर ही पुलिस अधिकारियों ने कांवड़ियों की चिंताओं को दूर करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई की। यूपी सरकार ने कहा है कि राज्य ने खाद्य विक्रेताओं के व्यापार या व्यवसाय पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है और वे अपना व्यवसाय सामान्य रूप से कर सकते हैं। मालिकों के नाम और पहचान प्रदर्शित करने की आवश्यकता पारदर्शिता सुनिश्चित करने और कांवड़ियों के बीच किसी भी भ्रम से बचने के लिए किया गया है।

राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार, राज्यों में सभी खाद्य दुकानों, भोजनालयों और फूड जॉइंट्स को मालिकों/प्रोपराइटरों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने वाली नेमप्लेट लगानी होगी। ऐसा श्रावण मास में कांवड़ यात्रा करने वाले हिंदू श्रद्धालुओं की आस्था की पवित्रता को बनाए रखने के लिए किया गया।

सावन का महीना सोमवार से शुरू हो गया। इस दौरान भक्त और श्रद्धालु कांवड़ लेकर भोले शंकर को जल चढ़ाने के लिए कई किलोमीटर की यात्रा करते हैं। इसी यात्रा के दौरान कई दुकानों और ढाबों से वो खाने का सामान व अन्य चीजें खरीदते हैं। यूपी सरकार ने सबसे पहले आदेश जारी कर इन दुकानों पर मालिकों का नाम लिखने का आदेश जारी किया था, ताकि श्रद्धालु अपनी पसंद की दुकान से सामान खरीद सकें। उसके बाद ऐसा ही आदेश उत्तराखंड सरकार ने भी जारी किया।

**समीक्षा बैठक** | बीते 20 दिन में प्रदेश के 18 मंडलों के जनप्रतिनिधियों संग मुख्यमंत्री ने की विस्तार से समीक्षा बैठक

# सांसदों, विधायकों और एमएलसी से मिले योगी, तैयार होगी क्षेत्रीय विकास की कार्ययोजना

अब्दुल सलाम
बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी 18 मंडलों के जनप्रतिनिधियों संग लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों को लेकर विस्तार से समीक्षा बैठक पूरी कर ली है। तकरीबन 20 दिन तक चली मंडलवार बैठकों में सांसदगण, विधायकगण और एमएलसी सीएम के समक्ष अपने क्षेत्र की समस्याओं और जन अपेक्षाओं को लेकर उपस्थित हुए। वहीं मुख्यमंत्री ने भी सभी जनप्रतिनिधियों को धैयपूर्वक सुनते हुए तथा उनकी अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय विकास की नई रणनीति तैयार की जाए। 7 जुलाई को देवीपाटन और अयोध्या मंडल से शुरू हुई मंडलवार समीक्षा बैठक शुक्रवार को लखनऊ मंडल के साथ समाप्त हो गई है। मंडलवार बैठक में पहुंचने वाले जनप्रतिनिधिगणों ने खुलकर अपनी बात कही है।

वहीं मुख्यमंत्री ने भी विस्तार से भी की बातों को सुनने के बाद आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर जीत का मंत्र भी दिया। सीएम योगी ने संवाद, सक्रियता और सोशल मीडिया पर सर्वाधिक फोकस करने के लिए कहा है।

उन्होंने कहा है कि सभी जनप्रतिनिधिगण अपने अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को जनता तक जरूर पहुंचाएं। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क लगातार बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि विपक्ष की ओर से सोशल मीडिया के जरिए फैलाए जा रहे अफवाहों और सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने के प्रयास का मुखर होकर विरोध करें। सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए विपक्ष के हर झूठ को बेनकाब करें और जनता के बीच सच लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में युवाओं और महिला संगठनों से संपर्क और संवाद स्थापित करें। युवाओं को बताएं कि बिना किसी रिश्वत और जाति, मत, मजहब के भेद के निष्पक्ष तरीके से सरकारी नौकरियां प्रदान की जा रही है। ऐसे युवाओं से संपर्क स्थापित करें जिन्हें बिना भेदभाव और रिश्वत के नौकरियां मिली हैं। इसके साथ ही अपने अपने क्षेत्र के खिलाड़ियों से भी लगातार संपर्क बनाए रखें।



मुख्यमंत्री ने इसके अलावा सभी जनप्रतिनिधियों को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से जुटने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा है इस लोकसभा चुनाव में आपके क्षेत्र में हुए मतदान का बारीकी से एनालिसिस करें और इसी के आधार पर अपनी कार्ययोजना तैयार करें। सीएम योगी ने सभी जनप्रतिनिधियों को यह भी कहा कि शासन के लोककल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारने में कोई भी अधिकारी हीलाहवाली करे तो उसकी लिखित शिकायत करें, कार्रवाई निश्चित की जाएगी।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# कारगिल विजय दिवस पर बलदानियों को किया याद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर (अशोक पाठक)।** शुक्रवार को सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर में मनाया गया कारगिल विजय दिवस 'कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह, तथा मुख्य वक्ता चैतन्य हरि शर्मा',संचालन सुनील गिरी जी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया -बहनों ने भी कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अपने देश के अमर शहीदों की गाथाओं का व्याख्यान दिया। इसके उपरांत आज के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चेतन हरि शर्मा ने कारगिल विजय दिवस के समय को बड़े विस्तार पूर्वक बताते हुए बताया ' कि 26 जुलाई 1999 कारगिल युद्ध में विजय हासिल कर भारत ने अपना परचम लहराया' इस दिन को हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है ' करीब 2 महीने तक यह चला कारगिल युद्ध भारतीय सेना के साहस और जांबाजी का एक उदाहरण है, जिस पर हर भारतीय देशवासियों को गर्व होना चाहिए' करीब 18 हजार फिट की ऊंचाई पर लड़ी गई कारगिल जंग जंग में देश के लगभग 527 से ज्यादा वीर योद्धाओं को खाया वही ' 1300 से ज्यादा घायल हुए। युद्ध में 2700 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए' और 750 पाकिस्तानी सैनिक इस जंग से पीठ दिखाकर भाग गए भारत की ओर से लगभग



30,000 सैनिक इस युद्ध में सम्मिलित हुए 'और पाकिस्तान की ओर से 5000 घुस बेटियों ने भारतीय सेना पर प्रहार करने की योजना बनाई ' लेकिन वह असफल रही। उसे समय भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने नवाब शरीफ को खुली चुनौती देकर इस युद्ध को जितने पर विवश कर दिया 'और अपने देश की सेना का उत्साह वर्धन करते हुए' विजय पताका का संदेश देकर कारगिल पर अपना कब्जा जमाया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह जी ने बताया इस दिवस को ऑपरेशन दिवस के नाम से भी जाना जाता है ' जो कि भारतीय सेवा के द्वारा चलाया गया' ऑपरेशन अपनी विपक्षियों पर भारी पड़ा ' जिन मां के गर्व से पैदा हुए 'भारतीय सेना के वीर जवान अपनी मातृभूमि की सेवा करते हुए देश के लिए समर्पित हो गए 'ऐसे वीर सपूतों को हम बार-बार नमन करते हैं ' जिन्होंने राष्ट्र और मातृ भूमि के लिए अपने जीवन को बलिदान कर दिया ' इस अवसर पर विद्यालय में कारगिल दिवस के उपलक्ष में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ' जिसका संचालन कला विभाग के आचार्य यशपाल सिंह एवं आचार्या सोनाली जी रही ' इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# नदी में नहाने गये युवक की डूबने से हुई मौत, परिवार में पसरा मातम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।**





मृतक सोहेल

निकट ग्राम सैंटा निवासी सुहेल मालिक अपने दोस्त के साथ नदी में नहाने गया था पानी का बहाव तेज होने से एवम पानी में छलांग लगाकर नहाते वक्त 18 वर्षीय सुहैल मलिक पानी में डूबा गया। गोताखोरों के काफी प्रयास के बाद के बाद मृतक सुहेल के शव को नदी से निकला गया। गांव में हुए इस हादसे से पूरे गांव में शोक का माहौल है परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। सी ओ और नायब तहसीलदार फोर्स समेत मौके पर पहुंचे, और शव को पोस्मार्टम के लिए भिजवाया गया।

# सैकड़ो युवाओं मे धर्मेंद्र भारद्वाज के विस नियम पुनरीक्षण समिति के सभापति बनने पर खुशी की लहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबा।** एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज के बेहद करीबी छात्र राजनीति से जुड़े रहें जिले के कद्दावर युवा ब्राह्मण नेता अमित शर्मा पहलवान के आवास पर सैकड़ो युवाओं ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कद्दावर ब्राह्मण नेता मेरठ गाजियाबाद के एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज को विस नियम पुनरीक्षण समिति के सभापति नियुक्त होने पर ढोल नगाड़े बजाकर खुशी का इजहार किया` इस समिति मे एमएलसी श्रीचन्द शर्मा, सुभाष यदुवंश, आशीष कुमार यादव, अन्नपूर्णा सिंह उर्फ पूनम सिंह, विच्छे लाल राम, योगेश चौधरी, पदमसेन चौधरी आदि सदस्य है। इस मौके पर अमित पहलवान के आवास पर सैकड़ो युवा उज्ज्वल शर्मा, प्रशांत शर्मा, राहुल शर्मा, मनीष वर्मा, सोनू शर्मा, यश ठाकुर, अभिलाष शर्मा, आकाश शर्मा, अभिषेक शर्मा, शिवम सोती, प्रिंस शर्मा, अंकित शर्मा, डॉ सागर तोमर, विशाल शर्मा ( कैटर्स) , विनय गोहार, जय रोहिला, हर्ष वर्मा, सुरेंद्र शर्मा (पूर्व सभासद) , भुवनेश शर्मा, चेतन शर्मा, अमन वर्मा, डॉ हर्षित अग्रवाल, शोभित शर्मा, कन्हैया लाल, रितिन गर्ग (ठेकेदार) , यश शर्मा, आदि युवा मौजूद रहे।



# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सदस्य अधिवक्ता मनीष प्रताप सिंह ने रक्तदान कर बचाई व्यक्ति की जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** रक्तदान है महादान, किसी व्यक्ति, महिला या बच्चे की जान बचाने के लिए रक्त देने वाले लोगों द्वारा किए गए सराहनीय कार्य हेतु अनेक संस्था उन्हें

- **कनिष्ठ कार्यकारणी सदस्य शैलेंद्र कुमार एडवोकेट के आग्रह पर बुलंदशहर चैरिटेबल ब्लड बैंक पर किया रक्तदान**
- **ब्लड बैंक द्वारा अधिवक्ता को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

पुरस्कार देकर सम्मानित कर रही। रक्तदान करने में अधिवक्तागण भी पीछे नहीं है ऐसा ही एक मामला बुलंदशहर में देखने को मिला है जहां एक अधिवक्ता द्वारा रक्तदान कर एक व्यक्ति की जान बचाई। तथा एक सराहना कार्य किया।

बता दें कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के कनिष्ठ कार्यकारणी सदस्य शैलेंद्र कुमार एडवोकेट के आग्रह पर मनीष प्रताप सिंह एडवोकेट द्वारा एक व्यक्ति को रक्त देकर उसकी जान बचाई। व्यक्ति एक गंभीर बीमारी से पीड़ित होने पर अस्पताल में था भार्ती, जिसे इलाज के लिए रक्त की थी आवश्यकता, जिसने शैलेंद्र कुमार एडवोकेट से किया संपर्क, जिनके आग्रह पर अधिवक्ता मनीष प्रताप सिंह द्वारा बुलंदशहर चैरिटेबल वर्ल्ड बैंक पर पहुंचकर रक्तदान किया। जिनके रक्त देने से उस व्यक्ति की जान बच सकी। व्यक्ति ने मनीष प्रताप सिंह एवं शैलेंद्र कुमार एडवोकेट का धन्यवाद प्रेषित किया। मनीष प्रताप सिंह एडवोकेट द्वारा बताया गया कि वह



चौथी बार रक्तदान कर रहे हैं। रक्तदान कर किसी व्यक्ति की जान बचाने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है जिसके लिए मैं गर्व महसूस कर रहा हूं। तथा आगे भी इसी तरह लोगों की जान बचाने के लिए रक्तदान करता रहूंगा तथा अन्य लोगों से भी कहना चाहूंगा कि वह भी रक्तदान करें और स्वस्थ रहें।

बुलंदशहर चैरिटेबल ब्लड बैंक पर विशाल त्यागी, शैलेंद्र कुमार , पवन सहगल, अनु, विजय, सतीश गौतम, अशोक वर्धन, अरविंद प्रजापति, चंचल प्रजापति, रवि पार्चा, आलोक, शिल्पी सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# लॉरेंस एकेडमी प्रांगण किया गया कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)** नगर के विख्यात लॉरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक शोएब मेवाती प्रबंधक सहीमुद्दीन मेवाती प्रधानाचार्य सतपाल और उप प्रधानाचार्य शिवांगी अहलावत एवं एनसीसी के विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की वीरता बहादुरी और बलिदान के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करके सभी उपस्थित जनों ने शहीदों को स्मरण करते हुए मौन धारण किया।

इस कार्यक्रम में टैगोर शिक्षा सदन की इंचार्ज शीना चौधरी अशोक सदन की इंचार्ज निधि जीवन वाल के नेतृत्व में उनके सदन के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत वीर रस की कविता स्लोगन नारे भाषण आदि प्रस्तुत किए। इसके उपरांत डायरेक्टर शोएब मेवाती ,प्रधानाचार्य एनसीसी प्रभारी व एनसीसी के विद्यार्थियों ने शादी शहीद स्मारक पर जाकर शहीद हुए जवानों का स्मरण करते हुए देशभक्ति कविताएं सुनाई एवं क्षेत्र के सेना में योगदान का वर्णन भी इस अवसर पर किया गया एवं पुष्प वर्जन भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों संबोधित करते हुए कहा कि हम राष्ट्र की एकता को मजबूत करने के लिए तन मन धन से देश की रक्षा करेंगे हम सब मिलकर यह संकल्प करेंगे कि हम हमेशा अपने परिवार समाज विद्यालय व देश में स्वच्छता अभियान







एवम कानून का पालन तथा अपने कर्तव्यों का पालन करके देशभक्ति का परिचय देंगे कार्यक्रम के समापन के अवसर पर डायरेक्टर एवं प्रबंधन ने देश पर बलिदान शहीदों के माता-पिता को धन्य बताते हुए कहा कि जिन्होने ऐसे वीर सपूतों को जन्म देकर कारगिल विजय दिलाई और विद्यार्थियों के मन में देशभक्ति की भावना प्रेरित व देश की रक्षा करने का आशीर्वाद देकर इस कार्यक्रम का समापन किया।

इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थिति रहे।

# फर्जी नाम से तहसील दिवस में सभासद की शिकायत, सभासद ने डीएम से जांच कर कार्यवाही की मांग की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहँगीराबाद।** नगर पालिका के वार्ड 15 के सभासद के खिलाफ तहसील दिवस में फर्जी नामों से शिकायती पत्र देने का मामला सामने आया है। बात तब खुली जब शिकायती पत्र जिन लोगों के नाम से दिया गया था उन्होंने ऐसे किसी शिकायती पत्र देने से ही इंकार कर दिया। सभासद रोबिन चौधरी ने अब जिलाधिकारी को पत्र लिखकर फर्जी नामों से शिकायत करने वाले व्यक्ति के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीती 22 जुलाई को लगभग आधा दर्जन लोगों के हस्ताक्षरयुक्त एक शिकायती



पत्र वार्ड नम्बर 15 के सभासद रोबिन चौधरी के खिलाफ तहसील दिवस में दिया गया था। जिसमें उस पर ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे करवाने और विरोध करने पर पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। मामले में जब जांच बैठी तो शिकायती पत्र में जिन लोगों के नाम थे उनमें से कुछ लोगों ने अधिशासी अधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर शिकायती पत्र देने की बात से ही इंकार कर दिया। जिसके बाद सभासद रोबिन चौधरी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मामले की जांच करने की मांग की है। वही सभासद रोबिन चौधरी की माँ मुन्नी देवी ने मीडिया से कहा कि जब से मेरा बेटा मेम्बर बना है तभी से मेरे बेटे के लिछे कुछ लोग लग गए हैं और आय दिन उसे मारने व झूठे आरोप लगा कर शिकायत बाजी करते हैं, उन्होंने आलाधिकारियों से अपने बेटे की जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह व एसएसपी श्लोक कुमार ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह व एसएसपी श्लोक कुमार ने जेल में बंद बंदियों के लिए जेल प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्था का जायजा लिया। बंदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता के बारे में भी बंदियों से जानकारी ली गई, कोई समस्या संज्ञान में नहीं लाई गई। तन्हाई बैरक, महिला बैरक का भी निरीक्षण करते हुए बंदियों से जेल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओ के बारे में जाना गया। बंदियों के द्वारा कोई समस्या संज्ञान में नहीं लाई गई। बंदियों से मुलाकात करने आए परिजनों से भी वार्ता की। जेल अधीक्षक को जेल में शासन के निर्देशानुसार सभी आवश्यक व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सिकंदराबाद रेनू सिंह, सीओ पूर्णिमा सिंह, जेल अधीक्षक, जेलर उपस्थित रहे।





# शिक्षा सप्ताह" के अन्तर्गत शिक्षा की महत्ता पर एक सेमिनार आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** मुस्लिम इंटर कॉलेज बुलंदशहर में "शिक्षा सप्ताह" के अन्तर्गत शिक्षा की महत्ता पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत अध्यापकों ने छात्रों को उनके जीवन में शिक्षा महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य मोहम्मद खालिद ने छात्रों को बताया कि यदि आप शिक्षित हैं तो आप अपने समाज और अपने देश की उन्नति और खुशहाली में एक विशेष योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम में हिन्दी प्रवक्ता आजम खान, भूपेश कुमार, जहीन अहमद , इमरान खान, डा0 जमील अहमद ने अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का संचालन सय्यद शहजाद हुसैन ने किया।








# सड़क हादसे में हुई होमगार्ड की मौत, परिवार में छाया मातम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** हाईवे अब मौत का हब बन चुका है यहां आए दिन लोगों की जाने जा रही है इसका एक मुख्य कारण वाहनों का अनियंत्रित एवं वाहन स्वामियों का वाहनो को स्पीड से भगाना है।

इसी क्रम में नगर कोतवाली में तैनात होमगार्ड मोहम्मद उमर पुत्र जान मोहमद निवासी ग्राम मिट्ठुपुर निवासी की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक मोहम्मद उमर नगर कोतवाली से अपनी ड्यूटी करके अपने ग्राम लौट रहा था तभी एक अनियंत्रित कार ने पीछे से उसको टक्कर मार दी टक्कर इतनी भयानक थी की उमर सड़क पर ही गिर पड़ा और उसको काफी गंभीर चोट आई हैं उसकी हालात सीरियस देखते हुए मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उसको मृत घोषित कर दिया गया ! मृतक मोहम्मद उमर एक निर्धन परिवार से था जिसने अपने पीछे पूरा परिवार छोड़ा है उसके परिवार में उसके अतिरिक्त उसके परिवार चलाने वाला कोई नहीं है उसकी मृत्यु होने से उसके परिवार के सामने एक बहुत बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है ! मृतक के चाचा दीन मोहम्मद ने तहरीर देकर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही कराने की गुहार लगाई है।



**आरोप** आरोपियों से साठगांठ कर ठगी की धारा में मुकदमा दर्ज नहीं करने का पुलिस पर लगाया आरोप

# आस्था लाइफ कार्पोरेशन केयर के नाम से महिलाओं से ठगी करने वालों के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** विधानसभा तहसील के अन्तर्गत आस्था कम्पनी में महिलाओं से 8 हजार रुपए जमा करने के एवज में करोड़ों का लालच देकर 1 हजार रुपए देकर फूलमाला पहनाकर सम्मानित करके लाखों की ठगी का महिलाओं ने आरोप लगाया है।

शुक्रवार को सुबह से ही कोतवाली डिबाई में क्षेत्र की महिलाओं का जमावड़ा लग गया। महिलाओं की समस्या के बारे में मीडिया कर्मी ने पूछताछ करने पर महिलाओं ने बताया कि काफी समय से आस्था लाइफ कार्पोरेशन ने क्षेत्र की महिलाओं को लालच देकर अपना एजेंट बनाया था और महिलाओं से 8 हजार रुपये जमा करवाकर लाखों रुपये देने का वादा भी किया लेकिन केवल आश्वासन देते रहे और कार्यालय बंद करके चंपत हो गयें जब इस बात की खबर क्षेत्र की महिलाओं को जानकारी प्राप्त हुई कि जिस आस्था कम्पनी में हमने लाखों रुपये जमा करें वो भाग गयीं तो कम्पनी से जोडने वाले व्यक्ति राजेंद्र कुमार व पत्नी भगवान देवी निवासी सहावर को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया गया दोनों पति पत्नी आलीशान 3 गाड़ियों में क्षेत्र में घूमता था और सभी महिलाओं को लालच देकर कहता था कि आप सभी क्षेत्र की महिलाओं को आस्था लाइव कार्पोरेशन में जुड़वां दो आप भी हमारी तरह



ऐशोआराम की जिन्दगी काटोगें। कोतवाली पर इकट्ठा होकर महिलाओं ने कहा कि आस्था कम्पनी में हमें जोड़ने का श्रेय राजेंद्र कुमार व उसकी पत्नी भगवान देवी का रहा है हमारी कोई जानकारी आस्था लाइफ केयर कार्पोरेशन के फ्रोड कर्मचारियों से नहीं होती अगर ये दोनों और इनका बेटा पारश हमें भरोसा नहीं देते महिलाओं ने बताया कि ये लोग आस्था में पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ काम का दावा करते थे और उनके साथ फोटो खिचवाकर फेसबुक एवं महिलाओं को साझा किया करते थे महिलाओं ने डिबाई पुलिस पर आरोप लगाया कि हमारी कोई सुनने के लिए तैयार नहीं है हमें इनकी चल अचल संपत्ति को कब्जे में लेकर हमारे पैसे वसूल करायें जायें जिससें भविष्य में ऐसी फ्रोड कम्पनियों पर पाबंदी लग सकें। शाम को महिलाओं को आरोपियों को शान्ति भंग में चालान होने की भनक लगते ही कुछ महिलाएं टेम्पो में बैठकर तहसील कार्यालय पहुंच गई और महिलाओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करनी शुरू कर दी। महिलाओं ने पुलिस से कहा कि जिस कम्पनी में कार्य करने वालों के खिलाफ शांति भंग में मुकदमा दायर किया गया। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से महिलाओं को समझाया और जांच करने का आश्वासन दिया जिस पर महिलाओं ने ठगी का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की बात की।

# कारगिल विजय दिवस पर विद्यालय परिवार ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ककोड़।** केशव माधव सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककोड में कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार मिश्र जी एवं मुख्य वक्ता आचार्य श्री अवधेश कुमार मीणा जी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में विद्यालय परिवार ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के एनएसएस एवं 39 यूपी बटालियन एनसीसी खुर्जा ग्रुप हैडक्वाटर अलीगढ़ के एनसीसी कैडेट ने अपने विद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर कारगिल डॉक्युमेंट्री मूवी देखी इस कार्यक्रम में एस डी एनसीसी के लेफ्टिनेंट उमेश कुमार पांडेय तथा जेडी सीटीओ जितेंद्र सिंह, जे डब्ल्यू सीटीओ मनीषा जी उपस्थित रहे। छात्र एवं छात्राओं ने कारगिल में शहीदों के त्याग और बलिदान का बखान किया, भाषण तथा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति की। आचार्य श्री अवधेश कुमार मीणा जी ने कारगिल युद्ध की संपूर्ण जानकारी दी। प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार मिश्र जी ने सभी छात्र एवं छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि देश हित में सभी देशवासियों के मन में देशभक्ति की भावना का होना अत्यंत आवश्यक है।

# नोएडा प्राधिकरण ने अवैध कब्जे पर चलाया बुलडोजर,15 करोड़ की जमीन कराई मुक्त

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा प्राधिकरण अवैध तरीके से जमीन पर कब्जा करने वाले भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। अब तक करोड़ों रुपए की जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जा चुका है।प्राधिकरण की ओर से अवैध निर्माण को हटाने का अभियान लगातार जारी है। शुक्रवार सुबह प्राधिकरण की टीम ने सेक्टर-44 में अभियान चलाकर करीब तीन हजार वर्गमीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। बीते कई दिनों से चल रहे अभियान के तहत नोएडा प्राधिकरण ने 2020 से लेकर अब तक करीब 2000 करोड़ की जमीन अवैध कब्जा मुक्त कराई है। भूमाफिया इस जमीन के चारों ओर बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा कर रहे थे। ये जमीन प्राधिकरण के मास्टर प्लान 2031 में शामिल है। यह जमीन आवासीय श्रेणी में आती है।



प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-44 के सदरपुर गांव में करीब तीन हजार वर्ग मीटर जमीन प्राधिकरण अधिसूचित और कब्जा प्राप्त जमीन है। भू माफियाओं ने इस जमीन के चारों ओर बाउंड्री कराकर गेट लगा दिया था। जब प्राधिकरण को इसकी जानकारी मिली तो नियमानुसार पहले नोटिस जारी कर इसे तत्काल हटाने को कहा गया। जब उन्होंने कब्जा नहीं छोड़ा तो शुक्रवार सुबह प्राधिकरण 50 लोगों की टीम और बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची। जब तक अतिक्रमणकर्ता कुछ समझता प्राधिकरण ने बाउंड्री वॉल और गेट को तोड़ते हुए जमीन पर कब्जा कर लिया। इस जमीन की कीमत करीब 15 करोड़ रुपए आकी जा रही है। बता दें कि नोएडा प्राधिकरण 2020 से अब तक करीब 5 लाख वर्गमीटर जमीन को कब्जा मुक्त करा चुका है। इसकी कीमत करीब 2 हजार करोड़ रुपए के आसपास है।

# मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा ।** शुक्रवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकताओं ने बुलंदखेडा व जुनेदपुर गांव के मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग करते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीनियर मैनेजर राम चरण सिंह को ज्ञापन सौंपा।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कोर कमेटी सदस्य मास्टर दिनेश नागर व जिला उपाध्यक्ष कुलबीर भाटी ने बताया कि बुलंदखेड़ा व जुनेदपुर को जाने वाले मुख्य मार्ग पर कई मकान बने हुए है तथा हजारों लोग रोजाना इस मार्ग से निकलते है लेकिन स्ट्रीट लाइट नही होने की वजह से शाम के समय या रात को लोगो में भय व्याप्त रहता है तथा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि शुक्रवार को मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगवाने के संबंध में ज्ञापन सीनियर मैनेजर राम चरण सिंह को सौंपकर जल्द से जल्द लाइट लगवाने की मांग की। इसके साथ साथ संगठन ने स्कूलों व शमशान घाट में हाई मास्ट लाइटों का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग की।



# किसान डिग्री कॉलेज में कालेज में शिक्षकों ने किया पौधारोपण, छात्र-छात्राओं ने भी लिया पौधारोपण में भाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली किसान डिग्री कालेज के परिसर में शुक्रवार को शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण किया। इस मौके पर सभी मौजूद लोगों ने रोपे गए पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।वहीं कालेज परिसर में पीपल,बरगद, सीसम, अशोक और नीम के पौधे रोपे गए।शिक्षकों ने प्राचार्य विजय गर्ग को तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया। कॉलेज के प्राचार्य विजय गर्ग ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी है।

**अच्छे स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी**



वहीं पौधारोपण के बाद उनकी देखभाल करना भी जरूरी है।इसलिए सभी को एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस मौके पर डा चारू, डा नीलम,डा गिरिश कुमार और छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

# उत्तर भारत के सफल उद्योगपति के रूप में संजीव गुप्ता को किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** समरकूल की ओर से प्रतिनिधि के रूप में अजय माथुर ने प्राप्त किया सांसद मनोज तिवारी से प्रतीक चिन्ह दिल्ली स्थित होटल "हालीडे इन" में दैनिक जागरण की काफी टेबल बुक "वोकल फार लोकल" के विमोचन अवसर पर आयोजित किया गया था सम्मान कार्यक्रम ।

बृहस्पतिवार को दिल्ली के मयूर विहार स्थित होटल हालीडे इन में काफी टेबल बुक वोकल फार लोकल का विमोचन किया गया। जिसमें उत्तर भारत के उन 25 सफल उद्योगपतियों को सम्मिलित किया गया, जिन्होंने अपने दम पर फर्श से अर्श तक का सफर करते हुए उद्योग जगत में अपना नाम उच्च शिखर पर स्थापित किया है। इसमें समरकूल होम एप्लायसेंज लिमिटेड के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता का नाम मुख्य रूप से सम्मलित रहा ।







इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि उघोग जगत देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं। तथा आपकी सफलता पर ही देश की प्रगति निर्भर होती है। एनडीए की सरकार ने उघोगपतियों की अनेकों कठिनाइयों को दूर किया है। ताकि नयी उघोग ईकाइयों को लगाने और स्थापित उघोगों को सुलभता प्रदान की जा सके। इस अवसर पर समरकूल के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता की ओर से प्रतिनिधि के रूप में अजय माथुर ने सम्मान प्रतीक चिन्ह प्राप्त किया।

# अन्य पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों को 'ओ' लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण के सम्बंध में बैठक आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियों के लिए संचालित 'ओ' लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ऑनलाइन संचालित की जा रही है। वर्ष 2024-25 में इस योजना के अन्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त एवं जनपद में चयनित संस्थाओं द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के युवक,युवतियों को 'ओ लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराया जाना है। जनपद के अन्य पिछडे वर्ग के युवक,युवतियों द्वारा प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन किये जाने की तिथि 11 जुलाई, 2024 से 05 अगस्त, 2024 तक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट http://backwardwelfareup.gov.in पर दिये गये लिंक एवं obc-computertraining.upsdc.gov.in से निर्धारित प्रारुप पर युवक/युवतियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इस हेतु दिशा-निर्देश,समय सारणी उक्त बेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी गयी है। आवेदन करने के उपरान्त युवक, युवतियों द्वारा ऑनलाइन भरे गये आवेदन की प्रति डाउनलोड कर प्रिन्ट आउट प्राप्त कर हस्ताक्षरित करते हुए समस्त अभिलेखों तथा उपलब्ध संसाधनों से सम्बन्धित वितरण सहित जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी गाजियाबाद के कार्यालय में 05 अगस्त, 2024 तक सायः 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से हार्ड कॉपी उपलब्ध करायेगें। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ संलग्न अभिलेखों में यदि कोई सूचना , तथ्य त्रुटिपूर्ण,गलत,फर्जी पाये जाते है, तो इसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्रशिक्षणार्थियों का होगा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के पास ऐसे आवेदनों को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के उपरान्त ऐसे आवेदनों पर पुनः विचार नहीं किया जायेगा।

**अन्य पिछडा वर्ग के युवक/युवतियां प्रशिक्षण हेतु 05 अगस्त, 2024 तक ऑनलाइन करें आवेदनः पीयूष चन्द्र राय**



# कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर भाजपाईयों ने मसाल जुलूस निकालकर वीर सैनिको को दी श्रृद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** भारतीय जनता पार्टी ने महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व और महानगर युवा मोर्चा की अगुवाई में साहिबाबाद में शालीमार गार्डन शहीद पथ पर कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मनाते हुए मसाल जुलूस निकालकर वीर सैनिको को दी श्रृद्धांजलि देने का काम किया। मशाल जुलूस से पहले कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि आज हम सब यहां कारगिल विजय दिवस जो कि पूरे देश के लिए गर्व का दिन है के लिए एकत्र हुए हैं इस अवसर को देश के समर्पित करने वाले सभी जाबांज सैनिक भाईयों को शीश झुकाकर प्रणाम करते हैं और जिन्होंने इस अवसर को पाने के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा दी उनको अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं ।उन्होंने कहा कि लगभग 3 महीने तक चले भारत-पाक कारगिल युद्ध के दौरान हमारे वीर सैनिकों ने 26 जुलाई 1999 को कारगिल में विजय प्राप्त की इस वर्ष कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भाजयुमो महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने बताया कि कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज 25 जुलाई को 2000 युवाओं के साथ मशाल जुलूस निकालकर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर महामंत्री पप्पू पहलवान, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित महानगर पदाधिकारी , मोर्चा पदाधिकारी ,मंडल पदाधिकारी आदि उपस्थित रहें। महामंत्री पप्पू पहलवान के वार्ड में आयोजन सम्पन्न होने पर सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।





# राष्ट्रीय भागीदारी दिवस के अवसर पर उतर प्रदेश अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस ने लखनऊ में की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राष्ट्रीय भागीदारी दिवस पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शहनवाज आलम ने जातिगत जनगणना कराने और आरक्षण पर लगीं 50 प्रतिशत की पाबंदी को हटाने की मांग की । शहनाज आलम ने कहा कि पूरे प्रदेश में जातिगत जनगणना और आरक्षण पर 5० प्रतिशत की पाबंदी हटाने की मांग को लेकर अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रीय भागीदारी दिवस पर नेहरू भवन कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित जातिगत जनगणना कराओ कार्यक्रम में जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष सलीम सैफी और महानगर अध्यक्ष सैयद वली हसन के नेतृत्व में अल्पसंख्यक कांग्रेस के कार्यकताओं ने भाग लिया।




# स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत डिवाईस (स्मार्ट फोन/टैबलेट) वितरण करने हेतु बैठक आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन, गाजियाबाद में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत जिला समन्वयक को डिवाईस (स्मार्ट फोन,टैबलेट) वितरित करने की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने निर्देश दिए कि जनपद में आगामी सप्ताह में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत डिवाईस (स्मार्ट फोन,टैबलेट) का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस वितरण कार्यक्रम में सभी संस्थाओं की सहभागिता अनिवार्य है। आज की बैठक में समीक्षा से स्पष्ट हुआ कि जनपद के शैक्षणिक संस्थान M.M.H. COLLEGE, KIET GROUP OF INSTITUTIONS(KRISHNA INSTT. OF ENGG.& TECHNOLOGY), ABES ENGG.COLLEGE & ABES INSTITUTE OF TECHNOLOGY, GHAZIABAD द्वारा वितरण में लापरवाही बरती जा रही है, जो उचित नहीं है। जनपद की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि आपकी संस्था को जितनी डिवाईस प्रदान की गई है उन सभी प्रशिक्षणार्थियों को वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग कराना है। जनपद की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि डिजिशक्ति पोर्टल पर दर्ज समस्त प्रशिक्षणार्थियों की संख्या के सापेक्ष शतप्रतिशत छात्रों को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के सम्बंध में अनिवार्य रूप से अवगत कराये।



बैठक में जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक (यू0पी0एस0डी0एम0)/ प्रधानाचार्य नोडल आई0टी0आई0 उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, गाजियाबाद, एम0आई0एस0 मैनेजर, डी0पी0एम0 एवं डाटा ऑपरेटर एवं जनपद के शैक्षणिक संस्थानों के प्रबन्धक प्रधानाचार्य उपस्थित रहें।

**बैठक** वर्चुअल माध्यम से धर्मेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार/केन्द्रीय नोडल अधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# जल शक्ति अभियान, कैच द रेन-2024 के अन्तर्गत बैठक आहूत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जल शक्ति अभियान, कैच द रेन-2024 के अन्तर्गत दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई, जिसमें श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार/केन्द्रीय नोडल अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत वर्षा जल संचयन से सम्बन्धित कार्यों की 02 दिवसीय क्षेत्रीय भ्रमण की समीक्षा सेन्ट्रल नोडल अधिकारी द्वारा की गई।





तकनीकी अधिकारी द्वारा ड्रिप इरीगेशन द्वारा की जा रही सिंचाई की प्रशंसा की एवं साथ-साथ फसल के प्रकार के अनुसार बागवानी एवं सब्जियों के लिये अधिक उपयोगी बताई गई। जनपद में बनाये जा रहे अमृत सरोवरों को और अधिक संख्या में बनाये जाने का सुझाव दिया। एस0टी0पी0 द्वारा हिंडन के गंदे पानी को ट्रीट करके वापस हिन्डन में डालने वाले कार्य की सराहना की गई। इससे जल प्रदूषण में कमी आती है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के वाटर कन्जर्वेशन प्लान को प्रत्येक वर्ष जल शक्ति के पोर्टल पर अपलोड करते हुये कार्य कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में शेख महदूद हुसैन टेक्नीकल आफिसर सी0जी0डब्ल्यू0ए0 लखनऊ, हरिओम अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई गाजियाबाद, भारत भूषण अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, प्रदीप कुमार द्विवेदी जिला पंचायत राज अधिकारी, कु0निधि सिंह जिला उद्यान अधिकारी गाजियाबाद, सुधीर कुमार खण्ड विकास अधिकारी, विकास यादव उ0प्र0 आवास विकास, डा0 सलोनी सिंह ए0सी0एफ0 वन विभाग, श्री पवन कुमार भाटी डी0आई0ओ0एस0, एन0एम0 मिश्रा ई0ओ0 मोदीनगर, अंकिता राय हाइड्रोलाजिस्ट गौतमबुद्धनगर, श्रीमती विन्नी यादव खण्ड विकास अधिकारी लोनी, पियूष राय खण्ड विकास अधिकारी भोजपुर, शनवनीत गुप्ता जूनियर इन्जीनियर जल एनपीपी खोड़ा और लोनी के द्वारा प्रतिभाग लिया गया।

# एजी एनवायरों द्वारा महा अभियान अंतर्गत किया पौधारोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर ।** शुक्रवार को भारत युवा परिषद संस्था द्वारा पौधा रोपण महाभियां अंतर्गत नोएडा के सेक्टर 138 में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया।

इस मौके पर आदेश त्यागी ने कहा की हम सभी को रोड के किनारे फुटपाथ पर ज्यादा से ज्यादा फलों फलदार वृक्ष लगाने चाहिए जिससे कि आने-जाने वाले पैदल यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा फल मिल सके और वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं छाया देते हैंइस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान दे समाज में अच्छे कार्य करने वाले साथियों को सम्मान के रूप में पौधे भी भेंट किए। आदेश कौशिक (अध्यक्ष भारत परिषद ) जी ने सभी से आव्हान किया कि अपने वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित व उज्वल बनाने के लिए इस महाभियान से जुड़ें। इसलिए हम सभी को बरसात के टाइम वृक्षारोपण करना चाहिए इस नेक कार्य में दिनेश भाटी (मंडल अध्यक्ष कासना बीजेपी) राजेश सूरी (डे नाइट संस्था) , राहुल राठी ,तेजवीर भाटी, जोनी त्यागी, विक्रम भाटी, आशीष, दीपक भाटी, शहनवाज, पंकज (A.G एनवायरो), लक्की त्यागी, गीता त्यागी (महिला अध्यक्ष जिला गाजियाबाद), संजीव आदि शामिल रहे।



# स्वीडन में संपन हुई स्पेशल ओलम्पिक द गोठिया फुटबाल चैमपियनशिप 2024 की विजेता भारतीय टीम के खिलाड़ी व आनंद ट्रेनिंग सेंटर के छात्र आबिद खान का किया गया सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** स्वीडन में संपन हुई स्पेशल ऑलम्पिक द गोठिया फुटबाल चेपिनशिप 2024 की विजेता भारत की टीम के प्रमुख खिलाड़ी एवं आनंद ट्रेनिंग सेंटर के छात्र आबिद खान का ट्रेनिंग सेंटर में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी स्पेशल ओलम्पिक भारत उत्तरप्रदेश के फाईनेस एडवांइजर ललित जायसवाल मुख्यातिथि व ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्षा शिवानी जैन अथिति रही चैम्पियनशिप के फाईनल मैच के बारे में आबिद ने बताया की भारत की टीम ने डेनमार्क को हरा कर ट्राफी पर कब्जा किया है जिसमें उन्होंने भी गोल किया था। मुख्यातिथि ललित जायसवाल ने अपने सम्बोधन में कहा की आबिद ने न केवल आनंद ट्रेनिंग सेंटर बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया की इस टीम में उत्तरप्रदेश से आबिद के साथ ही कानपुर के भी एक खिलाड़ी ने प्रतिभाग किया था जिनके सम्मान में मथुरा में कार्यक्रम आयोजित किया जाना है जिसमें स्पेशल ओलम्पिक की राष्ट्रीय अध्यक्ष ड़ा. मल्लिका नड्डा मुख्यातिथि रहेंगी। ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष शिवानी जैन ने अपने सम्बोधन के माध्यम से ट्रेनिंग सेंटर के बच्चों को प्रोत्साहित किया कार्यक्रम में संस्था के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

**स्पेशल ओलम्पिक भारत उत्तरप्रदेश के फाईनेस एडवांइजर ललित जायसवाल व ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष शिवानी जैन ने आबिद खान को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया**






कार्यक्रम में प्रिसिपल सिस्टर उशस, मदरजी बेटसी, साइकलोजिस्ट संजीव कुमार, ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन के महासचिव सचिन सोनी,दिव्यांशु सिंघल,धीरज त्यागी, स्पीच थेरेपिस्ट सुनील यादव सेंटर के बच्चे, उनके अभिभावक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# संसदीय अध्ययन समिति के सभापति-एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी को युवा भाजपा नेता जितेन्द्र गौड़ ने दी बधाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी को विधान सभा सदन की समिति संसदीय अध्ययन समिति का सभापति बनाये जाने पर गाजियाबाद निवासी उनके प्रतिनिधि व युवा भाजपा नेता जितेन्द्र गौड़ ने बधाई दी। इस अवसर पर जितेन्द्र गौड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजप के सभी उच्च नेताओं का आभार जताते हुए?कहा कि विधायक सुरेन्द्र चौधरी को संसदीय अध्ययन समिति के सभापति बनाकर भाजपा ने उनके पूरे समाज को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी केसमिति संसदीय अध्ययन समिति का सभापति बनने के बाद पूरे प्रदेश में उनके समाज के लोगों में भारी खुशी है।



# गाजियाबाद में तीन बच्चों की मां ने मुस्लिम आशिक के लिए गंवा दी अपनी जान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** तीन बच्चों की मां करीब पांच साल पहले आलम के संपर्क में आई थी। उससे पहले उसका टीटू से तलाक हो चुका था। उस समय आलम विजयनगर के सम्राट चौक पर कार मकेनिक का काम करता था। बाद में उसने नोएडा में काम करना शुरू कर दिया और विजयनगर सेक्टर-9 में पूजा के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगा। आलम ने छह माह पूर्व पूजा के साथ निकाह करने की बात कही, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सना और आलम का तलाक चाहती थी पूजा आलम का पूजा से निकाह के बाद भी सना और अपने बच्चों से लगाव था। इसी बात पर आलम और पूजा के बीच अक्सर झगड़े होते थे। पूजा चाहती थी कि आलम पहली पत्नी को तलाक दे और सिर्फ उसके साथ रहे, लेकिन आलम ऐसा करने के लिए तैयार नहीं था। जब सना और उसके बच्चों को आलम की जरूरत होती थी तो वह कई-कई दिन तक पूजा से बात नहीं करता था। यही बात पूजा की जिंदगी पर भारी पड़ गई। 19 जुलाई को गंगनहर में फेंका था शव आलम अपने चार साल के बीमार बेटे को लेकर अस्पताल में था और पूजा ने इस पर नाराजगी जाहिर की थी। पूजा ने अस्पताल आकर आलम का इलाज करने की बात कहकर ही घर से निकली थी। आलम को लगा कि पूजा अस्पताल में पहुंचकर ड्रामा कर देगी, इसलिए उसने पूजा को अस्पताल पहुंचने से पहले ही कार में बैठा लिया और गंगनहर पटरी पर ले गया। उसके बाद 19 जुलाई को आलम ने पूजा को मारकर गंगनहर में फेंक दिया था। पुलिस को गुमराह करने का प्रयास आलम ने पूजा का शव ठिकाने लगाने के बाद खुद ही पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दे दी थी। बाद में 22 जुलाई को पूनम ने अपनी बहन पूजा के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराते हुए आलम पर ही शक जाहिर कर दिया। पुलिस ने इस शक को ही जांच का आधार बनाया और मामले की सच्चाई सामने आ गई।

शव बरामद करना बड़ी चुनौती पुलिस ने आलम के इकबालिया बयान पर मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन अब कोर्ट के सामने केस को स्थापित करने के लिए शव बरामद करना भी जरूरी है। बरसात के चलते गंगनहर उफान पर है। आलम को शव फेंके हुए भी छह दिन हो गए हैं। इतने दिनों बाद शव बहकर कहां पहुंच गया होगा, कहा नहीं जा सकता। इन परिस्थितियों के चलते पुलिस के सामने शव बरामद करना बड़ी चुनौती है।

# सनसनीखेज खुलासा : ढाई साल बाद पुलिस को बताया मां की हत्या का राज, पिता और भाई ने दी थी सुपारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** अभी पूजा को उसके पति द्वारा दी गई मौत की कहानी पुरानी भी नहीं हुई है, विजयनगर थाने से ही फिर एक पति के द्वारा पत्नी को ठिकाने लगवाने की खबर सामने आई है। थानाक्षेत्र के मिजार्पुर गांव से महिला बेशक ढाई साल से गायब है, लेकिन उसकी बेटी अब हिम्मत जुटाकर पुलिस को तहरीर दे पाई है। शादीशुदा फिजा अपने पति अरमान के साथ विजयनगर थाने पहुंची और पुलिस के सामने मां फिरदौस की मौत की पूरी कहानी बयां की। मामले में पुलिस ने पिता और चचेरे भाई समेत सात को नामजद किया है। हालांकि शव बरामद नहीं होने के कारण पुलिस ने हत्या की आशंका और अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। ढाई साल मां की हत्या का राज छिपाया फिजा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसकी मां फिरदौस 1 नवंबर, 2021 की सुबह मेरी बहन हुमैरा को स्कूल छोड़ने निकली थी। मां ने ऊमा मॉडर्न स्कूल में हुमैरा को तो छोड़ दिया लेकिन वापस नहीं लौटी। अगले दिन पिता इंतजार ने विजयनगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी, पुलिस के रिकॉर्ड में ढाई साल बाद भी फिरदौस गुमुशदा ही है, जबकि फिजा ने तभी अपने पिता और भाई के बीच हुई बातचीत सुनकर यह जान लिया था कि उसकी मां अब इस दुनिया में नहीं है और वह यह भी समझ चुकी थी कि मुंह खोला तो पिता और मां मेरा भी यही हश्र करेंगे। फिजा का कहना है कि उसने यह बात उस समय बहन सिमरन को जरूर बताई थी लेकिन यह भी समझा दिया था कि इस समय मुंह खोलने का मतलब जान से हाथ धोना होगा।

**पिता शराबी, भाई रखता था गलत नजर फिजा का कहना है कि उसके पिता इंतजार शराबी हैं**

**किराए के हत्यारों से मरवाया था मां को**

फिजा ने तहरीर में बताया है कि पिता और भाई ने मां की हत्या की सुपारी गांव के ही सोनू, परवेज, जेपी उर्फ अरशद, नौशाद और सलीम को दी थी।पिता ने मां को ठिकाने लगाने के लिए एक प्लॉट बेचकर पैसे का इंतजाम किया था। फिजा को यह बात भी पिता और भाई की गुफ्तगू से पता चल गई थी, वो कह रहे थे कि प्लॉट तो गया पर काम ठीक हो गया। उन लोगों ने शव भी ऐसी जगह फेंका है, जहां कोई न ढूंढ पाए। फिरदौस अब गुमशुदा ही रहेगी।

पिता शराबी, भाई रखता था गलत नजर फिजा का कहना है कि उसके पिता इंतजार शराबी हैं। मां को खर्च के लिए पैसे तक नहीं देते थे।

इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद रहता था। मां ने हारकर कोर्ट से खर्च दिलवाने की गुहार लगाई थी। चचेरा भाई शादाब मां-पिता के संबंधों की खटास का फायदा उठाता था और मुझ पर गलत नजर रखता था। चचेरे भाई ने भाड़े के हत्यारों से मां की हत्या का सौदा किया था। फिजा और उसकी बहन सिमरन ढाई साल तक डर के चलते चुप रहीं। अब फिजा ने पुलिस को तहरीर दी है ताकि मां के कातिलों को सजा मिल सके। मां के भाग जाने की अफवाह उड़ाई फिजा का कहना है कि पिता और चचेरे भाई ने मामले पर पर्दा डालने के लिए यह अफवाह उड़ाई थी कि उसकी मां किसी के साथ भाग गई है। एक दिन फिजा ने अपने पिता और शादाब को बात करते सुना कि सोनू, परवेज, जेपी उर्फ अरशद, नौशाद और सलीम को पैसे देकर फिरदौस को उठवाकर मरवा दिया है और ऐसी जगह लाश ले जाकर फेंकी है कि कोई तलाश भी नहीं कर सकता। फिजा की शिकायत पर विजय नगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

# डॉग बाइट से गई मासूम की जान, टीका भी रहा बेअसर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कुत्ते के काटने के एक माह बाद मासूम की जान चली गई। एंटी रेबीज टीका भी उसकी जान बचाने में नाकाम रहा।

यह खबर जिसने भी सुनी सिहर कर रह गया। रो- रोकर परिवार का बुरा हाल है, उनके सगे संबंधी ह्वोनी को कौन टाल सकता है, जैसी बात कर परिवार का ढाढंस बंधाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन माता-पिता का बस एक सवाल सबको निरुत्तर कर देता है, उस मासूम ने किसी का क्या बिगाड़ा जो भगवान ने इतनी जल्दी उसे अपने पास बुला लिया। चेहरे, गर्दन और छाती पर किए थे वार भोजपुर ब्लॉक के बढायला गांव में शिव ?कुमार अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके तीन साल के मासूम नित्यांश पर 25 जून की शाम को घर के बाहर ही एक अवारा कुत्ते ने भयंकर हमला कर दिया था। कुत्ते ने उसके चेहरे गर्दन और छाती पर कई वार कर लहुलुहान कर दिया था। परिवार के लोग तत्काल उसे एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने इम्यूनोग्लोबिन रेबीज सीरम लगाया था। दूसरी और तीसरी डोज नित्यांश को भोजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दिलाई गई थीं। लेकिन समय के साथ बच्चे में रेबीज के लक्षण बढ़ने लगे। शिवकुमार इस हॉस्पिटल से उस हॉस्पिटल दौड़ते रहे।



मेरठ मेडिकल से एम्स भी किया रेफर

शिवकुमार नित्यांश को लेकर मेरठ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। डाक्टरों ने देखा बच्चा पानी से बहुत डर रहा है, उसके मुंह से झाग निकल रहे हैं और डॉग बाइट से खून रिस रहा है। डाक्टरों ने जान लिया कि रेबीज का असर बच्चे पर हावी होता जा रहा है।डाक्टरों ने बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे एम्स, दिल्ली के लिए रेफर कर दिया। एम्स के डाक्टरों ने भी माना रेबीज का असर भयंकर हो चुका है। अब कुछ नहीं हो सकता। एम्स के डाक्टरों के हाथ खड़े कर देने के बाद क्या बचता है, यह ?ी सोचकर परिजन नित्यांश को लेकर घर लौट आए। घर पहुंचने से पहले ही मासूम परिवार को सिसकता छोड़ इस दुनिया से चला गया।

शरीर के ऊपरी हिस्से में जल्दी और तेज होता रेबीज का असर : डा. संतरामजिला एमएमजी चिकित्सालय में वरिष्ठ फिजीशियन डा. संतराम बताते हैं कि डॉग बाइट यदि शरीर के ऊपरी हिस्से में हो तो ज्यादा खतरनाक होती है। चेहरे और गर्दन पर कुत्ता काटे तो ऐसे मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। क्योंकि इस पीड़ित के पास समय बहुत कम होता ह?। रेबीज जल्दी फैलता है। एंटी रेबीज वैक्सीन (एआरवी) के मामले में डाक्टर संतराम का कहना है कि 24 घंटे के भीतर एआरवी 99 प्रतिशत मामलों में एंटी रेबीज सुरक्षा प्रदान कराता है।

एआरवी लगवाने में भूलकर भी कोई लापरवाही न करें। ऐसा सोचना गलत है कि टीका लगने के बाद भी नित्यांश की जान नहीं बची तो टीका बेअसर हो गया, हर मामले में कुछ अलग परिस्थितियां भी हो सकती हैं।

# चार दोस्तों ने नहर में कूदे एक युवक को बचाया, डॉक्टरों ने पुलिस केस बताकर दौड़ाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** डूंडाहेड़ा में रहने वाला युवक नोएडा की एक एक्सपोर्ट कंपनी में काम करता है। उसकी माली हालत अच्छी नहीं है। कर्ज बढ़ने से परेशान होकर जान देने मसूरी गंगनहर पहुंच गया और पुलिस से छलांग लगा दी। उसे डूबते देख पास से गुजर रहे चार दोस्त उसे बचाने के लिए नहर में कूद पड़े। चारों नाहल गांव के रहने वाले हैं और तैरना जानते हैं। करीब 50 मीटर बहने के बाद चारों ने मिलकर युवक को बाहर निकाल लिया। युवक की तबियत बिगड़ने लगी थी। उपचार के लिए चारों उसे लेकर डासना सीएचसी पहुंचे, लेकिन डाक्टरों ने पुलिस केस बताकर उसका उपचार करने से मना कर दिया। सीएचसी से बैरंग लौटकर मसूरी थाने पहुंचे और पुलिस से जरूरी कागज लेकर फिर डासना सीएचसी जाकर उपचार कराया। शाम के समय उसके परिजन पहुंच गए, हालत में सुधार होने पर परिजन युवक को अपने साथ ले गए।

**कर्ज से परेशान था युवक**

युवक के बताया कि इस कर्ज से परेशान होकर जान देना चाहता था। बुधवार सुबह लगभग नौ बजे वह घर से नौकरी पर जाने की बात कहकर निकल आया था और मसूरी स्थित गंगनहर पर पहुंच गया। पुल पर पहुंचकर युवक ने गंग नहर में छलांग लगा दी। नाहल निवासी मोबीन, सलीम, दानिश और बाबू ने उसे डूबते देख लिया। चारों ने युवक को गंग नहर में डूबते देख छलांग लगा दी।

करीब 50 मीटर आगे जाकर चारों ने युवक को नहर से निकाला। युवक की हालत खराब हो चुकी थी। डाक्टर बोले पुलिस केस है, पुलिस के पास जाओ सलीम ने बताया कि चारो उसे तुरंत सीएचसी डासना ले गए, लेकिन डाक्टरों ने पुलिस केस बताते हुए प्राथमिक उपचार देने से भी साफ इंकार कर दिया। इस पर चारों दोस्त युवक को लेकर मसूरी थाने पहुंचे। हालांकि थाना पुलिस ने मानवता दिखाई और तुरंत की युवक को भर्ती करके उपचार और मेडिकल करने संबंधी चिट्ठी बनाकर दे दी। चारों दोस्त फिर से युवक को लेकर डासना सीएचसी पहुंचे, जिसके बाद युवक को प्राथमिक उपचार मिल सका और उसकी जान बच गई। जानकारी पाकर दौड़े परिजन जानकारी पाकर पर युवक के परिजन भी सीएचसी डासना पहुंच गए और हालत में सुधार होने पर उसे घर ले गए। सलीम ऑटो चालक है और दानिश क्रेन चलाता है। जबकि मोबीन और बाबू मजदूरी करते हैं। जब युवक ने पुल से छलांग लगाई तो मोबीन और बाबू मजदूरी के लिए सलीम का ऑटो लेने पुल के पास पहुंचे थे। युवक को बचाने में गिर गया मोबीन का मोबाइल युवक को बचाने में मोबीन का मोबाइल और खाना नहर में गिर गया। मोबीन का कहना है कि बह रहे युवक की जान बच गई, इससे अच्छा क्या हो सकता है मैं किसी की जान बचाने में सहयोग कर पाया। मोबाइल वह फिर लू लूंगा ।

# 27 जुलाई को आवासीय वृद्धाश्रम दुहाई में ग्लोबल हैप्पीनेस फाउंडेशन लगाएगा निशुल्क मेगा स्वास्थ्य कैम्प

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** ग्लोबल हैप्पीनेस फॉउंडेशन गाजियाबाद के दुहाई स्थित आवासीय वृद्धाश्रम में मेगा स्वास्थ्य कैम्प आयोजित करने जा रहा है। कैम्प 27 जुलाई दिन शनिवार को सांय 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित किया जायेगा। कैम्प के आयोजक संस्था के चेयरमैन डॉ सुनील दत्त और डायरेक्टर राधिका राजपूत ने बताया कि उनकी संस्था हर महीने वृद्धाश्रमों में जाकर स्वास्थ्य कैम्प लगाती है और वहां रह रहे वृद्धों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और दवाएं आदि वितरित करती है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को करने से उन्हें बेहद खुशी मिलती है। अपनों से दूर रह रहे इन वृद्धों के चेहरे पर हम मुस्कान ला पाएं यह हमारे और हमारी संस्था के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अन्य लोगों से भी वृद्धों के लिए आवश्यकता की वस्तुएं जैसे दवाई, चलने की छड़ी, वॉकर आदि दान देने की अपील की है।




# चोरों के हौसले बुलंद : शातिरों ने नमो भारत ट्रेन को भी नहीं छोड़ा, ट्रैक से केबल चुरा ले गए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शातिरों ने एनसीआरटीसी की सुरक्षा व्यवस्था को भी धता बताने का काम किया है। हाईटेक सर्विलांस भी इन शातिरों के आगे कुछ नहीं कर पाया।

मुरादनगर थाने में एनसीआरटीसी की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमें से तो ऐसा ही प्रतीत होता है। चोर नमो भारत ट्रेन के ट्रैक से केवल काटकर ले गए हैं। पुलिस इन शातिर चोरों को तलाशने के लिए खाक छानती फिर रही है। 1149 मीटर केबल काट ले गए शातिर मुरादनगर थाने में दर्ज हुई एफआईआर के मुताबिक शातिर चोर 1149 मीटर केबल काटकर ले गए, इसके अलावा 136 केवल क्षतिग्रस्त कर मौके पर ही छोड़ गए। चोरों ने पिलर नंबर 945 से 951 के बीच 3.3 किलोवाट का केबल उड़ा दिया। एनसीआरटीसी ने ट्रैक की सर्विलांस और बेहतर करने के प्रयास शुरू कर दिए है ताकि भविष्य में कोई ट्रैक की ओर जाने की जरूरत करे तो तत्काल धर लिया जाए।

# आचार्य प्रमोद कृष्णम का बड़ा बयान : फिल्म 'कल्कि' ने किया सनातन के मूल्यों से खिलवाड़, विवादों में फंसी मूवी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बॉक्स आफिस पर धूम मचा रही फिल्म 'कल्कि 2898 AD' विवादों में फंसती नजर आ रही है। एक माह से भी कम समय में फिल्म 1000 करोड़ से ऊपर कलेक्शन कर चकी है। इसके फिल्मांकन पर कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कड़ी आपत्ति जाहिर की हैं। उनके गाजियाबाद कार्यालय से पर जारी वीडियो में आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा है कि सनातन के मूल्यों से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। भारत भावनाओं और संस्कृति का देश है। सनातन, संस्कृति, सभ्यता और संस्कार के साथ-साथ सनातन धर्म के शास्त्रों से छेड़छाड़ बर्दाशत नहीं की जा सकती। हमारी आस्था के केंद्र में हैं कल्कि भगवान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा है कि श्री कल्कि नारायण भगवान हमारी आस्था के केंद्र में हैं। यह फिल्म कल्कि भगवान के विषय में पुराणों में वर्णित फैक्ट्स के विरुद्ध जाती है। इस बात से हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है। इसलिए हमारी कुछ आपत्तियां हैं, किसी भी कीमत पर सनातन धर्म और शास्त्रों से खिलाफ की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा है किन हिंदुओं की भावनाओं से खिलवाड़ करना फिल्म मेकर्स का फैशन बन गया है। फिल्म मेंकर्स को लीगल नोटिस भेजा गया है, उनके जवाब की प्रतिक्षा है। जवाब न मिलने पर अदालत जाएंगे, लेकिन आस्था से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। संभल में अवतार लेंगे कल्कि भगवान आचार्य श्री का कहना है श्री कल्कि नारायण भगवान के बारे में पुराणों में स्पष्ट वर्णन है। भगवान विष्णू कल्कि भगवान के रूप में संभल में अंतिम अवतार लेंगे। उसके बाद कोई अवतार नहीं होगा। पुराणों में कल्कि भगवान के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है, उसी के आधार पर भगवान कल्कि के अवतार लेने से पूर्व संभल में कल्कि धाम की स्थापना की गई है। पिछले वर्ष 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्कि धाम का शिलान्यास किया है।




अधिवक्ता उज्जवल आनंद शर्मा ने भेजा है लीगल नोटिस नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म 'कल्कि 2898 AD' के निमार्ताओं को कल्कि पीठाधीश्वर और पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम की ओर से उनके अधिवक्ता उज्जवल आनंद शर्मा ने फिल्म मेकर्स को नोटिस भेजा है। पर वायरल नोटिस में Vyjayanthi Entertainments and Properties Pvt. Ltd.और Vyjayanthi Movies को पार्टी बनाया गया है। नोटिस के जरिए फिल्म मेकर्स को जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।

**डायवर्जन** मोहननगर, मेरठ तिराहा, राजनगर एक्सटेंशन, हापुड़ चुंगी की ओर से मेरठ रोड पर केवल मेरठ जाने वाली लेन में 29 तारीख तक आवागमन कर सकेंगे

# कांवड़ यात्रा के चलते ट्रैफिक डायवर्जन बढ़ने वाला है, 27 के बाद हल्के वाहनों पर डायवर्जन की मार

**बुलन्द संदेश्ज्ञ ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** कांवड़ यात्रा के चलते ट्रैफिक डायवर्जन बढ़ने वाला है। 22 तारीख से शुरू हुए डायवर्जन प्लान से केवल भारी वाहन ही प्रभावित हुए थे। अब गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने 27 तारीख से हल्के वाहनों के लिए भी डायवर्जन लागू करने का ऐलान कर दिया है। हल्के वाहनों में निजी और व्यवसायिक तीन पहिया वाहन भी शामिल रहेंगे। 26 - 27 तारीख को आधी रात से लागू कर ट्रैफिक डायवर्जन 5 अगस्त को शाम 8 बजे तक लागू रहेगा सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की रीढ़ टैंपो - ऑटो भी प्रतिबंधित गाजियाबाद की लोकल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की रीढ़ टैंपो और ऑटो भी प्रतिबंधित रूट पर नहीं चल सकेंगे। इसलिए कहीं जाना है तो शुक्रवार शाम तक अपना काम निपटा लें। उसके बाद शहर के अंदर और एनएच-9 पर मूवमेंट करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। केवल आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहन पास प्राप्त कर आवागमन कर सकेंगे। हालांकि कांवडियों की संख्या को देखते हुए गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस इस डायवर्जन प्लान में कभी भी कुछ संसोधन या परिवर्तन कर सकती है।

**यह है 27 तारीख से लागू होने वाला डायवर्जन प्लान**

- गंगनहर पटरी कॉवड़ मार्ग, पाइपलाइन मार्ग पर सभी वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।
- मोहननगर, मेरठ तिराहा, राजनगर एक्सटेंशन, हापुड़ चुंगी की ओर से मेरठ रोड पर केवल मेरठ जाने वाली लेन में 29 तारीख तक आवागमन कर सकेंगे।
- 29 जुलाई से मेरठ रोड पर वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- 29 जुलाई के बाद पलवल/कुंडली से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे के रास्ते गाजियाबाद, मुरादनगर और मोदीनगर जाने वाले वाहन दुहाई कट का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। इन वाहनों का डासना कट से उतरकर एनएच-9 से गंतव्य की ओर जाना होगा।
- मेरठ तिराहा से मोहननगर/सीमापुरी बॉर्डर की ओर जाने वाले मार्ग पर 29 जुलाई के बाद वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।




- चौधरी मोड़, नया बस अडडा, गऊशाला फाटक, हापडु तिराहा, कैला भटटा की ओर से दूधेश्वरनाथ मंदिर की ओर सभी वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- पटेलनगर फ्लाईओवर पर भी वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- संजय गीता चौक, घूकना मोड़, डीपीएस कट, सिहानी चुंगी और संजयनगर फ्लाईओवर से मेरठ रोड कीओर वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- मेरठ तिराहा से संतोष मैडिकल और जल निगम टी-प्वाइन्ट के मध्य वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।
- दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेस-वे का प्रयोग कर दिल्ली से मेरठ की ओर जाने वाले वाहन एनएच-9 का प्रयोग कर हापुड़ होते हुए मेरठ आ जा सकेंगे।
- दिल्ली मेरठ-एक्सपेस्त्र -वे पर वाहनों का प्रवेश 29 जुलाई से पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- रेलवे स्टेशन रोड, किराना मंडी, रमतेराम रोड, घंटाघर, बजरिया रोड, दिल्ली गेट की तरफ से आने वाले हल्के वाहनों का आवागमन दूधेश्वरनाथ मंदिर की ओर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- मेरठ तिराहा से हिंडन नदी, कनावनी एवं इंदिरापुरम की तरफ वाहनों का आवागमन वर्जित रहेगा।
- पुराना बस अड्डा से इंदिरापुरम की ओर से आने वाले वाहनों को चौधरी मोड़ के रास्ते धोबीघाट आरओबी से एनएच-9 की ओर भेजा जाएगा।
- जीटी रोड पर सीमापुरी बार्डर से लाल कुंआ तक सभी प्रकार के ऑटो प्रतिबंधित रहेंगे।
- मेरठ रोड पर भी किसी प्रकार के ऑटो नहीं चल सकेंगे।
- मोहननगर से वसुंधरा फ्लाईओवर के बीच भी ऑटो प्रतिबंधित रहेंगे।

कोई समस्या होने पर करें संपर्क सिटी कंट्रोल रूम- सीयूजी - 9643208942, लैंड लाइन - 0120-29891002

रूरल कंट्रोल रूम - सीयूजी - 8929436700, लैंड लाइन - 0120-27649993

ट्रांसहिंडन कंट्रोल रूम - सीयूजी - 9643204440, लैंड लाइन - 0120-29901004

ट्रैफिक कंट्रोल रूम - सीयूजी - 9643322904, लैंड लाइन - 0120-29861001

ट्रैफिक इंस्पेक्टर - डीएमई /सिटी -70078470972

ट्रैफिक इंस्पेक्टर - मेरठ रोड/सिटी - 87076767703

ट्रैफिक इंस्पेक्टर - मुरादनगर/मोदीनगर - 73980008084

ट्रैफिक इंस्पेक्टर - यूपी गेट/ इंदिरापुरम - 81306749125

ट्रैफिक इंस्पेक्टर- मोहननगर/तुलसी निकेतन/सीमापुरी - 92190051516


टीएसआई - लोनी/टीला मोड़ - 9412743743।

# कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर पूर्व सैनिक सम्मानित, जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों को शॉल देकर सम्मानित किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

- सैनिकों का सम्मान व कल्याण सर्वोपरिःडीएम
- प्रतिवर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता हैः मनवीर सिंह

**हापुड़।** कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने अपने कार्यालय में पूर्व सैनिकों को शॉल देकर सम्मानित किया। शुक्रवार को बलिदानी ग्रनेडियर रणजीत(शौर्य चक्र की पत्नी बबीता देवी व सुपर सीनियर सिटीजन,सैनिक 80 वर्ष से अधिक) के पूर्व सैनिकों हवलदार धर्म सिंह,सूबेदार रमेशचंद व सूबेदार खेमपाल सिंह को शॉल देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी प्रेरणा



कारगिल रजत जयंती के मौके पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय द्वारा जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें प्रेरणा शर्मा डीएम एवं अध्यक्ष जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास द्वारा वीर शर्मा ने उपस्थित वीर नारियों,वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को कारगिल विजय वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि सैनिकों का सम्मान व कल्याण सर्वोपरि है। देश सैनिकों का सदैव ऋणी रहेगा। पूर्व सैनिक अधिकारी मनवीर सिंह ने बताया कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रतिवर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था,जो करीब 60 दिनों तक चला,जिसमें अंत में 26 जुलाई को भारत को इस युद्ध में विजयश्री प्राप्त हुई। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी ले.कर्नल विवेक सिंह,वारंट आफिसर मनवीर सिंह,उपाध्यक्ष जिला सैनिक बंधु केप्टन राजेश चौधरी,जिलाध्यक्ष पूर्व सैनिक हवलदार आदिल, हवलदार शाहिद, कैप्टन महेश, हवलदार गजवीर, हवलदार बचन सिंह आदि मौजूद रहे।

# एडीएम,एसडीएम ने एआरटीओ कार्यालय पर मारा छापा,मचा हड़कंप






**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

- कार्यालय में अधिकारी,कर्मचारी मिले मौजूद,कोई दलाल हाथ नहीं लगा
- एआरटीओ कार्यालय के बाहर दुकानें रही बंद,

**हापुड़।** शुक्रवार की सुबह जिलाधिकारी प्रेरणा के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व सदर उपजिलाधिकारी ने मेरठ रोड स्थित सहायक सम्भागीय कार्यालय(एआरटीओ) में छापा मारा। छापे के दौरान कार्यालय में कोई भी दलाल हाथ नहीं लग सका। कार्यालय में सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

शासन के आदेश व जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के निर्देश पर शुक्रवार की सुबह एडीएम संदीप कुमार और एसडीएम सदर शुभम श्रीवास्तव ने सहायक सम्भागीय



परिवहन कार्यालय में छापामार कार्यवाही की,जिससे कार्यालय में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। दोनों अधिकारियों ने कार्यालय के दोनों प्रवेश द्वार के बाहर पुलिस कर्मियों को खड़ा कर दिया,जिससे कार्यालय के अंदर से बाहर और बाहर से कोई अंदर प्रवेश नहीं कर सके।

कार्यालय में छापामार कार्यवाही के दौरान एआरटीओ प्रशासन छवि चौहान,एआरटीओ प्रवर्तन रमेश चंद चौबे,प्रधान लिपिक राम आसरे तिवारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद मिले,एडीएम व एसडीएम एआरटीओ कार्यालय में एक घंटे से अधिक समय मौजूद रहे,उन्होंने रजिस्टरों का अवलोकन भी किया,अधिकारियों ने कार्यालय से संबंधित कुछ सवाल जरूर किए। दोनों अधिकारियों को कार्यालय में कोई दलाल हाथ नहीं लग सका।

वहीं जिले में चर्चा है कि कार्यालय में छापे की सूचना कहीं से लीक हो गयी,जिस कारण एआरटीओ के बाहर स्थित काफी संख्या में दुकानें बंद मिली।

# जेएमएस आईटी का कारगिल विजय दिवस के 25वें वर्ष पर एक पौधा शहीदों के नाम अभियान आरंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** संस्थान परिसर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अरुण दीक्षित (उप- जिला अधिकारी गा. बाद), संस्थान के सेक्रेटरी डॉ हिमांशु सिंहल, निदेशक डॉ अनिरुद्ध विश्वास व एडमिन ऑफिसर पीके भारद्वाज ने सभी की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सैनिकों के शौर्य को नमन किया।

डॉ विश्वास ने कहा कि, आज कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ है। सैनिकों के साहस की पराकाष्ठा व उनके उच्चतम बलिदान को नमन कर, हमे उस गौरवशाली समय को याद रखना चाहिए। उन्होंने संस्थान द्वारा आज से आरंभ होने वाले "एक पौधा शहीदों के नाम" अभियान की घोषणा की तथा बताया कि इस अभियान में 11,000 पौधे, जनपद गा. बाद व हापुड़ में लगाए जाएंगे। अभियान का आरंभ डॉ अरुण दीक्षित ने एक पौधा रोप कर किया। उन्होंने संस्थान का धन्यवाद दिया व अभियान की सराहना कर, सभी का मनोबल बढ़ाया।

सभी प्रोफेसर्स, स्टाफ और सभी छात्र छात्राओं ने अपने पौधों का रोपण किया तथा उन्हें पालने का संकल्प लिया।

अभियान के संचालन कर रही श्रीमती अंकिता चौधरी, एडमिशन हैड ने सभी को इसकी पूर्ण सफलता के लिए विश्वास दिलाया।

डॉ विश्वास ने सहर्ष पौधों की व्यवस्था कराने का आश्वाशन व अभियान की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी। डॉ गौरव शर्मा, कैंपस मैनेजर ने बड़े उत्साह से सारी व्यवस्था को निपुर्णता के साथ संभाला। इस अवसर पर सभी पाठ्यक्रमों के छात्र छात्राएं व संस्थान परिवार के सदस्य, शहीदों के प्रति कृतज्ञ व अभियान के प्रति आशान्वित व उत्साहित दिखे।

# अपर मुख्य सचिव ने एचपीडीए वीसी को सम्मानित किया

**बुलन्द सदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में लक्ष्य के सापेक्ष अधिक आय अर्जित करने पर लखनऊ में अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी

- वीसी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित कर,प्रशंसा की
- वित्तीय वर्ष में एक अरब,51 करोड़,53 लाख,14 हजार की आय अर्जित की
- बीते वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के सापेक्ष अधिक आय अर्जित की



नियोजन द्वारा एचपीडीए के उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही प्राधिकरण एवं उनकी टीम द्वारा किये गये कार्य की प्रशंसा की है।

आपको बता दें,कि बीते वर्ष 2023 सितंबर माह में डा.नितिन गौड़ ने हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया था। उनके नेतृत्व में प्राधिकरण अधिकारियों व कर्मचारियों ने पूर्ण निष्ठा व लगन से कार्य किया। इसके अलावा वीसी द्वारा लिये गये त्वरित निर्णयों के फलस्वरूप प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में एक अरब,51 करोड़ 53 लाख 14 लाख रुपये की आय अर्जित की है। जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में आर्य आय 10367.37 लाख के सापेक्ष 46.16 प्रतिशत अधिक है। एचपीडीए के सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में लक्ष्य के सापेक्ष अधिक आय अर्जित करने पर लखनऊ में अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन डा.नितिन रमेश गोकर्ण द्वारा लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में एचपीडीए के उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही प्राधिकरण एवं उनकी टीम द्वारा किये गये कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की।

# व्यापारी प्रतिष्ठान के अंदर बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाकर सुचारू रखेः एएसपी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक ने जनपद के व्यापारियों के साथ सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक की। जिसमें व्यापारियों की समस्याएं सुनकर निस्तारण का आश्वासन दिया।

शुक्रवार को सभागार कक्ष में सुरक्षा प्रकोष्ठ की आयोजित मासिक बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने व्यापारियों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। एएसपी ने जिले में अपराध नियंत्रण व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर व्यापारियों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाकर उन्हें 24 घंटे सुचारू रखने के लिए प्रोत्साहित किया।



# धौलाना तहसील ने छुआ मील का पत्थर। पेमाइश निस्तारण में प्रदेश में अव्वल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । कोन कहता है आसमान में छेद नही हो सकता । एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो । जी हा

**शत प्रतिशत वादों का हुआ निस्तारण , एसडीएम धौलाना की पहल पर हुआ सम्भव।**

भारत के मशहूर नज्म बेबाकी की ये पंक्ति धौलाना तहसील के एसडीएम पर सटीक बैठती है । जिन्होंने धौलाना तहसील को। प्रदेश में अव्वल दर्जा दिला एक नया आयाम स्थापित कर दिया ।

पेमाइश निस्तारण के मामलो में शत प्रतिशत देते हुए धौलाना तहसील ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है । ये सम्भव हो पाया धौलाना एसडीएम संतोष कुमार




उपाध्याय के नेतृत्व में समस्त तहसील स्टाफ का अपना सर्वस्व श्रेष्ठ देने के बाद ही । तहसील का नाम प्रदेश में स्वर्णमिय अक्षरों से अंकित करने पर धौलाना के लोगो ने एसडीएम को बधाई दी है। जिनके अथक प्रयास और मेहनत के परिणामस्वरूप धौलाना का नाम लखनऊ तक गूंज उठा । बता दे की उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 24 के अंतर्गत दायर वादों के शत प्रतिशत निस्तारण किया गया । धौलाना तहसील में कुल 350 मामले दायर हुए जिनका शत प्रतिशत निस्तारण किया गया । जिससे इस मार धौलाना तहसील को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । इस बारे में धौलाना एसडीएम संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया की ये सब हमारे तहसीलदार / एसडीएम प्रवीन कुमार शर्मा और समस्त तहसील स्टाफ के अपना सर्वस्व योगदान देने के कारण सम्भव हो पाया है । सभी बधाई के पात्र है । वही औधोगिक क्षेत्र के उद्यमियों ने धौलाना एसडीएम को सम्मानित करने का निर्णय लिया है ।

**निरीक्षण** सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण समय से कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का करें निर्वहन

# सरकारी कार्यालयों में कोई भी दलाल या बिचौलिया न रहे सक्रिय इसको लेकरे डीएम एवं डीसीपी पुलिस ने एआरटीओ एवं उप रजिस्टार ऑफिस नोएडा का किया औचक निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गौतमबुद्धनगर।** जनपद के सभी कार्यालयों में आम जनमानस के कार्यों एवं शिकायतों का बेहतर ढंग से निस्तारण कराने व कार्यालयों में कोई भी दलाल या बिचौलिया सक्रिय न रहे इस उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा नियमित कार्यालयों में पहुंचकर औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इस श्रृंखला में आज जिलाधिकारी एवं डीसीपी पुलिस रामबदन सिंह ने एआरटीओ एवं उप रजिस्ट्रार कार्यालय नोएडा पहुंचकर औचक निरीक्षण किया?। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय योजनाओं और कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कार्यालय में पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखरखाव एवं कार्यालय






परिसर में बेहतर साफ-सफाई एवं सभी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी पटल सहायकों से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली और कहा कि जन सामान्य के काम सीधे तौर पर किए जाएं और किसी भी मेडिएटर व्यक्ति की बीच में संलिप्तता न रहे। सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण समय से अपने-अपने कार्यालयों में पहुंचकर जनता के कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय अवधि में करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर एआरटीओ एवं उप रजिस्ट्रार कार्यालय में उपस्थित जनता से भी कार्यो के संबंध में फीडबैक प्राप्त की जोकि संतोषजनक प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगे भी इसी प्रकार से जनपद के कार्यालयों में पहुंचकर औचक निरीक्षण किए जाएंगे, ताकि आम जनमानस को बेहतर सुविधा प्राप्त होती रहे एवं उनके समस्याओं का निस्तारण निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित कराया जा सके। इस दौरान जिलाधिकारी के साथ डीसीपी पुलिस रामबदन सिंह, एआरटीओ एवं उप रजिस्ट्रार ऑफिस नोएडा के अधिकारीगण तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# यूपी में धौलाना तहसील ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पैमाईश धारा 24 के मामले निस्तारण में प्रथम स्थान पर प्राप्त किया**

**हापुड़।** जनपद के धौलाना तहसील क्षेत्र उपजिलाधिकारी संतोष उपाध्यक्ष






ने बताया कि उनकी कोर्ट में गत 25 जून से 25 जुलाई तक उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 24 के तहत 385 मामले निस्तारण के लिए आये थे,उनके द्वारा सभी मामले का निस्तारण करने के मामले में धौलाना तहसील ने उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यूपी में धौलाना तहसील द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने पर एसडीएम संतोष उपाध्यक्ष को जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्स्ना बंधु व एसडीएम मनोज कुमार, शुभम श्रीवास्तव,ईला प्रकाश, तहसीलदार, एसडीएम प्रवीन कुमार ने बधाई दी है।

## सम्पादकीय

# बजट निसंदेह मानव संसाधन और बुनियादी विकास पर विशेष ध्यान



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का 2024 का बजट कई मामलों में संतुलित माना जाएगा। नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में राजग सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद यह पहला बजट है। बजट में निसंदेह मानव संसाधन विकास और बुनियादी विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।


केंद्र सरकार वेतनभोगियों की उम्मीदों में वह खरी उतरीं। नई टैक्स व्यवस्था में अब स्टैंडर्ड डिडक्शन पचास हजार से बढ़ाकर पिच्छत्तर हजार रुपए कर दिया। वेतनभोगियों को इनकम टैक्स में 17,500 रुपए तक की बचत होगी। वित्तमंत्री का कहना है कि इनकम टैक्स एक्ट की छह महीने में समीक्षा की जाएगी। कैपिटल गेन छूट की सीमा बढ़ा दी गई है। महिलाओं द्वारा खरीदी गई संपत्ति पर स्टॉम्प ड्यूटी कम करने के साथ ही चुनिंदा शहरों में साप्ताहिक हाट या स्ट्रीट फूड हब डेवलप करने की योजना भी है। सौ बड़े शहरों के लिए जलापूर्ति, सीवेज उपचार व ठोस अपशिष्ट परियोजनाओं की भी घोषणा की। देश में घरेलू क्रूज का परिचालन करने वाली विदेशी शिपिंग कंपनियों के लिए सरल कर व्यवस्था दी।

सरकार ने स्पेस इकोनॉमी के लिए हजार करोड़ रुपए के वेंचर कैपिटल फंड स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा। सोने-चांदी पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 6 फीसद व प्लैटनियम पर 6.5 फीसद का प्रस्ताव रखा। टीडीएस में देरी को अपराध से बाहर कर सीतारमण ने नौकरीपेशा को राहत दी है। केंद्रीय बजट में युवाओं के रोजगार के लिए 500 टॉप कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप मुहैया कराने के साथ ही पांच हजार रुपए महीने स्टाइपेंड देने की भी बात की। बजट के जरिये सियासी समीकरण दुरुस्त करने और विपक्षी धार को कुंद करने की रणनीति के तहत सरकार ने अपने अहम सहयोगी दलों जेडी (यू) व टीडीपी शासित राज्यों बिहार व आंध्र प्रदेश के लिए विशेष पैकेज दिया। हालांकि इस दिलदारी से बाकी राज्यों में सरकार के खिलाफ आवाज तेज होगी। खैर, जैसी उम्मीदें थीं, बजट वैसा नहीं रहा। विपक्ष का आरोप है कि बजट में गरीबों व आम लोगों के लिए कुछ नहीं है। साथ ही इसे राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित भी बताया। राहुल गांधी ने इसे कुर्सी बचाओ व कॉपी-पेस्ट बजट तक कह दिया। यह कहना गलत नहीं होगा कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से स्थिर होने के बावजूद क्षेत्रीय असंतुलन गंभीर बना हुआ है। मगर तमाम चुनौतियों के बावजूद धन प्रबंधन करने में सीतारमण ने किसी को निराश नहीं होने देने की भरपूर कोशिश की है।

## आज का विचार




# महिलाओं पर नेताओं के बिगड़ते रहते है बोल, पर बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तो हद करते रहते हैं !



अशोक भाटिया, मुंबई

भारतीय राजनीति में छोटे-बड़े ऐसे कई नेता हुए हैं या हैं जिनकी जुबान का निशाना महिलाएं बनी हैं और फिर बवाल मचता रहता है। बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तो हद कर दी । उन्होंने ऐसा कुछ बोलते है कि जनता सुन कर हैरान हो जाती है । पहले आपको ऐसे ही अब तक कुछ दूसरे नेताओं की जुबान से निकले महिलाओं पर नेताओं के बिगड़े कुछ बोल वचन के बारे में बताते है फिर हम नीतीश कुमार पर आएंगे । किसी समय समाजवादी पार्टी प्रमुख स्व. मुलायम सिंह यादव ने एक रैली में कहा था, "जब लड़के और लड़कियों में कोई विवाद होता है तो लड़की बयान देती है कि लड़के ने मेरा बलात्कार किया। इसके बाद बेचारे लड़के को फांसी की सजा सुना दी जाती है। बलात्कार के लिए फांसी की सजा अनुचित है। लड़कों से गलती हो जाती है।" कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने भी महिलाओं पर कई बार विवादित बयान दिए है । एक पार्टी कार्यक्रम में उन्होंने जयंती नटराजन को 'टंच माल' कह दिया था। दिग्गी ने एक बार राखी सावंत पर टिप्पणी करते हुए कहा था अरविंद केजरीवाल और राखी सावंत जितना एक्सपोज करने का वादा करते हैं उतना करते नहीं हैं। उनके इस बयान पर राखी ने उन्हें 'सठिया गए हैं' कहकर झिड़का था। शरद यादव महिलाओं पर कई बार अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं। जेडीयू नेता शरद यादव ने बयान दिया था कि बेटियों की इज्जत से वोट की इज्जत बड़ी है, जिसके बाद सभी तरफ से इसका बयान का खंडन किया गया। शरद यादव ने साउथ की महिलाओं को लेकर कहा था, 'साउथ की महिला जितनी ज्यादा खूबसूरत होती है, जितना ज्यादा उसकी बॉडी। वह पूरा देखने में काफी सुंदर लगती है। वह नृत्य जानती है।' महिला आरक्षण विधेयक जब पहली बार संसद में रखा गया था तब उन्होंने कहा था कि, इस विधेयक के जरिए क्या आप 'परकटी महिलाओं' को सदन में लाना चाहते हैं।

भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था, महिलाओं को ऐसा श्रृंगार करना चाहिए, जिससे श्रद्धा पैदा हो, न कि उत्तेजना। कभी कभी महिलाएं ऐसा श्रृंगार करती हैं, जिससे उत्तेजित हो जाते हैं लोग। बेहतर हैं कि महिलाएं लक्ष्मण रेखा में रहें। होली मिलन के एक कार्यक्रम में भाजपा नेता ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को 'महिलाओं का शौकीन' बताया था। छत्तीसगढ़ के कोरबा से भाजपा सांसद बंसीलाल महतो ने राज्य की लड़कियों के लिए ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया था, जिसे लेकर उनकी काफी आलोचना हुई थी। महतो ने छत्तीसगढ़ के खेल मंत्री भैयालाल राजवाड़े का नाम लेते हुए कहा था कि वो अक्सर बोला करते हैं कि अब बालाओं की जरूरत मुंबई और कलकत्ता से नहीं है, कोरबा की टूरी और छत्तीसगढ़ की लड़कियां टनाटन हो गई हैं। समाज में बढ़ती बलात्कार की घटनाओं पर पूछे गए सवाल पर हरियाणा की एक खाप पंचायत के नेता जितेंद्र छत्तर ने कहा था, "मेरे ख़्याल से फास्ट फूड खाने से बलात्कार की घटनाएं बढ़ती हैं। चाऊमीन खाने से शरीर के हार्मोन में असंतुलन पैदा होता है। इसी वजह से इस तरह के कार्य करने का मन करता है।"

राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यन स्वामी ने एक बार प्रियंका गांधी के लिए कहा था, 'वह बनारस से चुनाव हार जाएंगी क्योंकि बहुत शराब पीती हैं।' नेहरू और लेडी माउंटबेटन के संबंधों पर भी स्वामी विवादित टिप्पणी कर चुके हैं।

श्रीप्रकाश जायसवाल भाजपा नेता ने एक बार बयान दिया था कि, नई शादी का मजा ही कुछ और होता है और ये तो सब जानते हैं कि पुरानी बीवी में वो मजा नहीं रहता ।गोवा के मुख्यमंत्री और भारत के पूर्व रक्षा स्व . मंत्री मनोहर पर्रिकर ने लड़कियों के शराब पीने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा था- 'मैं डरने लगा हूं क्योंकि अब तो लड़कियां भी शराब पीने लगी हैं। सहने की क्षमता खत्म हो रही है।'

बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तो हद कर दी । सदन में बजट के दौरान विपक्षी विधायकों के हाय-हाय करने पर नीतीश कुमार भी कहने लगे, आप सब हाय हाय हैं, हाय हाय... हाय हाय! गुस्से में लाल नीतीश कुमार आरजेडी विधायक रेखा देवी पर बिफर पड़े. कहने लगे, 'अरे तुम महिला हो... कुछ जानती नहीं हो... कहां से आते हैं, इन लोगों ने कुछ किया है? 2005 के बाद महिला को हमने ही आगे बढ़ाया है... चुपचाप बात सुनो, अभी हम बोल रहे हैं । बिलकुल बिहार विधानसभा जैसा तो नहीं, लेकिन राज्यसभा में भी मिलता जुलता ही वाकया देखने को मिला. बजट पर संसद के दोनों सदनों में चल रही चर्चा के दौरान राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस बार के बजट में केवल दो राज्यों को ही सरकार ने दिया है, बाकी किसी को कुछ नहीं मिला है. बीच में ही सभापति जगदीप धनखड़ ने बोला कि वित्त मंत्री आपके सवाल का जवाब देंगी. सभापति की बात पर मल्लिकार्जुन खरगे बोल पड़े, 'मैं बोल लेता हूं... क्योंकि वो तो बोलने में एक्सपर्ट हैं... माताजी बोलने में तो एक्सपर्ट हैं... वो तो बोल ही देंगी.'वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बारे में मल्लिकार्जुन खरगे को बीच में ही टोककर सभापति जगदीप धनखड़ ने बता दिया, वो तो आपकी बेटी के बराबर हैं. मल्लिकार्जुन खरगे 82 साल के हो रहे हैं, जबकि निर्मला सीतारमण 64 साल की हैं । इसके पूर्व जब वे जब वे लालू की पार्टी के संग थे तब संपन्न जाति आधारित सर्वे के आंकड़े आज विधानसभा में पेश करते समय विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पापुलेशन कंट्रोल पर बात रखते समय कुछ ऐसा कह गए थे जिससे विवाद खड़ा हो गया था । दरअसल, जनसंख्या नियंत्रण और महिलाओं की पढ़ाई को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश सदन में कुछ बोल रहे थे। हालांकि, मुख्यमंत्री ने कुछ ऐसा कह दिया जिस पर विधानसभा के अंदर भी विधायक सुनकर असहज हो गए। उन्होंने कहा कि बिहार में महिलाओं के साक्षरता बढ़ी है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि अगर लड़कियां पढ़ी-लिखी रहेंगी तो जनसंख्या खुद पर खुद नियंत्रित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शादी के बाद तो पुरुष रात में रोज करता ही है ना। उसी में और बच्चा पैदा हो जाता है। इसके साथ ही उन्होंने जो कहा उसको लेकर विवाद और बढ़ गया । नीतीश ने कहा कि लड़की अगर पढ़ लिख लेगी तो उसको भीतर मत.... उसको डालो । इसी में संख्या घट रही है। हालांकि, नीतीश कुमार के इस अजीबोगरीब बयान पर कुछ महिला विधायक नाराज दिखीं तो वहीं कुछ विधायक हंस भी रहे थे।

बिहार विधानसभा के बाद नीतीश कुमार ने परिषद में भी ज्ञाने की बातें की। जनसंख्या नियंत्रण पर बातें करते-करते नीतीश कुमार परिषद में कुछ अधिक ही बोल गए। यहां पर उन्होंने वो बातें कह दी, जिसे हम लिख नहीं सकते हैं। नीतीश कुमार जब परिषद में बयान दे रहे थे, तब उनके पीछे बैठी एक महिला मंत्री कभी इधर तो कभी उधर देख रही थी। शायद में मंत्री जी के मन में चल रहा होगा कि गलत समय पर यहां बैठ गई। तब ही तो वह मुंह छिपाने का भी प्रयास कर रही थीं। परिषद में नीतीश ने जो कुछ भी कहा, उसे सुन हर कोई हैरान था। पक्ष और विपक्ष के विधायक भी नीतीश कुमार के बयान से परेशान थे। बिहार मुख्यमंत्री ने जो कुछ भी कहा उसे सुन भाजपा की विधान पार्षद निवेदता सिंह रो बैठी थी । सदन से बाहर आने पर निवेदता सिंह ने कहा था कि नीतीश कुमार ने बिहार को शर्मसार करने का काम किया है।

## खादी को अपनाना चमत्कार से कम नहीं

खादी का स्वर्णिम काल फिर से लौट रहा है। खादी की ब्रिकी दिनों दिन नये आयाम गढ़ रही है। घोर मॉर्डन युग और पहनावे के लिहाज से मन-मस्तिष्क पर हावी हो चुकी ब्रांडेड पश्चिमी सभ्यता के बीचोंबीच लोगों का खादी को अपनाना चमत्कार से कम नहीं है।

लेकिन यह चमत्कार वास्तव में खादी ने किया है। अधिकृत रूप से पिछले सप्ताह खादी एंव ग्रामोद्योग बोर्ड ने बीते दस वर्षो के आंकड़े प्रस्तुत कर खादी की ब्रिकी के पूर्व के सभी रिकॉर्ड धवस्त हो जाना बताया है। खादी के विभिन्न उत्पादों की बिक्री में 400 फीसद का उछाल आया और इनके उत्पादन में 315 फीसद की बंपर बढ़ोतरी भी दर्ज हुई है। रिकॉर्ड स्तर पर 81 फीसद नये रोजगार सृजन भी हुए हैं। 2022-23 के वित्तीय वर्ष में 332.14 फीसद ब्रिकी, 267.52 फीसद प्रोडक्शन और 69.75 फीसद स्वरोजगार पैदा हुए हैं। रोजगार ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में पैदा हुए। वहां कताई, बुनाई के कारखानों में पुरुषों के मुकाबले महिलाएं अधिक भागीदार रहीं। आज खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अंतर्गत 9 उत्पादन केंद्र पूरे भारत में मौजूद हैं। कहावत है कि 'ओल्ड इज गोल्डइ। खादी की अचानक बेतहाशा ब्रिकी ने इसे चरितार्थ कर दिया है। शायद ब्रांडेड कपड़ों और आधुनिक चकाचौंध से लोग अब उबने लगे हैं। तभी फिर से अपनी जमीन की ओर मुड़ने को तत्पर हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक 2003-2013 में खादी का कारोबार 26109.08 करोड़ रुपये था, जो 2014-2023 में छलांग लगा कर 95956.68 करोड़ तक जा पहुंचा। इनमें खादी के निर्मित कपड़े अन्य उत्पादनों से कहीं अधिक हैं। जनमानस का खादी की ओर मुड़ना निश्चित रूप से 'स्वदेशी अभियानइ को पंख लगाने जैसा है। मौजूदा सरकार ने करीब एक दशक से स्वदेशी अभियान की अलख जगाए हुए है। खादी की भारी बिकवाली इस अभियान की सफलता पर मुहर लगाने जैसा है। खादी का कपड़ा खास है जो किसी धर्म-समुदाय से वास्ता नहीं रखता। सच्चे देशभक्त का अपना देशी कपड़ा है। चाहे अल्पसंख्यक हों, सिख हों, साधु-संत हों, या फिर मॉर्डन जमाने के शिक्षित युवा-युवती। सभी ने खादी को अपनाना आरंभ कर दिया है। खादी का आंदोलन, एक सामाजिक-सांस्कृतिक आख्यान, गांधी जी द्वारा मई, 1915 में सत्याग्रह आश्रम से शुरू किया गया था, जो गुजरात के अहमदाबाद जिले में साबरमती आश्रम के नाम से लोकप्रिय है। गांधी युग में खादी के कपड़े लोगों के सिर चढ़कर बोलते थे। धारणा पहले कुछ ऐसी थी कि सच्चा हिन्दुस्तानी मतलब खादी को अपनाने वाला।

खादी के नये कीर्तिमान स्थापित करने का मतलब है, स्वदेशी अभियान और आत्मनिर्भरता की अपील का असर दिखाना। खादी पहनना ब्रांडेड कपड़ों के मुकाबले हमेशा से सुलभ और सरल माना गया है। इसका सस्ते से सस्ता और महंगे से महंगा कपड़ा हाथों से ही बुना जाता है क्योंकि खादी वस्त्र का निर्माण मशीनों से नहीं होता। ग्रामीण स्तर पर ज्यादा निर्माण होने से वहां लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**

**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीवन के सभी पहलुओं पर राज कर रहा है



विजय गर्ग

भारत में शिक्षा प्रणाली में पिछले एक दशक में काफी बदलाव आया है। बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने के लिए, शिक्षकों ने अपनी शिक्षण पद्धतियां विकसित कीं, जबकि विशेषज्ञों ने उभरती जरूरतों के आधार पर पाठ्यक्रम तैयार किया। डिजिटलीकरण ने शिक्षा में एक नया दृष्टिकोण भी लाया है, विशेषकर शिक्षाशास्त्र के संदर्भ में। भले ही छात्रों ने वीडियो की मदद से अवधारणाओं को सीखने का आनंद लिया, उन्हें नए विचारों और अवधारणाओं में बेहतर अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई जो उनके तत्काल वातावरण में पहुंच योग्य नहीं थे। फिलहाल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीवन के सभी पहलुओं पर राज कर रहा है। के-12 शिक्षा छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों को लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न एआई-आधारित अनुप्रयोगों को अपना रही है। उदाहरण के लिए, एआई-आधारित विश्लेषण की मदद से, शिक्षक ज्ञान अंतराल की पहचान कर सकते हैं और छात्रों की आवश्यकताओं के अनुसार अपनी शिक्षाओं को अनुकूलित कर सकते हैं। हालाँकि, यह सिर्फ हिमशैल का सिरा है। एआई स्वचालित ग्रेडिंग, शिक्षकों के लिए समय बचाने और उन्हें बेहतर शिक्षण पद्धतियों पर विचार-मंथन करने के लिए अधिक समय देने में भी मदद कर सकता है। उन्नत एआई-संचालित प्लेटफार्मों में शैक्षिक परिदृश्य को बदलने और व्यक्तिगत शिक्षा की दिशा में सही कदम उठाने की क्षमता है जहां छात्रों की आवश्यकताओं के अनुसार समाधान तैयार किए जा सकते हैं। और नवाचार हमेशा ऐसे सभी समाधानों के मूल में रहेगा। जेनेसिस ग्लोबल स्कूल के निदेशक इस बारे में एक व्यापक मार्गदर्शिका साझा करेंगे कि एआई भारत में के-12 छात्रों के लिए शिक्षा को कैसे तैयार कर रहा है: शिक्षा में एआई का प्रभाव विज्ञापन शिक्षा में एआई के सबसे गहरे प्रभावों में से एक छात्रों के बीच रुझान, पैटर्न और सीखने की शैलियों को समझने के लिए विशाल मात्रा में डेटा का विश्लेषण करने की क्षमता है। यह अमूल्य अंतर्दृष्टि न केवल निदेशात्मक प्रथाओं को सूचित करती है बल्कि विभिन्न शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप सीखने के अनुभवों को बेहतर ढंग से अनुकूलित करने में भी सक्षम बनाती है। एआई-संचालित स्वचालित ग्रेडिंग सिस्टम मूल्यांकन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने का एक शानदार तरीका है। वे समय और प्रयास बचाते हैं जो शिक्षक मैन्युअल सुधार पर बर्बाद करते हैं। एआई का यह समय बचाने वाला पहलू शिक्षकों को सार्थक छात्र बातचीत और व्यक्तिगत समर्थन के लिए अधिक संसाधन आवंटित करने की अनुमति देता है, जिससे अंततः सीखने का अनुभव समृद्ध होता है। एआई शैक्षिक वातावरण में निर्बाध संचार प्रणाली की सुविधा प्रदान करता है, जिससे सूचना और फीडबैक चैनलों का कुशल प्रसार संभव हो पाता है। इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत छात्र की जरूरतों के अनुरूप ट्यूटोरियल प्रदान करके, एआई प्लेटफॉर्म जटिल अवधारणाओं को समझने में अतिरिक्त सहायता प्रदान करते हैं, जिससे गहरी समझ और जुड़ाव को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा, एआई की डेटा विश्लेषण क्षमताएं शैक्षिक नेताओं को छात्र प्रदर्शन मेट्रिक्स में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं, जिससे सीखने के परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से लक्षित हस्तक्षेप की सुविधा मिलती है। ताकत और कमजोरी के क्षेत्रों की पहचान करके, शिक्षक प्रत्येक छात्र के लिए सीखने के अनुभवों को अनुकूलित करने के लिए रणनीतियों को लागू कर सकते हैं। कक्षा से परे, एआई एक वैश्विक कनेक्टिविटी को बढ़ावा देता है जो भौगोलिक सीमाओं को पार करता है, वैश्विक स्तर पर सहयोग और ज्ञान साझा करने की सुविधा प्रदान करता है। यह अंतर्संबंध शिक्षार्थियों को विविध दृष्टिकोण और अनुभवों के साथ सशक्त बनाता है, उनकी शैक्षिक यात्रा को समृद्ध करता है और उन्हें आत्मविश्वास और क्षमता के साथ तकनीकी रूप से उन्नत दुनिया में नेविगेट करने के लिए तैयार करता है।

## शनिवार का राशिफल

मेष: विदेश में है,तो महिला को विवाह के लिए पसन्द कर सकते है, होटल में नौकरी, फोटोग्राफी कार्य, मल्टीप्लेक्स में दुकान चलेगी, गाड़ी, मशीनरी ठीक करवायेंगे। भाग्य प्रतिशत-76

वृषभ: सरकारी अधिकारी को काम करने पर बड़ा धन दे सकते है, आर्टिफिशल ज्वेलरी, पर्फ्यूम, कम्पनी लॉ, ब्रांड प्रोमोशन, लोहा, शीशा,कंस्ट्रक्शन कार्य चलेगा, प्रेम संबंध में बड़ा कदम उठा सकते है। भाग्य प्रतिशत-82

मिथुन: एक ही कार्य को साधे दूसरा कार्य ना करें, कोई छूटा कार्य दोबारा करना पड़ सकता है, बड़े लोगों से मैत्री होगी, मनोरंजन के क्षेत्र में प्रगति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-54

कर्क: सगे सम्बन्धियो से मिलना होगा, बड़े लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हिम्मत आयेगी, टैक्स सम्बन्धित कागज का कहीं प्रयोग करेंगे, कॉमर्स क्षेत्र में थोड़ी मुश्किल होगी। भाग्य प्रतिशत-56

सिंह: अभी तक विलंब हुए काम में तेजी आयेगी, खुद को सही दिशा में बढ़ता देख प्रसन्नता होगी, पुत्री की प्राप्ति का योग बनेगा,भगवान का प्रसाद बोला है तो जल्दी अर्पित कर दे। भाग्य प्रतिशत-65

कन्या: घर वालों को अपनी किसी बात के लिए मना लेंगे, मन में प्रसन्ता होगी, कोई महँगी चीज लेने के लिए खर्च करेंगे, विदेशी स्त्री से प्रेम संबंध हो सकता है। भाग्य प्रतिशत-73

तुला: संतान के लिए धन खर्च करने के लिए निकाल सकते है, प्रॉपर्टी, मेडिसीन, रेस्टोरेंट से जुड़े कार्य से अच्छी आय होगी, पेट विकार सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-75

वृश्चिक: घर में कोई समस्या चल रही है तो बहस को बढ़ाए नहीं, धार्मिक ज्ञान से लोगों ज्ञान आकर्षित करेंगे,कारखाना लगा सकते है, गाड़ी के शोरूम में बुकिंग मिलेगी। भाग्य प्रतिशत- 76

धनु: व्यापारी फैसला सोच समझ कर करें, कंधे, हाथ का ध्यान रखें,भारी वजन ना उठाए, वाद विवाद में अच्छे से बात रखेंगे, घर में कोई महँगी चीज लाने की इच्छा है। भाग्य प्रतिशत-56

मकर: कला क्षेत्र के लोगों के लिए शुभ समय रहेगा, पास पड़ोस से विवाह की बात चल सकती है, व्यापार के सिलसिले में बाहर जाना होगा। भाग्य प्रतिशत-64

कुंभ: आमदनी के स्त्रोत बढ़ाना चाहेंगे,वाहन, मकान लेना चाहते है तो जल्दी मनोकामना पूरी होगी, भाई-बहन बीमार हो सकते है, लंबे समय तक काम करेंगे। भाग्य प्रतिशत-68

मीन: दान आदि करेंगे, व्यापार में पैसा मिलने में समय लग सकता है, नौकरी के लिए अच्छे समय है, संतान की कोई परेशानी कम होगी। भाग्य प्रतिशत-62



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# शहर का प्रमुख नाला जब नालियों से मिला



आत्माराम यादव पीव

एसडीएम ने सीएमओ को लताड़ा कि शहर में कही भी नालों की सफाई नहीं हुई। दो घंटे की बारिश ने शहर को तहस नहस कर दिया। यानि अधिकारियों से स्वीकार लिया सीएमओ ओर नपा अपनी जेसीबी मशीन ओर पूरे अमले को लेकर नालों कि सफाई करने कि बजाय घूमते रहे ओर परिणामस्वरूप नाले इतने खतरनाक हो गए कि दो घंटे कि बरसात से शहर में तवाही ला दी। मेरे एक पत्रकार मित्र शेखपप्पू बजरिया में रहते है वे हमेशा नालों कि सफाई न होने कि बात करते पर नपा अध्यक्ष से लेकर सारे अधिकारी उन्हे ललिपाप थमा देते परिणाम स्वरूप उनके घर में नाले का पानी घुसना तय माना जाता ओर तय माने अनुसार उनके घर में पानी होता। नर्मदापुरम बजरिया इतवारा का एकलौता मुख्य नाला जब दो घंटे की मूसलाधार बारिश के पानी को अपने में समेटे अपने आसपास की नालियों से मिला तो नालिया तो झूम उठी, वे नाले से गले मिलते ही पागल हो गई। इन नालियों की पगलाहट इन के मस्तिष्क पर सवार हो गई, बस वे नाले के गले लगाए जाने पर इतनी खुश थी की अपने को संभाल नही पा रही थी ओर अपनी खुशी वे पूरे नगरजनों को बांटने को उतावली हो गई। वे नाले का प्यार लिए पूरे शबाव पर आ गई ओर देखते ही देखते सारी नालियाँ अपने प्रियतम नाले में इस प्रकार समाई की सारा शहर जलमग्न हो गया। नालियों को उथले एकलौते नाले का जरा सा प्यार मिला ओर वे इठलाती बलखाती सड़कों पर उछलने लगी। पलक झपकते ही पूरे शहर की नालिया नाले के प्रेम में इस प्रकार एकजुट हुई की शहर की प्रमुख सड़के, मोहल्लों की गलिया, बजरिया मोहल्ले से इतवारा बाजार, बालगंज, रेवागंज,सब्जी मंडी, दशहरा मैदान आदि स्थानों पर नाले से लिया प्रेम जल से सब कुछ पानी पानी कर दिया। सड़कों पर घुटना घुटना पानी, घरो में कमर कमर पानी की सौगात यह नाला निकम्मी नगरपालिका की मेहरवानी से कई घरों में नालियों की मदद से किसी बिदेशी आक्रमणकारी के तरह जा घुसा ओर उनके घर के पहनने-ओड़ने के कपड़ों सहित खाने पीने के सामान ओर अनाज को देखते ही देखते बर्बाद कर बरसात का जश्न माना रहा था। यह नाला मेरे शहर का है, हो सकता है यही सेम टू सेम आपके शहर की भी दास्तां हो।

शहर का यह नाला कोई मामूली नाला नहीं है, जब भी पहले यह पूरे शहर ओर बरसात का पानी लेकर निकलता था तब चार-पाँच वार्डों की सभी नालिया इसमे समा जाती थी तब यह कभी बेलगाम नहीं दिखा, उस नाले का पानी सड़कों पर नहीं आया, नालिया पूरा जोर लगाकर जितना पानी लाती वह भी नालियों से बाहर निकल नहीं पाता था, पर अब क्या कारण है की नाला जरा सा मुस्कुरा दे तो नलिया अपनी सीमाए तोड़कर शहर को डुबाने का साहस रख इठलाती है ओर पूरा प्रशासन हाथ मलता बरसात के पानी को ले जाते नाले ओर नालियों के पानी में डूबने बाले मकानों को बाढ़ पीड़ित मानकर उनका सर्वे करने निकल पड़ता है, ओर मीडिया के चेनल ओर अखबार बरसात के पानी में भीगते जिले के उच्च अधिकारियों तहसीलदार, एसडीएम, एडीएम, डी एम की कबरेज में उन आम ओर सामान्य व्यक्ति के दर्द ओर पीड़ा को भूल जाता है जिनके घरों में बाढ़ के आने की हिम्मत नहीं हुई उनके घरों में नाले ओर नलिया साफ सफाई के अभाव में घुसकर कमर-कमर पानी का सैलाब ला देते है। बजरिया के इस नाले का एहसान पुलिस कप्तान भी मानते थे, तब भी यह नाला अपनी हद में था ओर आज भी अपनी हद में है। बात वर्ष 2001 की बरसात की है तब इस गहरे नाले के ऊपर कभी बरसात का पानी नहीं आता था, तब एक मूसलाधार बारिश की रात चट्टन मिया ने अपनी मोटरसाइकल बजरिया मोहल्ले से डॉ पांडे वाले मार्ग के लिए जाने के लिए निकाली की कब मोटर साइकल सहित नाले में समा गए किसी को पता नहीं चला। चट्टन मिया उस समय एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश मे शुमार थे जिससे पुलिस परेशान थी, उसके लिए कोई अपराध करना आम बात थी। एक बड़े आपराधी का अंत इस नाले में इस प्रकार हो जाएगा पुलिस को यकी नहीं था, पर जब बरसात थमी ओर नाले का पानी कम हुआ तब यह रहस्य उजागर हुआ ओर पुलिस ने राहत की सांस ली।

आज इस नाले के चारों ओर प्रभावशाली लोगो का अतिक्रमण है, नाले की सफाई में नपा के प्रयास असफल हुये, परिणामस्वरूप यह नाला अपने मूलरूप मे नहीं रहा, अलबत्ता उसमें बरसात का पानी आते ही यह खुद अपनी सीमाए लांघने लगा है, जैसा की इस शहर के अन्य नाले जो अपने मूलरूप से नालियों में तब्दील होने से अपनी क्षमता खो चुके है। शहर के अधिकांश नाले अतिक्रमण कर लिए गए, मीनाक्षी चौक पर पुलिया के ऊपर मेडिकल दुकान को जैसे कलेक्टर हटाने की ताकत नहीं रखते वैसे है हर अतिक्रमणकर्ता प्रभावशाली है ओर उनपर विधायक का हाथ है।नालों पर कब्जे के बाद भी नाले आखिर नाले है ओर वे अपना काम पूरी ईमानदारी से कर रहे है भले नालियों से मिलने पर गली मोहल्लो को डुबोना पड़े, वे डुबो रहे है। असल में देखा जाये तो नालों के लिय जो नासूर है ओर जो नालों को नाले नही रहने देना चाहते है वे ही इस शहर की मूल बीमारी है, जिसे सभी दवा समझते है। पूरे शहर के नालों को नाली बनाने बाले, नालों पर कब्जा कर भवन, दुकान ओर माल बनाने बाले सफेद स्याह खाकी के लिबास में घूम रहे है, वे देख रहे है अपने कुर्ते बंडी की क्रीज, वे चाहते है की उनकी क्रीज कम न है ओर जनता में उनका क्रेज बना रहे।

पर बरसात में नालो पर अतिक्रमण के रहते जिनके घरों में पानी घुसता है, जो कई रातों को सोते नहीं है, घरों में कमर तक पानी, बिजली की जगह स्याह गुप्प अंधेरा ...अंधेरे में रेंगते तेरते पानी की जीव साँप आदि देख जो पल-पल मरते है, ओर मूसलाधार बारिश में भीगते यह सब सहते लोग, उन नालों की शक्ल में देखते है अपने जनप्रतिनिधि को अपने प्यारे नेता को, अपने संसद विधायक ओर पार्षद को ...नालों-नालियो के पानी से घिरे इन लोगों को अपने ये नेता किसी गंदे नाले या नाली से कम दिखाई नहीं देते है, जिसमे मर खप चुके कई निदोषों की आत्माए इन नालों में छटपटा रही होती है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नगर में किया पौधारोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** नगर में सभी को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर के व्यापारियों ने वृक्षारोपण किया।इस दौरान व्यापारी फलदार और छायादार पौधे लगाए। दरअसल, लगातार बढ़ रही वृक्षों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है. इसलिए पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ कर एक-एक पेड़ लगाने की अपील की थी. जो केंद्र से लेकर ग्रामीण आंचल के लोग इस अभियान का हिस्सा बन रहे है। इस दौरान नकुल कुमार, अर्जुन कुमार,महबूब अली, करण कश्यप,विपिन कुमार, आशु चौधरी,भीम कश्यप राजन कश्यप आदि मौजूद रहें।



# शोभित विश्वविद्यालय में मना कारगिल विजय दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीपुरम (जावेद अब्बासी)।** कारगिल विजय दिवस (रजत जयंती समारोह) के अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय की एन सी सी इकाई के कैडेट्स ने 70 यूपी बटालियन एनसीसी मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय मेरठ एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संचालन एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर कुलदीप कुमार द्वारा किया गया।कार्यक्रम में बोलते हुए डॉक्टर अनीता राठौर ने कारगिल विजय दिवस के बारे में सभी को बताया।डॉ शिवम् मोदी ने भारतीय फौज की सौर्य गाथा को चित्रित किया डॉक्टर मोहम्मद आमिर द्वारा सेवा के इतिहास के बारे में बताया गया पवन कुमार द्वारा कारगिल विजय दिवस के मनाया जाने पर प्रकाश डाला।एवं डॉक्टर पल्लवी जैन ने अपने विचार रखें । लेफ्टिनेंट (डॉ) कुलदीप द्वारा बताया गया कि इस कारगिल युद्ध में 527 से ज्यादा वीर शहीद हुए एवं 1300 से ज्यादा घायल हुए इस युद्ध में पाकिस्तान के 2700 सैनिक मारे गए और 250 पाकिस्तानी सैनिक मैदान छोड़कर भाग गए। कारगिल विजय में मेरठ के पांच बेटों ने कारगिल में जान देकर मातृभूमि का कर्ज चुकाया उनके परिजनों को, हमें और देश को उन पर आज भी फक्र है। प्रमुख रूप से शहीद मेजर मनोज तलवार, ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह (सेना मेडल) हवलदार यशवीर सिंह(वीर चक्र), लांस नायक सत्यपाल सिंह ( सेवा मेडल) ग्रेनेडियर जुबेर आदि ने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर मेरठ का नाम रोशन किया इन सभी की शौर्य गाथा के बारे में विस्तार से बताया एवं सभी बलिदानियों को याद करते हुए एनसीसी कैडेट्स को देशभक्ति की डॉक्यूमेंट्री फिल्में दिखाई गई। संगोष्ठी के अंत में विश्वविद्यालय के एनसीसी प्रभारी (डॉ) कुलदीप द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया और अंत में एनसीसी के कैडेट्स एवं एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट (डॉ) कुलदीप कुमार द्वारा विश्वविद्यालय के ग्राउंड में शहीदों के सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा गया । इस समारोह में विश्वविद्यालय के खेल के मैदान के चारों ओर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) वी के त्यागी, डीन एकेडमिक्स (डॉ) अशोक कुमार, प्रोफेसर (डॉ) दिव्या प्रकाश, रजिस्ट्रार (डॉ) गणेश भारद्वाज एवं विश्वविद्यालय के एनसीसी के कैडेट्स एवं विश्वविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट (डॉ) कुलदीप कुमार द्वारा इस कार्यक्रम में लगभग सैकड़ो पेड़ लगाए गए।

विश्वविद्यालय के कुलपति ने कैडेट्स और छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने तथा उनकी रक्षा करने के लिये प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स और एन सी सी प्रभारी लेफ्टिनेंट (डॉ) कुलदीप कुमार और एवं अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम के उपरांत एक अन्य कार्यक्रम शोभित विश्वविद्यालय मेरठ की एनसीसी इकाई जिसका संचालन लेफ्टिनेंट (डॉ) कुलदीप कुमार द्वारा किया गया एवं 70 यूपी बटालियन एनसीसी मेरठ की नायब सूबेदार जोगिंदर ओर कैडेटस द्वारा शहीद मेजर मनोज तलवार की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पण कर उन्हें याद किया गया एवं उनकी शौर्य गाथा को एनसीसी कैडेट्स के लिए बताया गया।



# मेरठ में कांवड़ियों का बवाल, कांवड़ खंडित होने पर विशेष समुदाय के लोगों को पीटा,कार में की तोड़फोड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून हाईवे और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के टी-प्वाइंट पर कार की टक्कर से कांवड़ खंडित हो गई। इससे गुस्साए कांवड़ियों ने कार सवार तीन लोगों की पिटाई कर दी और कार में तोड़फोड़ की।परतापुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर परतापुर के दिल्ली-देहरादून हाईवे और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के टी-प्वाइंट पर गलत दिशा से आ रही कार से गंगाजल लेकर गाजियाबाद जा रहे एक कांवड़िये को टक्कर मार दी। इससे कांवड़िये की कांवड़ खंडित हो गई। इससे गुस्साए कांवड़ियों ने लाठी-डंडों से कार सवार तीन लोगों की पिटाई शुरू कर दी।तीनों युवक अपनी जान बचाने के लिए भाग निकले तो कांवड़ियों ने हंगामा करते हुए कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी। सूचना मिलते ही एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्र, सीओ ब्रह्मपुरी प्रमोद कुमार, सीओ शुचिता सिंह मौके पर पहुंचे और कांवड़ियों को शांत किया। अधिकारियों ने प्रशासन की मदद से जल लेने के लिए दोबारा हरिद्वार भेजा। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लेकर पुलिस यार्ड भिजवा दिया।

# कांवड़ यात्रियों के लिए चलाई 100 स्पेशल बसें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** सावन माह में भक्तों की आस्था को देखते हुए मेरठ परिवहन विभाग द्वारा भी हरिद्वार, ऋषिकेश के लिए विशेष तौर पर बसों की व्यवस्था की गई है ताकि जो भी श्रद्धालु इन बसों के माध्यम से हरिद्वार ऋषिकेश जाना चाहे उन श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार से कोई दिक्कत ना हो। उन्हें हर 10 मिनट में बस की विशेष व्यवस्था उपलब्ध हो।

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में बतौर सेवा प्रबंधक कार्यभार संभाल रहे लोकेश राजपूत ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निर्देश के अनुसार भोले भक्तों को किसी भी प्रकार से असुविधा न हो, उसका ध्यान रखते हुए विशेष तौर पर हरिद्वार, ऋषिकेश के लिए बसों की व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने बताया कि इस रूट के लिए 100 से अधिक बसें चलाई जा रही हैं, जिससे कि भोले भक्त कांवरिये भोले बाबा के जयकारे लगाते हुए हरिद्वार, ऋषिकेश से गंगाजल ला सके. इतना ही नहीं उन्होंने बताया कि व्यवस्थाओं पर पल-पल नजर रखने के लिए विभाग द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है. जिससे कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह से दिक्कत न हो। कावड़ियों की संख्या को देखते हुए मेरठ पुलिस के दिशा निर्देश के अनुसार रोडवेज द्वारा भैसाली बस स्टैंड से बस को तीन जगह अस्थाई तौर पर शिफ्ट कर दिया गया है। ऐसे में जो भी श्रद्धालु ऋषिकेश, हरिद्वार जाना चाहते हैं, उन सभी को सोहराब गेट बस स्टैंड से ही बसे मिलेंगे। वहीं विभिन्न स्थान पर रूट डायवर्ट होने के कारण पहले की तुलना में किराया भी काफी ज्यादा हो गया है।

सोहराब गेट बस स्टेशन प्रभारी आसिफ अली के अनुसार ऋषिकेश के लिए अब 313 रुपए की जगह 442 चुकाने होंगे। वहीं हरिद्वार जाने वाली यात्रियों को 259 की जगह 266 देने होंगे। बताते चलें कि यह सभी बस मेरठ से गंगानगर, मवाना होते हुए वाया बिजनौर, हरिद्वार और ऋषिकेश जाएंगी।



# छात्राओं को टैबलेट और स्मार्टफोन का वितरण, खिले विद्यार्थियों के चेहरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए शुक्रवार को छात्र-छात्राओं को टैबलेट और स्मार्टफोन का वितरण किया गया। टैबलेट और स्मार्ट फोन पाने वाले विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए।इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी में टैबलेट, स्मार्ट फोन का वितरण किया गया।छात्र-छात्राओं से सदुपयोग करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि मजीदिया पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक रहें। जफर कुरैशी ने कहा कि हिन्दुस्तान के सभी बच्चो का मुस्तकबिल आपके हाथों में है में उम्मीद करता हूँ कि आप सभी शिक्षक के रूप में

उन सभी छात्र - छात्राओ का सर्वांगीण विकास में योगदान करें। भारत विभिन्न भाषाओं का विभिन्न जाति को मानने वालो मिसाल पूरी दुनिया में कही नही मिलती। इसलिए शिक्षक का और भी अधिक दायित्व हो जाता है की बच्चों का देश की प्रति बिना किसी भेदभाव के कार्य करे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी टैबलेट, स्मार्ट फोन का वितरण सदुपयोग अपनी पढ़ाई में करें। तकनीकी रूप से सक्षम बनें। इस दौरान सोनिया गर्ग, तसनीम, लायबा अंसारी, अफशा, सोबिया,इकरा आदि मौजूद रहे।

का और का देश के इस भी अधिक बिना श्रीमती मौके पर का देश है ऐसी नती इसालार शिक्षक नहीं मिलती दाभिन्व हो जाता किसी भेदभाव के कार्य करें।





**इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एजूकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी, सरधना की ओर से 50 छात्राओ को मोबाईल फोन बांटे गए।प्रबन्धक जफर द्वारा**

हिन्दुस्तान सुभी छात्राओं से अपील की. में बच्चो का मुस्तकनिल आपके हाथों में है में अमीद करता हूँ कि आप सभी शिक्षक के रूप सभी छात्त - छात्राओ का करें। भारत तया विभिन्न धर्मो में उन सर्वांगीण विकास में योगदान विभिन्न भाषाओं का विभिन्न जाती को मानने वालो मिसाल पूरी दुनिया में कही का और का देश के इस भी अधिक बिना श्रीमती मौके पर का देश है ऐसी नती इसालार शिक्षक नहीं मिलती दाभिन्व हो जाता किसी भेद?भाव के कार्य करें। सोनिया गर्ग श्रीमती लागबा असोश कु तसनीम, कु. अफशा, कु. सोवियाः कु. इकरा आदि।

# चलाएगा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा वेन कांवड़ियों सेवा लगेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ,राष्ट्रीय बजरंग दल की एक बैठक हुई। बैठक में एडवोकेट गौरव राघव प्रदेश महामंत्री अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ,राष्ट्रीय बजरंग दल, इंडिया हेल्थ लाइन सहित उसके सभी संगठन समाज में सेवा कार्य के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। सावन मास के इस कावड़ के अवसर पर एक बहुत बड़ी संख्या में शिव भक्त बृजघाट, हरिद्वार ,गोमुख और अन्य स्थानों से गंगा जल लेकर अपने शिवालयों पर जल चढ़ाते हैं। जिसके अंतर्गत गर्मी के समय पर उनको स्वास्थ्य संबंधी बहुत सारी दिक्कतें जैसे बुखार, खांसी पैरों में दर्द, पैरों में घाव,छाले हो जाना आदि अन्य समस्याएं हो जाती हैं। गौरव राघव ने आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल प्रत्येक वर्ष एक अपनी स्वास्थ्य सेवा वेन के नाम से सेवा गाड़ियों का संचालन सड़क पर करता है, जिसमें फर्स्ट ऐड संबंधित सभी दवाइयां, पट्टी, बैंडेड, दर्द की दवा आदि होती है, इनमें पीड़ित शिव भक्तों को तुरंत उनको फर्स्ट एड देकर उनके पैरों में पट्टी बांधकर, उनकी सेवा की जाती है ।

# शिक्षा और संस्कृति दोनों विद्यार्थी के लिए बेहद जरूरीः प्राचार्य विजय गर्ग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली) ।** सिंभावली किसान डिग्री कालेज में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रथम मेरिट में दो सौ इकियावन के लगभग छात्र

**दो अगस्त को लगेगी दूसरी मेरिट, 15 जुलाई से है पढ़ाई शुरू**

छात्राओं ने प्रवेश लिया है। वही दूसरी मेरिट अगस्त के प्रथम सप्ताह से शुरू होगी। उसके बाद प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

सिंभावली किसान कॉलेज के प्राचार्य विजय गर्ग ने बताया कि कालेज में प्रथम मेरिट की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।जिसमें बीए में, बीएससी, बीकॉम, बीएससी एजी में छात्र-छात्राओं का दाखिला हुआ है।वही द्वितीय मेरिट 2 अगस्त को लगाई जाएगी।

इसके बाद आगे की प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। छात्र-छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आय और जाति प्रमाण पत्र,आधार कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र की फोटो प्रतिलिपि के साथ ओरिजिनल डॉक्यूमेंट भी साथ लाएं। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में करीब 2000 है। जिनकी 15 जुलाई से पढ़ाई सुचारू रूप से चल रही है।विद्यार्थियों अपनी निर्धारित यूनिफॉर्म में समय से कालेज पहुंचे।उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कृति दोनों विद्यार्थी के लिए बेहद जरूरी है।

वहीं उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि अपने बच्चों को पर विशेष ध्यान हुए कॉलेज से भी संपर्क करते रहे।




# अलग-अलग स्थानों से आधा दर्जन से अधिक अभियुक्तों को पुलिस ने भेजा जेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर आपस में झगड़ा कर रहे आधा दर्जन से अधिक अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उनका चालान कर दिया है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में मतलूब पक्ष एवं अब्दुल्ला पक्ष में मारपीट हो गई दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले।

सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मौके से मतलूब, साकिब, जाकिर, अब्दुल्ला, अनस, शाहरुख को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। दुसरी और कस्बा एलम में रुपए की लेनदेन को लेकर अंकित व शाहरुख के बीच झगड़ा हो गया ।

# कोर्ट मैरिज करने पहुंचा प्रेमी युगल, तभी पहुंच गए युवती के परिजन, कोर्ट के बाहर परिजनों ने किया हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** जनपद के कचहरी परिसर में शुक्रवार को उस समय हंगामा होने लगा जब एक प्रेमी युगल कोर्ट मैरिज करने पहुंचा। युवती के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और प्रेमी जोड़े को कोर्ट में देख हंगामा करने लगे। लड़की अपने घर से पैसे, जेवर लेकर मेरठ में प्रेमी के पास शादी के लिए भागकर आ गई। लड़का, लड़की दोनों कोर्ट में शादी करने पहुंचे। पीछे से दोनों के घरवाले भी मौके पर पहुंच गए। लड़की के पिता ने बेटी को शादी से बहुत रोका। लेकिन लड़की ने एक न सुनी। लड़की प्रेमी से शादी करने पर अड़ी रही। हारकर पिता ने पूरे समाज के सामने बेटी से रिश्ता तोड़ लिया। वहीं युवती सबके सामने अपने प्रेमी के गले लिपटकर कहने लगी कि यही मेरा पति, मेरी जन्नत हैं। दो घंटे तक कोर्ट के बाहर हंगामा चलता रहा। अंत में पिता बेटी से सारे रिश्ते तोड़कर वापस चला गया। पूरा मामला मेरठ मवाना तहसील का है। जहां गुरुवार को मुजफ्फरनगर निवासी महरिश अपने प्रेमी आरिश के साथ कोर्टमैरिज करने पहुंची। आरिश ने बताया वो मवाना का रहने वाला है। 4 साल पहले उसकी महरिश से सोशल मीडिया के जरिए बातचीत हुई। चैटिंग के जरिए दोनों की बातचीत दोस्ती और प्यार में बदल गई। दोनों चार साल से एक दूसरे को चाहते हैं। शादी करके साथ रहना चाहते हैं। लेकिन घरवाले राजी नहीं। हम दोनों बालिग हैं अपनी पसंद से आज कोर्ट में वेलिड शादी करने आए हैं। प्रेमी आरिश से शादी करने के लिए जब महरिश के घरवाले राजी नहीं हुए तो महरिश घर से भाग आई। अपने साथ 6500 रुपए और चांदी के चंद जेवर भी ले आई। दोनों मिलकर मवाना में कोर्टमैरिज करने का वेट कर रहे थे। तभी वहां दोनों के घरवाले पहुंच गए। किसी तरह लड़के के घरवाले शादी को राजी हो गए, लेकिन लड़की का पिता नहीं माना। महरिश के पिता ने पुलिस को बताया कि बेटी की शादी एक साल पहले कहीं और कर चुके हैं।

बस विदाई नहीं हुई है।अब वो रिश्तेदारी में क्या मुंह दिखाएंगे। वो बेटी को साथ चलने के लिए समझाते रहे, लेकिन वो नहीं मानी। हारकर पिता ने समाज के सामने बेटी के सिर पर हाथ रखकर कसम खा ली।

## आयोजन छात्रों, शिक्षकों और अनुसंधान विद्वानों ने नवाचार और उद्यमिता के प्रति अपनी ताकत दिखाने के लिए उत्साहपूर्वक भाग लिया

# शारदा विश्वविद्यालय में नवाचार और उद्यमिता पर प्रशिक्षण और एक्सपोजर कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा ।** शारदा विश्वविद्यालय ने शिक्षा मंत्रालय इनोवेशन सेल की मेंटर मेंटी योजना के तहत नवाचार और उद्यमिता पर दो दिवसीय प्रशिक्षण और एक्सपोजर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन भुवनेश कुमार अतिरिक्त सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार, डॉ अरविंद कुमार, वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी अनुवाद व नवाचार विभाग ने किया गया।

विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर वाईके गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि उद्यमियों के लिए रचनात्मकता आवश्यक है, जो विचार सृजन, अवसर की पहचान, समस्या समाधान, नवाचार और विशिष्टीकरण को प्रेरित करती है।कहा कि उद्यमिता एक नया व्यवसाय शुरू करने और उसे प्रबंधित करने की कला है, जिसमें अवसर की पहचान, सोच-समझकर जोखिम उठाना और बदलती बाजार मांगों को पूरा करने के लिए समाधान तैयार करना शामिल है।रचनात्मक उद्यमी जोखिम उठाते हैं, प्रभावी ढंग से संवाद करते हैं और लगातार सीखते और अनुकूलन करते हैं। उन्होंने कहा कि रचनात्मकता उद्यमियों को चुनौतियों का सामना करने, अवसरों को भुनाने, नए समाधान बनाने और सफल उद्यम बनाने में सक्षम बनाती है। विश्वविद्यालय में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता गतिविधियों को मजबूत करने के लिए और अधिक सहायता प्रदान करने का पुरजोर आश्वासन दिया। डीन रिसर्च डॉ भुवनेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम उद्देश्य सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बीच अंतर को पाटना और शैक्षणिक संस्थानों में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देना है।छात्रों, शिक्षकों और अनुसंधान विद्वानों ने नवाचार और उद्यमिता के प्रति अपनी ताकत दिखाने के लिए उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विश्वविद्यालय उद्यमशीलता को बढ़ावा देने तथा छात्रों और शिक्षकों के बीच रचनात्मकता और उद्यम की संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस दौरान वाइस चांसलर डॉ सिबाराम खारा, शारदा लॉन्चपैड विभाग के डॉ. अमित सहगल और आईपीआर प्रमुख प्रोफेसर अविनाश कुमार समेत अन्य संकाय डीन और एचओडी मौजूद रहे ।





# इश्तहार नीलाम गंगा नहर, मेरठ डिवीजन गंगा नहर, मेरठ

पत्रांक 231/स0अ0-तृतीय दिनांक 23.07.2024

जो कि हस्व तफसील जैल का नीलाम मुकामात जेल पर किया जायेगा। लिहाजा बजरिए इश्तहार हाजा जुमला खरीदाराना हो इत्तिला दी जाती है कि जिस किसी को खरीद करना नीलाम का मंजूर हो बजरिए बोली नीलाम खरीद कर बाद खत्म नीलाम उसी वक्त चहारूम रूपया वसूल किया जायेगा और शरायत नीलाम बवक्त सुनाई जावेगी, मगर नीलाम उसी वक्त तक पुख्ता करार न दिया जायेगा जब तक की मन्जूरी जनबा सहाब एक्जीक्यूटिव इंजीनियर बहादुर को हासिल न हो जाएगी सबसे बडी या कोई बोली का मंजूर न करना लाजिमी होगा।

| क्र0 सं0 | नाम स्थल नीलाम | वृक्षो की प्रजाति एंव संख्या | वृक्षों की दशा | वृक्षों का स्थल | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय उपखण्ड तृतीय, मेरठ खण्ड गंगा नहर मेरठ | शीशम- 05 नग सीरस- 01 नग आम- 01 नग कोकाट- 01 नग | हरा खडा अयोग्य सूखे झुके/खडे हुये | राजवाहा अपर दौराला | नीलामी में बोली लगाने के लिये बोलीदाताओं का नीलामी में भाग लेने से पूर्व अंकन रू0 3000.00 धरोहर राशि (नकद/डिमाण्ड ड्राफट) अधिशासी अभियन्ता, मेरठ खण्ड गंगा नहर, मेरठ के नाम गठित समिति के पास जमा करना होगा। |

उपरोक्त नीलाम दिनांक 08.08.2024 को प्रातः 11 बजे गठित समिति द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है, जोकि सहायक अभियन्ता-तृतीय, मेरठ खण्ड गंगा नहर, मेरठ के कार्यालय परिसर में कराया जायेगा।

**सहायक अभियन्ता-तृतीय,**
**मेरठ खण्ड गंगा नहर, मेरठ**

# कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** हरिद्वार से गंगा जल



लेकर आ रहे हैं कांवड़ियों का पुष्प वर्षा और जल वितरण कर भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर जिला अधिकारी बिजनौर पुलिस अधीक्षक बिजनौर जिला अध्यक्ष भाजपा बांबी चौहान विधायक ओमकुमार भाजपा नेता राजीव अग्रवाल नकुल अग्रवाल आशु अग्रवाल तपराज सिंह मोनिका यादव राजीव टंडन गोल्डी सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# अधिवक्ता आशुतोष पांडेय ने बलात्कार,अपहरण और पाक्सो पीड़िता बच्ची को दिलाया न्याय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जाको राखे साइयां मार सके ना कोय...जी हां, एक ऐसा ही मामला राजधानी दिल्ली में एक बार फिर सामने आया है। जहां दिल्ली के अंदर बच्ची के साथ उसी के स्कूल

**आरोपी रेपिस्ट की जमानत हुई खारिज**

में पढ़े एक अपराधी किस्म के लडके गौतम ने पहले तो जबरन 20 वर्षीय अमाया (बदला हुआ नाम) के साथ अपहरण करके जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और फिर बाद में जब समाज में बात फैली तो उसके केस और सजा से बचने के लिए आर्य समाज मंदिर में शादी भी की। लेकिन उस युवक गौतम के परिजनों ने अमाया को स्वीकार नहीं किया।।जिसके बाद अपराधी किस्म का लड़का गौतम उससे छुटकारा पाना चाहता था। इसी बात को लेकर उसने एक चाल चली और वह लगातार अमाया(बदला हुआ नाम) को कर परेशान करने लगा। चूँकि गौतम से मिलने के लिए उसके पिता ने मना कर दिया था। लेकिन गौतम के सिर पर जुनून सवार था अमाया से अपना पीछा छुड़ाने के लिए। इसी को लेकर उसने बीते दिनांक 16 मई 2024 शाम तकरीबन 7:00 उसके घर के नीचे स्कूटी खड़ी कर उसे जबरन बुलाया और अपनी स्कूटी पर बैठाया और धमकाकर पार्क में बात करने की बोलकर होटल के एक कमरे में ले गया। जहां उसके साथ दरिंदगी की सारी हदें पार कर दी गई उसके साथ जबरन संबंध बनायें और पीड़ित को तकरीबन रात 3 बजे दिनांक 17/ मई 2024 को पश्चिम विहार ईस्ट के पास एक सुनसान पार्क में ले जाकर लड़की साथ जंघन्य तरीके से




मारपीट की गई उसने हद पार करते हुए एक पत्थर से लड़की के चेहरे पर गहरी चोट मारकर कुचला और गर्दन पर चाकुओं से वार किए इसके बाद उसे मृत जानकर उसी हालत में जिन्दा लडकी को लाश समझ कर उसी पार्क में फेंक फरार हो गया। लेकिन जाको राखे साइयां मार सके ना कोई अमाया में अब भी सांसे बची थी जब अमाया कुछ होश में आई तो अमाया ने किसी तरह से किसी की मदत से अपने घर पर फोन किया और अपने हालात की जानकारी दी आनंद फानन में उसके पिता राजेश्वर ( बदला हुआ नाम) वह और परिजन आए और उसकी हालत देखते हुए उसे दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। जहां उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण अमाया को एम्स हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर में रेफर कर दिया गया। जिसके बाद ट्रामा सेंटर में उसको गंभीर हालत से बाहर आने तक इलाज चला। कुछ दिन जब अमान्य बात करने की स्थिति में हुई तो 20 मई 2024 को परिजनों के साथ आकर अपने साथ हुई घटना के शिकायत दी। इस घटना के इतने दिन बीत जाने की वजह से आरोपी ने इसका फायदा उठाया और कोर्ट में अग्रिम जमानत दायर कर दी। पुलिस से मिलकर उसने कोर्ट को गुमराह कर-के उसका फायदा उठाकर लगातार वह कानूनी प्रक्रिया से बचता रहा वही कोर्ट में उन दिनों हड़ताल चल रही थी जिसके कारण अग्रिम जमानत भी बरकार रही इसका भी फायदा आरोपी को मिलता रहा। जिसकी वजह से अमाया अपने प्रति हुए कृत्य और उसके दोषी गौतम के लिए कानून संवत सजा के लिए लगातार प्रयास करती रही। इसी कड़ी में अमाया ने कोर्ट में अधिवक्ता आशुतोष पांडेय को अपनी बात रखने के लिए नियुक्त किया।

# डम्पिग ग्राउंड के विरोध में चल रहे "एक लाख हस्ताक्षर अभियान "ने पकड़ी गति, निगरानी कमेटी ने किया गावों का दौरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** डम्पिग ग्राउंड के विरोध में चल रहे "एक लाख हस्ताक्षर अभियान ने गति पकड़ ली है। समिति के अध्यक्ष सलेक भईया ने बताया कि समिति के प्रतिनिधि 14 गांवो में घर घर जाकर दरवाजे पर दस्तक देकर ज्ञापन पर हस्ताक्षर करा रहे हैं। बताया कि

**"एक पेड़ नगर निगम के नाम" अभियान के अन्तर्गत 28 जुलाई को डम्पिग ग्राउंड के पास होगा वृक्षारोपण**

शुक्रवार की शाम तक 13600 हस्ताक्षर होगए हैं। वहीं आज निगरानी कमेटी के सदस्यों शिवराज सिंह त्यागी, छत्रपाल बिधूड़ी, मास्टर प्रवीण त्यागी कृष्ण देव आर्य प्रधान, दक्ष नागर ने गांव रेवड़ी रेवड़ा, हुसैन पुर, सुल्तानपुर , मिलक चाकरपुर, भिक्कनपुर, मकरेडा, भादौली , भोवापुर, नंगला मोहनपुर में हस्ताक्षर अभियान की प्रगति की जानकारी ली, एवं सभी सम्मानित एवं वरिष्ठ नागरिकों से सम्पर्क कर अभियान में सहयोग करने की अपील की। हुसैन पुर के पूर्व प्रधान सुबोध त्यागी, सुल्तानपुर में चौधरी मदनपाल नम्बरदार, चौ राजपाल सिंह, पूर्व प्रधान मनोज चौधरी , भोवापुर के प्रधान सुनिल कुमार, अमित चौधरी प्रधान सहित अन्य ग्रामीणो से जनहित के इस कार्य में सहयोग करने का अनुरोध किया। जिस पर सभी हर तरह से



सहयोग करने का भरोसा दिलाते हुए हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए। सलेक भईया ने बताया कि भिक्कनपुर, मानौली, शमशेर, अटौर, बहादुर पुर, मथुरापुर, भोवापुर, नंगला मोहनपुर, शाहपुर, भादौली गांव में भी इस अभियान ने जोर पकड़ लिया है। महिला, पुरुष, युवा, किसान, मजदूर सभी बड़ी उत्सुकता से इस अभियान भाग ले रहे हैं। बताया कि दिनांक 28 जुलाई को विकास संघर्ष समिति गाजियाबाद एवं डम्पिग ग्राउंड हटाओ समिति भिक्कनपुर,(मुरादनगर) के संयुक्त तत्वावधान में "एक पेड़ नगर निगम के नाम" अभियान के अन्तर्गत डम्पिग ग्राउंड के पास वृक्षारोपण का कार्य किया जायेगा। जिसमें संचालन समिति के सभी पदाधिकारी म्पिग ग्राउंड के पास "एक पेड़, नगर निगम के नाम" लगाएंगे। इस वृक्षारोपण अभियान में करीब डेढ़ सौ पेड़ लगाए जाने की उम्मीद है।

# निराश्रित पशुओं के लिए कांवड़ यात्रा में नगर पालिका उदासीन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** कांवड़ यात्रा को लेकर जहां सभी चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन जुटा हुआ है वहीं नगर में कांवड़ यात्रा मार्ग पर आवारा धूम रहें निराश्रित पशुओं के चलते कांवड़ियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है क्योंकि कि हरिद्वार से नहर की पटरी से होकर मंडी समिति रोड कोतवाली मार्ग से गुरुद्वारा मालगोदाम तिराहे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड से हरिद्वार मार्ग मोटा आम तथा रामलीला मैदान से तहसील रोड पर कांवड़




यात्रा मार्ग पर बराबर दिन प्रतिदिन बढ़ती कांवड़ यात्रा मार्ग पर निराश्रित पशुओं का सड़क पर बैठे रहना धूमना कांवड़ियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है और अगर भीड़ में आवारा निराश्रित पशुओं के कारण कोई घटना होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा लेकिन नगर पालिका इसके लिए गम्भीर नहीं है जबकि अगर इस ओर गम्भीरता से ध्यान दिया जाए तो समस्या का समाधान पूर्ण रूप से हों सकता है इसलिए प्रशासन को चाहिए कि वह इस मामले को लेकर नगरपालिका को हिदायत दे ताकि कांवड़ियों और आम जनता को राहत मिल सके।

# विश्व स्तर के विज्ञान शिखर सम्मेलन में जय कौशिक करेंगी सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल का प्रतिनिधित्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली द्वारा आगामी सितंबर माह में आयोजित विज्ञान शिखर सम्मेलन में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल का प्रतिनिधित्व स्कूल की ही शिक्षिका जय कौशिक करेंगी। स्कूल का

**यूनाइटेड नेशन्स जनरल असेंबली कर रही है विज्ञान शिखर सम्मेलन आयोजित**

प्रतिनिधित्व करने विश्व स्तर पर स्कूल का प्रतिनिधित्व करने के लिए शिक्षिका जय कौशिक का नाम चयनित होने पर स्कूल की प्रधानाचार्या डा सरिता सिंधु सहित तमाम स्टाफ ने जय कौशिक को बधाई दी है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए स्कूल की प्रधानाचार्या डा सरिता सिंधु ने बताया कि आगामी 13 सितंबर को यूनाइटेड नेशंस जनरल




असेंबली द्वारा विज्ञान शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। डॉ सरिता सिंधु के मुताबिक भारत ए आई लैब फाउंडेश के संयोजक तुषार गुप्ता के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सुरेविन स्कूल ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा पद्धति जैसे वैज्ञानिक टेक्निकल एवं रोबोटिक आदि की शिक्षा प्रदान करने के अलावा प्रशिक्षण भी स्कूल द्वारा दिया जा रहा है। जिसमें स्कूल की शिक्षिका जय कौशिक बतौर स्पीकर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। डॉ सरिता सिंधु ने बताया कि शिक्षिका जय कौशिक की तकनीकी क्षेत्र में कुशल शिक्षण पद्धति को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें आगामी 13 सितंबर को यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली द्वारा आयोजित विज्ञान शिखर सम्मेलन में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विश्व स्तर के विज्ञान शिखर सम्मेलन में स्कूल का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी मिलने पर जहां शिक्षिका जय कौशिक स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही है वहीं जय कौशिक को शुभकामनाएं मिलने का सिलसिला निरंतर जारी है।

# बक्सर में वाल्मीकि समाज की बस्ती में जल भराव की खबर प्रकाशित होने पर सीडीओ ने किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली ब्लॉक की ग्राम पंचायत बक्सर में वाल्मीकि समाज की बस्ती में जल भराव की खबर प्रकाशित होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने गहनता से लिया संज्ञान।

**- वैट और टोडरपुर गांव में वृक्षारोपण संरक्षण करने के लिए किया प्रेरित**

निरीक्षण के दौरान जल भराव की समस्या से निजात दिलाने को लेकर राजस्व विभाग टीम को पैमाइश कर जलभराव खुलवाने के दिशा निर्देश जारी किए हैं। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत बक्सर कि बाल्मीकि बस्ती में जल भराव की समस्या को लेकर वाल्मीकि समाज के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा से विकास कार्यों की जांच एवं जल भराव से निजात दिलाने की मांग की थी।जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने गहनता से संज्ञान लेते हुए बाल्मीकि बस्ती का गहनता से निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जल भराव की समस्या से निजात दिलाने को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने राजस्व विभाग टीम को तालाब की पैमाइश कर जलभराव खुलवाने के दिशा निर्देश जारी किए। और साथ ही एडीओ पंचायत को निर्देशित किया गया है कि विकास कार्यों धांधली एवं नाला निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।विकास कार्यों में क्वालिटी को प्रथम वरीयता दी जाए। इसी के साथ मुख्य विकास अधिकारी ने गांव वैट एवं टोडरपुर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए जा रहे पौधा वृक्षारोपण का भी निरीक्षण पर संबंधित को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के साथ उनके संरक्षण करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत शिवम पांडे,जेई जितेंद्र कुमार, पंचायत सेक्रेटरीअवनीश कुमार सहित अन्य ग्रामीण ग्राम प्रधान इरम काशिफ, फैसल अहमद पूर्व प्रधान, रिफाक अली,आरिफ अली,कौसर परवेज, नासिर अली आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत जाहिदपुर सीकमपुर के विकास कार्यो की शिकायत में खुली पोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**भोजपुर (आसिफ)।** विकासखंड भगतपुर टांडा की ग्राम पंचायत जाहिदपुर सीकमपुर में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव द्वारा यूसुफ के घर से आसकार के घर तक सीसी टाइल्स नाली निर्माण मिट्टी कार्य दर्शाकर तीनलाख पचास हजार रुपये 27-3-2024 को निकाल लिये जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी लगी तो ग्रामीणों ने शिकायती पत्र जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी , एवं जिला पंचायत राज अधिकारी,को प्रेषित करते हुए यह आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में बिना कोई विकास कार्य कराए ही ब्लॉक के अधिकारियों व कर्मचारियों से साठ- गांठ कर भुगतान कर लिया गया है।



शिकायत की भनक जब ग्राम प्रधान को लगी तो ग्राम प्रधान ने आनन-फानन में शुक्रवार 26/7/2024 को विकास कार्य शुरू करा दिया। शिकायत के बाद रास्ते का काम शुरू होने से ग्रामीणों में काफी रोष है। परंतु अभी तक कोई भी उच्च अधिकारी इस ग्राम पंचायत में मौके पर जाँच करने नहीं पहुंचा है। जिससे साफ स्पष्ट है कि ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की मिली भगत से पहले ही भुगतान कर लिया गया था ।

# दरगाहें आलिया नजफे हिन्द की बिजली कटी मे मचा हाहाकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** विश्व प्रसिद्ध दरगाहें आलिया नजफे हिन्द की बिजली कट जाने से वहां रह रहे लोगों को भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है और जायरीनों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है क्योंकि बिजली नहीं होने से पानी भी नहीं है जिसके चलते बिजली-पानी के लिए भीषण गर्मी में जायरीनों को भारी



दिक्कत उठानी पड़ रही जबकि विधुत विभाग ने सात लाख से अधिक का बिजली बिल जमा नहीं करने पर ऐसा किया है जबकि यहां सालाना मजलिसों मैं भारी संख्या में चंदा आता है और बराबर जायरीन चंदा आदि देते हैं लेकिन कमेटी बराबर बदलाव होती रहती है जिस कारण यह स्थिति बन गई है।

# सांसद ने सीएम से की क्षतिग्रस्त मार्गों के निर्माण की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** बागपत मोदीनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें दो सूत्रीय मांगों से संबंधित मांग पत्र सौंपते हुए संसदीय क्षेत्र के दो क्षतिग्रस्त मार्गो के निर्माण की मांग की।

इस संबंध में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव रणबीर दहिया ने बताया कि बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान द्वारा सौंपे गए मांग पत्र में मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के गांव अबूपुर से गंग नहर पटरी तक तथा ग्राम खिंदौड़ा से पतला गंग नहर पुल तक



क्षतिग्रस्त हुए मार्गो के निर्माण की मांग की गई है। ताकि यहां से गुजरने वाले वाहनों की यात्रा सुगम हो सके। रणबीर दहिया के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मांग पत्र का संज्ञान लेते हुए दोनों मार्गो के शीघ्र ही निर्माण कराए जाने का आश्वासन सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान को दिया है। रणबीर दहिया ने बताया कि सांसद निर्वाचित होने के बाद से ही डॉक्टर राजकुमार सांगवान अपने संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर सक्रिय हैं। और अपनी इसी सक्रियता के चलते निरंतर सीएम के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारीयों व मंत्रियों आदि से मुलाकात कर अथवा मांग पत्र लिखकर अपने संसदीय क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने के लिए निरंतर मांग कर रहे हैं। रणबीर दहिया ने बताया कि सांसद के प्रयासों से इस संसदीय क्षेत्र में चहुंमुखी विकास होगा।

# पर्यावरण के वृक्षारोपण जरूरी: अंशुल मित्तल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा। (गजेन्द्र राठी)** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे है एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर के चंडी मंदिर स्थित प्रांगण में भाजपा



नगर अध्यक्ष अंशुल मित्तल के नेतृत्व में विभिन्न प्रजातियों के 51 पौधे लगाए गए व उनके देखभाल के लिए संकल्प लिया गया। पौधरोपण करने में वरिष्ठ भाजपा नेता विश्व प्रकाश शर्मा, ललित बंसल, जय भगवान शर्मा, पंकज शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गुरुग्राम में दर्दनाक हादसा : स्विमिंग पूल में ट्रेनर के सामने बच्चे की डूबने से मौत, तड़प-तड़प कर तोड़ा दम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुरुग्राम ।** गुरुग्राम में दर्दनाक हादसा हुआ है। वहां की बीपीटीपी पार्क सिरीन सोसाइटी के स्विमिंग पूल में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। आरोप लगाया गया है कि बच्चे की मौत स्विमिंग पूल की देखरेख और निगरानी के लिए रखे हुए लाइफ गार्ड की लापरवाही की वजह से हुई है। पुलिस ने सोसाइटी में स्विमिंग पूल के ट्रेनर को हिरासत में लिया है। क्या है पूरा मामला मामला मिवांशी सिंगला एक पांच वर्षीय बच्चा स्विमिंग पूल में तैरने के लिए उतरा, लेकिन रखरखाव एजेंसी की तरफ से वहां मौजूद लाइफ गार्ड ने ध्यान नहीं दिया।इसकी लापरवाही से बच्चा डूब गया। बच्चे को सिग्नेचर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चों के पिता बिन्नी सिंगल मारुति कंपनी में कार्यरत हैं। बिन्नी सिंगला अपनी पत्नी आशु के साथ बीपीटीपी के टावर-ख में रहते हैं। दोनों के दो बच्चे रुसदा सिंगला और एक बेटा है, जिसकी अब मौत हो चुकी है। पुलिस के पहुंचने के बाद स्थानीय निवासियों ने बिल्डर प्रबंधन और रखरखाव एजेंसी के विरुद्ध कारवाई करने की मांग की है।

**पुलिस का बयान**


पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की छानबीन करने में जुटी हुई है। पुलिस ने सोसाइटी में स्विमिंग पूल के ट्रेनर को हिरासत में लिया है।

# गुलदार को लेकर किसानों में उबाल एक गुलदार पिंजरे में कैद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर में विभिन्न स्थानों पर गुलदार का आतंक मचा हुआ है और इंसान व जानवरों को बराबर निशाना बनाया जा रहा है इसी को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने जिला वन अधिकारी कार्यालय पर धेराव करते हुए कार्यालय का गेट बंद कर धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी कर जिला वन अधिकारी से गुलदार को पकड़ने तथा वन विभाग से सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग करते हुए कहा कि





धरना प्रदर्शन व पिंजरे में कैद गुलदार

बराबर घटनाएं हो रही है इन्तेजाम कुछ भी नहीं है दूसरी ओर गांव बुडगरी में वन विभाग के द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक गुलदार कैद कर लिया गया जो आतंक का पर्याप्त बना हुआ था।

**हत्या** — आशा पूर्णा देवी मंदिर के पीछे झाड़ियों में क्षत-विक्षत अवस्था में उसका निर्वस्त्र धड़ बरामद हुआ

# 12 साल के बच्चे की गर्दन काटकर हत्या, मंगलवार से था लापता, इलाके में रोष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव सिरसा दबरई में 12 साल के बालक नीतेश कुमार की गर्दन काटकर निर्दयता पूर्वक हत्या कर दी गई। वह मंगलवार दोपहर बाद से लापता था। बृहस्पतिवार को पिता सोरन सिंह ने अपहरण की एफआईआर दर्ज कराई थी। शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे गांव के आशा पूर्णा देवी मंदिर के पीछे झाड़ियों में क्षत-विक्षत अवस्था में उसका निर्वस्त्र धड़ बरामद हुआ।

एक हाथ और बाएं पैर की अंगुलियां भी काट दी गईं। सारे कपड़े फटे और खून से सराबोर थे। दोपहर बाद तक सिर को तलाश किया जाता रहा, लेकिन उसका सिर बरामद नहीं हुआ। पुलिस ने आसपास की झाड़ियों को कटवाया। ग्रामीणों का कहना है कि बालक की हत्या करके उसके शरीर पर तेजाब जैसा कोई ज्वलनशील पदार्थ डाला गया था, जिससे उसका शरीर फूल गया और त्वचा काली पड़ गई। गांव सिरसा दबरई निवासी किसान सोरन सिंह का कहना है कि उनकी किसी से रंजिश नहीं है। वह सीधे-साधे किसान हैं। उनका बेटा नीतेश कुमार 23 जुलाई सुबह गांव के ही कुंवरपाल के खेत में मजदूरी पर धान की रोपाई करने गया था। दोपहर तक धान की रोपाई की। करीब 12 बजे घर आकर नहा कर खाना खाया और फिर करीब 2:30 बजे घर से बाहर निकल गया। जब वह देर शाम तक घर नहीं आया तो परिवार वालों को उसकी चिंता हुई।

उन्होंने जगह-जगह नीतेश को तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बृहस्पतिवार सुबह सोरन सिंह सिविल लाइंस थाने पहुंचे और नीतेश के अपहरण के आरोप में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। उसके बाद पुलिस ने भी नीतेश को तलाश करना शुरू कर दिया।

शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे सोरन सिंह के चचेरे भाई जगपाल का बेटा चक्रपाल गांव के किनारे स्थित आशा पूर्णा देवी मंदिर के पीछे झाड़ियों की ओर गया था। उसने सबसे पहले कुंवरपाल के खेत में झाड़ियों किनारे नीतेश का धड़ देखा। उसके शोर मचाने पर गांव के कई लोग मौके पर पहुंच गए। सोरन सिंह और उनके परिवारवाले भी रोते-बिलखते हुए आ गए। बालक की हत्या गर्दन काटकर की गई



थी। उसका शरीर काफी फूल गया था। त्वचा काली पड़ गई थी। ग्रामीणों का मानना है कि हत्या के बाद उसके शरीर पर कोई ज्वलनशील पदार्थ डाला गया होगा। जानकारी मिलने पर एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक मिश्रा और सिविल लाइंस इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह पहुंचे। उन्होंने झाड़ियों को कटवाकर बालक का सिर तलाश कराया, लेकिन उसका सिर नहीं मिला। वहीं नजदीक में एक खोपड़ी भी मिली है। उसको लेकर पुलिस संशय में है। फिलहाल पुलिस ने बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएसपी ने जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं।

# कुन्दरकी मे घर में घुसकर मारी गोली, एक युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )**। नगर के एक मौहल्ले निवासी युवक के घर मे घुसकर चार व्यक्तियों ने तमंचे से गोली मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल मुरादाबाद को रेफर किया गया है । कुन्दरकी

### रात मे आवाज देकर खुलवाया था दरवाजा

पुलिस ने नगर के चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।
नगर के मौहल्ला नूरूल्ला निवासी उवैश पुत्र शब्बन रात मे उवैश घर के बरामदे मे सोया हुआ था ।उवैश की मां रहमत जहां छत पर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सो रही थी। आरोप है कि रात मे एक बजे के बाद उवैश का दरबाजा







खटखटाया उवैश ने दरवाजा खोल दिया । जिस पर दरवाजा खुलते ही कुन्दरकी नगर निवासी नसीम, ने पुरानी रंजिश के चलते तमंचे से जान से मारने की नीयत से उवैश पर फायरिंग कर दी ।गोली उवैश के हाथ मे लग गई। उसी दौरान नसीम, तस्लीम,आजम,और फैसल,घर मे घुस गए। आरोप है कि तसलीम ने भी उवैश पर फायर किया । फायरिंग और शोर शराबा होने पर परिजन जाग गये और मौके पर आये तो आरोपी मौके से मोटरसाइकिल से भाग गये । उवैश पर जानलेवा हमले की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। और घायल उवैश को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया । हालत गंभीर होने पर अस्पताल से जिला अस्पताल मुरादाबाद को रेफर किया गया । युवक पर जानलेवा हमले की सूचना पर सिओ बिलारी राजेश कुमार तिवारी, मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया पीड़ित परिवार से घटना के संबंध मे जानकारी की । मौके पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची और साक्ष्य एकत्र किये । कुन्दरकी पुलिस ने उवैश की मां रहमत जहां की तहरीर के आधार पर आरोपी नसीम,तसलीम, आजम,और फैसल के खिलाफ गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

## महिलाओं के साथ मारपीट और छेड़खानी का लगाया आरोप

बुलन्द सदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)**। थानान्तर्गत एक गांव मे घर मे घुसकर महिलाओ के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट और छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश मे आया। परिवार की महिलाओ के साथ मारपीट के मामले मे ग्रामीण ने थाने पहुंचकर शिकायत की है । थानान्तर्गत गांव बगरौआ मे मोटरसाइकिल ले जाने को लेकर पहले विवाद हुआ था। ग्रामीण का आरोप है कि गांव के चार युवक गुरुवार की शाम को उसके घर मे घुस आये। ग्रामीण की पत्नी और बेटी और परिवार की महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर छेड़खानी भी की है । ग्रामीण का आरोप है उसके परिवार की महिलाओ को जान से मारने की धमकी भी दी । और पथराव भी किया है । मारपीट के कारण पीड़ित ग्रामीण की बेटी के चोट भी आयी है । मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस मे शिकायत की पुलिस ने पीड़ित ग्रामीण की बेटी के शरीर पर आयी चोटों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्दरकी पर मेडिकल परीक्षण भी कराया और ग्रामीण को मामले को लेकर उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है ।

## कारगिल विजय गाथा सुना छात्रों में देश भक्ति का भरा जोश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )**। बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में आज प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने बंधन सभा में छात्रों को 26 जुलाई 1999 कारगिल विजय गाथा सुनकर देशभक्ति का जोश भर दिया। हमारे देश के जांबाज सैनिकों ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देखकर कारगिल विजय प्राप्त की। इस दौरान छात्रों ने देशभक्ति का संकल्प लिया। शुक्रवार को प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने विजय दिवस के विषय में बताया कि 26 जुलाई 1999 को हुए कारगिल युद्ध में सेना के जांबाज सैनिकों अधिकारियों के बलिदान को याद करने के लिए तथा सेना के सेनिको को सम्मान देने के लिए कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। कारगिल युद्ध में भारत के कोने-कोने से लोगों ने भारतीय सैनिकों का समर्थन किया। यह युद्ध लगभग 3 माह तक चला था। इस युद्ध में भारत के लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, कैप्टन विक्रम बत्रा ,मेजर विवेक गुप्ता, मेजर राजेश सिंह और कई अन्य बहादुर सैनिकों ने अपना बलिदान दिया था। जिसमें से चार को परमवीर चक्र प्रदान किया गया। मुरादाबाद निवासी कैप्टन अखिलेश सक्सेना ने हाथ में तीन गोलियां लगने के बाद भी पीछे हटने के बजाय दुश्मनों के छक्के छुड़ाने रहे। इस दौरान आदित्य राघव, शिवम कुमार , सुषमा राघव, परीक्षा राघव, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# पंखा ठीक करते समय करंट की चपेट में आकर ग्रामीण युवक की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )**। क्षेत्र के



गांव मुंडिया राजा निवासी ग्रामीण युवक की बिजली करंट की चपेट में आकर मौत हो गई, बीती देर रात्रि 22 वर्षीय कमल कश्यप पुत्र मदन कश्यप घर का पंखा बंद होने पर उसे जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि कमल ही घर की लाईट ठीक करता था। ठीक कर रहा था। इसी बीच बिजली के करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। आनन फानन में परिजनों ने निजी चिकित्सकों को दिखाया, उससे पहले ही कमल ने दम तोड़ दिया था। कमल मजदूरी का काम करता था, परिवार में पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। कमल अपने परिवार में पांच बहन भाइयों में सबसे छोटा था, बड़े भाई धर्म सिंह और करन सिंह के अलावा बहन पूनम और कुसुम की भी शादी हो चुकी है। कमल की मौत के बाद मां भगवती देवी और पत्नी दुर्गेश सहित 2 वर्षीय पुत्र आयुष और 1 वर्षीय आयुषी का रो रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों के मुताबिक घर की लाइट खराब हो जाने पर कमल ही घर की लाइट ठीक करता था, अबकी बार ऐसा क्या हुआ जो घर की लाइट संभालते ही वह बिजली करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई, उसकी मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# स्कॉर्पियो ने बोलोरो पिकअप मे मारी टक्कर एक दर्जन से ज्यादा मजदूर घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** धनारी थाना क्षेत्र के गांव उधरनपुर अजमत नगर के पास एक स्कॉर्पियो कर ने बोलेरो पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी बोलोरो पिकअप में सवार लगभग 8 से 10 मजदूर तथा परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए तथा 10 से 12 मजदूर व परिजन के मामूली चोटे आई हैं घटना रात्रि के करीब 11:30 की है जब एक बोलेरो पिकअप ढइ 65 अ 5896 जो बहजोई थाना क्षेत्र के गांव मऊ मचखेरे से मजदूरों को लेकर चंडीगढ़ जा रही थी तो गांव उधरनपुर अजमतनगर के समीप पहुंचते ही रास्ते में रोड पर ब्रेकर लगे होने के कारण ब्रेक लेते समय पीछे से तीव्र गति में आ रही एक स्कॉर्पियो कर वढ 38 अउ 9991 ने बोलेरो पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी बोलोरो पिकअप में करीब 25 से 30 मजदूर व परिजन सवार थे जिसमें से लगभग 8 से 10 मजदूर पूजा पुत्री विजेंद्र उम्र 18,अंजलि पुत्री विजेंद्र उम्र 15, कविता पत्नी मोरपाल उम्र 30, मोहिनी पुत्री मोरपाल उम्र 7 माह, मोरपाल पुत्र किशन लाल उम्र 33, डब्लू पुत्र रमेश उम्र 25, दीपांशु पुत्र डब्लू उम्र 5 वर्ष के गंभीर चोटे आई हैं वहीं 10 से 12 मजदूर व परिजनों



दिव्यांशी पुत्री मनीष उम्र 2, अनीता पत्नी डब्लू उम्र 24,गुंजन पुत्री डब्लू उम्र 8, विजेंद्र पुत्र पहलाद उम्र 42 विनोद पुत्र रमेश उम्र लगभग 40 वर्ष सहित 8 से 10 लोगों के मामूली चोटे आई हैं टक्कर होने से गांव उधरनपुर अजमतनगर में उसे समय अफरा तफरी मच गई जिस समय टक्कर हुई थी ।
मौके से धनारी पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची धनारी पुलिस ने आनन फानन में डायल 108 की मदद से सभी घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने 8 से 10 मजदूरों की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल संभल के लिए रेफर कर दिया तथा मामूली चोटीलों को उपचार के बाद परिजनों को सौंप दिया तथा स्कॉर्पियो कर के चालक तथा स्कॉर्पियो कर तथा बोलोरो पिकअप को पुलिस ने अपने हिरासत में लेते हुए थाना धनारी ले आई

## हरियाली तीज को मनाने के लिए महिलाओं ने खरीदारी की शुरू, घेवर फेनी से "गुलजार "हो गई दुकानें

**कांठ (सुदेश विश्नोई)** । सुहागिन महिलाओं का मुख्य पर्व हरियाली तीज को परंपरागत रूप से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर में अनेक दुकानों पर घेवर फेनी बनाने एवं बिक्री प्रारंभ हो गई है' केसर का देसी घी का घेवर मिष्ठान - की चुनिंदा दुकानों पर 700 किलो बिक रहा है। हर साल श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की - तृतीया तिथि को हरियाली तीज मनाई जाती है। 7अगस्त को हरियाली -तीज है। इस दिन महिलाएं अखंड सौभाग्य और पति की दीघार्यु के



लिए हरियाली तीज का निर्जला व्रत रखती हैं। यह दिन मां पार्वती और भगवान शिव की अराधना करने का विशेष दिन माना जाता है।
इस पर्व को मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं महिलाओं ने श्रृंगार का सामान खरीदने के लिए मीना बाजार का रुख किया है महिलाएं इस पर्व को मनाने के लिए साड़ी, पायल, बिछवे, चूड़ियां, सिंगार का सामान आदि की खरीदारी कर रही हैं 'मिष्ठान की दुकानों पर घेवर फेनी की बिक्री शुरू हो गई है। क्वालिटी स्वीट के मालिक वकील अहमद ने बताया कि उनके यहां देसी घी से तैयार केसर के घेवर की डिमांड सबसे ज्यादा है। महिलाओं ने नए कपड़ों की भी खरीदारी शुरू कर दी है।

# समाजवादी पार्टी ने आरक्षण का अधिकार दिवस मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)** । समाजवादी पार्टी शुक्रवार को संविधान मान स्तंभ की स्थापना सभी पार्टी कार्यालय पर करके आरक्षण का अधिकार दिवस मनाया । इस अवसर पर समाजवादी पार्टी से कुन्दरकी विधानसभा के संभावित प्रत्याशी राम सिंह आर्य ने संविधान मान स्तंभ के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि आज के दिन 26 जुलाई सन 1902 में कोल्हापुर स्टेट के राज्य राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने दलित पिछड़ो के लिए आरक्षण की व्यवस्था की थी इसी योजना के तहत साहू महाराज ने डॉ भीमराव अंबेडकर को छात्रवृत्ति का लाभ देकर उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाने में विशेष योगदान किया।



और आज बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का योगदान कितना रहा कि उन्होंने आरक्षण को संवैधानिक दर्जा 26 जनवरी सन 1950 को संविधान बना कर दिया उनका उद्देश्य था कि हजारों सालों से जिन दलित पिछड़ो को सम्मान व अधिकार नहीं मिले हैं उनको आरक्षण से मिल जाएंगे।
इसमें महात्मा ज्योतिबा फुले का अधूरा कार्य साहू महाराज ने पूरा किया और साहू महाराज का अधूरा कार्य डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने पूरा किया ।
अब इस आरक्षण को दीमक लगाने का कार्य बीजेपी ने शुरू कर दिया है जो की एक निंदनीय हैं अब संविधान बचाने के लिए समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार 26 जुलाई 2024 को संविधान मान स्तंभ की सभी पार्टी कार्यालयो पर स्थापना करके आरक्षण का अधिकार दिवस मना कर समाजवादी पार्टी संविधान और आरक्षण बचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

# पंचायत सहायकों ने मानदेय बढ़ाने को लेकर विधायक को दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पंचायत सहायकों ने आज क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर को ज्ञापन सौंपा और उनका मानदेय बढाए जाने की मांग उठाई' ज्ञापन में कहा गया कि केन्द्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार लगातार धरातल पर प्रयास कर रही है, जिससे उत्तर प्रदेश की पंचायत सशक्त व खुशहाल नजर आ रही हैं। उन्हीं प्रयासों के क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा पूरे प्रदेश की 58189 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों की नियुक्ति हुई है। जिससे ग्रामीणों को सभी प्रकार की ऑनलाइन / ऑफलाइन सुविधाएँ सहित सभी योजनाएँ गाँव के पंचायत भवन पर ही उपलब्ध हो रही है तथा आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की ऑनलाइन/ऑफलाइन सुविधाओं के लिए ब्लॉक, तहसील भटकना नही पड़ रहा। आज पंचायत सहायक प्रशासन की मंशा के अनुरूप गाँव के नागरिकों तक योजनाओं का लाभ पहुँचा रहे हैं। गाँव के विकास में रीढ़ की हड्?डी माने जाने वाले पंचायत सहायकों के जीविकोपार्जन में लाले पड़े है। पंचायत सहायक अपने गाँव के टॉपर हैं परन्तु उन्हें आज मनरेगा श्रमिकों से भी कम मानदेय प्राप्त हो रहा है, जिससे उनका जीविकोपार्जन नहीं हो पा रहा है, पंचायत सहायकों का जीवन अधर में है इसलिए पंचायत सहायकों को सम्मान जनक मानदेय 30000/माह दिया जाए तथा इनकी स्थायी नियुक्ति की जाए। इस अवसर पर शुभम कुमार प्रदीप कुमार, मेराज अली, सोनम, दिनेश आदि मौजूद रहे।




# कुन्दरकी जीरो पॉइंट पर सड़क हादसे में एक बच्ची की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)**। जीरो पॉइंट पर सड़क हादसे में एक बच्ची की मौत हो है।मृतक





बच्ची के मां भूरी निवासी मुढिया मलूकपुर मूंढापांडे ने जानकारी देते छह बताया वह अपनी 12 वर्षीय बेटी गुल्फिजा के साथ अपनी बड़ी बेटी आमना की सुसराल टेवरखास को जा रही थी।बस से उतरकर वह ई. रिक्शा में बैठकर तेवर खास गांव को जा रही थी । लोगों ने बताया कि ई.रिक्शा जैसे ही कुन्दरकी बिलारी जीरो पॉइंट पर पहुँचा तभी सामने से आ रहे एक बेकाबू ट्रक ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे के दौरान ई रिक्शा में 5 सवारियां बैठी हुई थी।टक्कर लगने ई रिक्शा पलट गया हादसा देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई ।वहीं ट्रक चालक ट्रक को छोड़ मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने से ई रिक्शा में बैठी सवारियां और मां बेटी में से 12 वर्षीय बेटी गुलफिजा की मौके पर मौत हो गई। मौत से मां रोने विलखने लगी। वहीं सूचना पर कुंदरकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
वहीं घायलों को उपचार के लिए कुन्दरकी के सरकारी अस्पताल मे भर्ती करा दिया। जहां पर एक घायल की हालात को नाजुक देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया। बच्ची की मौत से मां का रो-रो कर बुरा हाल है और परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

**कुन्दरकी हाइवे पर तीन दिन में तीन मौत**

मुरादाबाद चंदौसी हाईवे पर आए दिन हादसे होते रहते हैं पिछले तीन दिनों में लगातार तीन हादसों में तीन लोगों की जान चली गई।
डिवाइडर की कमी के कारण और तेज रफ्तार के कारण हाइवे पर हादसे हो रहे हैं। पहले भी मुरादाबाद चंदौसी हाईवे पर कई बड़े हादसे हो चुके हैं। इसके बाद लोगों ने डिवाइडर की मांग उठाई थी, लेकिन आज तक डिवाइडर की मांग पूरी नहीं हो सकी। जिसके कारण हाईवे पर लगभग हर दिन किसी न किसी की जान चली जाती है।

## गृह शिक्षक बनाने का झांसा देकर ठगी, छह पर मुकदमा हुआ दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। मुस्फाला भैंसिया निवासी प्रदीप श्रीवास्तव, साधना पत्नी सचिन भट्नागर आदि ने एसएसपी को एक शिकायती पत्र दिया था, जिसमें बताया कि करीब छह माह पूर्व आदित्य यादव, अजय कुमार, संतोष राजपूत, रिवाजन और राजवीर उनसे अलग-अलग मिले थे। सभी ने खुद को मुनि वेलफेयर सर्विसेस ( आरएफएस ग्रुप इण्डिया ) का सदस्य बताया और कहा कि उनकी संस्था गांव-गांव में गृह शिक्षक बना रही है। संस्था का कार्यालय दलतपुर में संचालित बताया। आरोपियों ने उन्हें अपने संस्थान से जोड़ लिया। इसके लिए सभी को रजिस्ट्रेशन फार्म भी उपलब्ध करवाया गया। इच्छुक गृह शिक्षक से पंजीकरण के लिए 4000 और 2400 रुपये जमा करवाए गए। बदले में 800 रुपये हर माह संस्थान की ओर से दिए जाने की बात कही गई। झांसे में आकर उन लोगों ने बीते छह माह तक संस्थान के लिए काम किया और 1 हजार से अधिक लोगों से 50 लाख रुपये तक जमा करा दिए। आरोप है कि रकम जमा करवाने के बाद संस्थान के लोग भाग गए। पीड़ित प्रदीप और साधना ने बताया कि उन्होंने 9 लाख रुपये लोन लेकर उक्त संस्था में टीचर्स की आईडी बनाने के लिए दिए थे। एसएचओ मूंढापांडे आरपी शर्मा के मुताबिक आरोपी आदित्य यादव, विजय कुमार, अजय कुमार, संतोष राजपूत, रिजवान, राजवीन और किराये पर दुकान देने वाले के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# दुर्घटनाओं को रोकने के लिए खतरनाक मोड़ पर युवा समाजसेवी ने स्थापित कराए 4 रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। कांठ - अमरोहा मार्ग पर पड़ने वाले महमूदपुर के मोड़ पर आये दिन हादसे होते रहते हैं पिछले कुछ दिनों से इन हादसों की संख्या काफी बढ़ गई है यहां विद्युत पोल से टकराकर कई लोगों की मृत्यु भी हो गई है जिसकी वजह से नगर पंचायत उमरी कला की विद्युत आपूर्ति हुई ठप हो गई थी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विधानसभा के युवा समाजसेवी सैयद मोहम्मद आजम अली ने चार रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगवाएं हैं, जानकारी के अनुसार खतरनाक मोड़ पर आए दिन हो रही घटनाओं का संज्ञान लेकर युवा समाजसेवी चेयरमैन पुत्र सैयद आजम अली ने काँठ-अमरोहा मार्ग पर पढ़ने वाले महमूदपुर के मोड़ पर रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड आज



लगवाए हैं । काफी बार इस मोड़ पर गाड़ियां खम्बों से टकरा जाती थी जिसकी वजह से नगर पंचायत उमरी कलाँ समेत रसूलपुर विद्युत आपूर्ति केंद्र से जुड़े हुए सभी गाँव की बिजली 24 घंटे तक के लिए गायब हो जाती थी , पिछले दो माह में दो घटनाएँ ऐसी हुई जिसमें गाड़ियां खम्बों से आकर टकरा गई। इन सभी घटनाओं के मद्देनजर युवा समाजसेवी ने रिफ्लेक्टिव बोर्ड लगवाए' इस खतरनाक मोड़ पर बोर्ड लगवाने के लिए अवर अभियंता एवं थाना प्रभारी निरीक्षक ने मांग उठाई थी ' युवा समाजसेवी विधानसभा काँठ छेत्र में जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं । खतरनाक मोड़ पर साइन बोर्ड लगाए जाने की अनेक लोगों ने सराहना की है।

**मीडिया से की बात** नीति आयोग की बैठक में भाग लेने दिल्ली रवाना होने से पहले सीएम ने मीडिया से की बात

# अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी में देंगे वेटेज : योगी आदित्यनाथ

ममदूद वारसी
बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ** । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएएसी बल में वेटेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के रूप में देश को ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक मिलेंगे। सीएम योगी ने अग्निवीर मुद्दे पर विपक्ष की राजनीति को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विरोधियों का काम हर प्रगति और रिफॉर्म वाले कार्य में अड़ंगा लगाने, टांग अड़ाने और अफवाह फैलाने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। बीते 10 साल में भारत में बेहतरीन रिफॉर्म हुए हैं। सीएम योगी ने कहा कि भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और इसके साजो-सामान के मामल में हम आत्मनिर्भरता की ओर से बढ़ रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में शामिल होने से पहले शुक्रवार शाम यहां अपने सरकारी आवास पर सीएम योगी मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

समय-समय पर रिफॉर्म अत्यंत जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश और समाज के लिए प्रगति और समृद्धि के नित नये प्रतिमान स्थापित करने के लिए समय-समय पर होने वाला रिफॉर्म अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। हर फील्ड में पिछले 10 साल में बेहतरीन रिफॉर्म हुए हैं।

> **मुख्यमंत्री ने कहा, अग्निवीर के रूप में देश को मिलेंगे ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक**
>
> **हर प्रगति और रिफॉर्म वाले कार्य में टांग अड़ाना और अफवाह फैलाना विपक्ष का काम : योगी**

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अथर्व्यवस्था को एक सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाने और दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में लाने के लिए कार्य किये गये हैं। एक तरफ हम समृद्धि के नित नये सोपान छू रहे हैं, तब हमें राष्ट्रीय सुरक्षा को भी उतना ही महत्व देना होगा। सेना और उनके साजो सामान में आत्मनिर्भरता के लिए उठाये गये कदम हों या आधुनिकिकरण के लिए लिए गये त्वरित निर्णय, आज अत्याधुनिक फाइटर प्लेन भारत के पास हैं।

अग्निवीर को लेकर युवाओं में उत्साह

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी और तमिलनाडु में डिफेंस इंडस्ट्रियल कारीडोर विकसित हो रहा है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड में हजारों करोड़ का निवेश आया है। चाहे भारत डायनेमिक्स लिमिटेड का कार्य हो या ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की दिशा में प्रगति, हमने लंबी छलांग लगाई है। सेना भी हमारी इस गति के साथ आगे बढ़ रही है।
अग्निवीर की योजना भारतीय सेना में इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। इसे लेकर युवाओं में उत्साह है। 10 लाख अग्निवीर भारतीय सेना के अग्निपथ पर मजबूत जवान के रूप में अपनी सेवा देने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। दुर्भाग्य है कि कुछ राजनीतिक दलों के लिए स्वयं की राजनीति देश से बड़ी हो गई है। वो देश की कीमत पर राजनीति करना चाहते हैं। वह हर रिफॉर्म और प्रगति वाले कार्य में टांग अड़ाने, गुमराह करने और बयानबाजी करने जैसे कृत्य करते रहते हैं। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर लगातार युवाओं को गुमराह कर रहा है।

# कारगिल विजय दिवस : शहीद अरविंद की शहादत पर खूब बहाए आंसू, परिजनों से किए वादे सरकार ने 25 साल बाद भी नहीं किए पूरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। देश में आज कारगिल विजय दिवस मनाया गया 'देश के लिए अपने प्राणों को न्योछापर करने वाले मिलक गांव के अरविंद सिंह महज 21 वर्ष की उम्र में कारगिल युद्ध में शहीद हो गए थे। हम कारगिल विजय दिवस मना रहे हैं पर शहीद अरविंद सिंह के माता-पिता अभी तक उन पलों को याद करके फफक पड़ते हैं जब बेटे ने सीने पर गोलियां खाकर देश के लिए बलिदान दे दिया। कारगिल युद्ध इतना आसान नहीं था। बफीर्ली चोटियों के बीच खुद को बचाना और दुश्मनों का मुकाबला करना दोनों चुनौती थी' अपने तैनाती स्थल पर अपने घर से जब अरविंद 13 जून 1999 को वापस जाने लगे तो मां चंद्रवती की आंखें नम हो गईं। बेटे ने गले लगाते हुए मां से कहा कि युद्ध छिड़ चुका है। मैं देश की रक्षा के लिए नौकरी में आया हूं। देश की रक्षा के लिए पीठ नहीं दिखा सकता सीने पर गोली खाकर भी देश की रक्षा करूंगा। वह शब्द उनके कानों में आज भी गूंजते हैं। छह भाई-बहनों में सबसे बड़े अरविंद दोबारा लौटकर नहीं आएंगे यह तो किसी ने नहीं सोचा था। इतनी कम उम्र और नौकरी की इतनी कम अवधि में वह कुर्बान हो गए।जिन्होंने अरविंद सिंह की शहादत पर खूब आंसू बहाए परिजनों से वादे किए वह आज तक अधूरे हैं। अफसर हों या नेता किसी ने बाद में पलटकर भी नहीं देखा। अरविंद सिंह के भाई धर्मेंद्र बताते हैं कि मिलक आवी हफीजपुर का नाम अरविंद नगर होना था जो अभी तक नहीं हो सका। तत्कालीन सरकार ने 25 बेड का अस्पताल अमर शहीद अरविंद के नाम पर बनवाने का वादा किया था वह भी पूरा नहीं हो सका। अरविंद की प्रतिमा भी जयपुर से लाकर खुद लगवाई। वहां टिन शेड तक नहीं लगाया जा सका।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# टीवी एक्ट्रेस शांभवी सिंह बारिश में मौज-मस्ती को करती हैं मिस

टीवी एक?ट्रेस शांभवी सिंह ने मानसून से जुड़ी अपनी कुछ यादें ताजा की हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यह मौसम बेहद पसंद है। लेकिन वह अब इसका पूरा आनंद नहीं ले पातीं।

सुपरनैचुरल थ्रिलर 10:29 की आखिरी दस्तक में प्रीति की भूमिका निभाने वाली शांभवी सिंह ने कहा, मानसून का मौसम मुझे बेहद पसंद है। मैं हमेशा ही इसका मजा लेती हूं। मुझे याद है कि स?कूल के दिनों में मैं हमेशा बारिश का इंतजार करती थी, क्योंकि भारी बारिश के कारण हमें स्कूल से छुट्टी मिल जाती थी।

उन्होंने कहा, मैं उन दिनों जानबूझकर घर पर छाता भूल जाती थी ताकि मैं घर आते समय भीग कर अपने दोस्तों के साथ मौज-मस्ती कर सकूं। मेरी मां इस पर बहुत नाराज होती थी, क्योंकि मैं अक्सर इसके बाद बीमार पड़ जाती थी। मुझे लगता है कि हर बच्चे के पास बारिश से जुड़ी हुई अपनी खास यादें होती हैं। उन्होंने कहा, कभी-कभी बड़े होने के साथ-साथ लोग बदलने लगते हैं, लेकिन उनके बारे में एक चीज जो नहीं बदली है, वह है बरसात के मौसम के लिए उनका प्यार।

एक्ट्रेस ने कहा, अब चीजें थोड़ी अलग हैं क्योंकि मुझे अब अपनी खिड़की के पास बैठकर अपनी मां के हाथ की पुदीने की चटनी और पकोड़े खाने का समय नहीं मिलता। मुझे काम के चक्कर में मेरी पसंदीदा चीजों के लिए समय ही नहीं मिलता।

उन्होंने बताया कि 10:29 की आखिरी दस्तक की शूटिंग शुरू होने के बाद से उन्होंने नाइट शिफ्ट में काम किया है।

उन्होंने कहा, मैं इतना थक जाती हूं कि दिन के समय बस सोना चाहती हूं। इसलिए ट्रेवल करते समय मैं अक्सर बारिश का आनंद लेती हूं, अपनी खिड़की खुली रखती हूं और सुनिश्चित करती हूं कि मेरे चेहरे पर बारिश की बूंदें पड़ें और मैं मानसून के हर पल का आनंद ले सकूं।शो में राजवीर सिंह अभिमन्यु सिन्हा की भूमिका में हैं। इसमें आयुषी भावे और कृप सूरी भी हैं।यह शो स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

# प्रभास की कल्कि 2898 एडी का बॉक्स ऑफिस पर जलवा जारी, घटती कमाई के साथ फिर इतिहास रचने को तैयार फिल्म

प्रभास की लेटेस्ट सुपर ब्लॉकबस्टर 'कल्कि 2898 एडी' ने 27 जून को स्क्रीन पर आने के बाद दुनिया भर में पांच भाषाओं में बॉक्स ऑफिस काउंटर पर धूम मचा दी. नाग अश्विन द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया है. इसी केसाथ फिल्म ने भी जमकर कारोबार किया है. फिल्म अपने बजट से कहीं ज्यादा मुनाफा कमा चुकी है और रिलीज के चौथे हफ्ते में भी कमाई कर रही है. चलिए यहां जानते हैं 'कल्कि 2898 एडी' ने रिलीज के 27वें दिन कितना कलेक्शन किया है.

प्रभास स्टारर एपिस साइंस फिक्शन एक्शन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को रिलीज हुए एक महीना पूरा होने वाला है लेकिन इस फिल्म का क्रेज अब भी बरकरार है. फिल्म रिलीज के चौथे हफ्ते में पहुंच चुकी है लेकिन इसकी बॉक्स ऑफिस पर से पकड़ ढीली नहीं हो रही है. तमाम फिल्मों के रिकॉर्ड ब्रेक कर चुकी 'कल्कि 2898 एडी' ने चौथे वीकेंड पर तो जबरदस्त कारोबार किया था. हालांकि वीकेंड में एक बार फिर फिल्म की कमाई में गिरावट देखी जा रही है। वहीं 'कल्कि 2898 एडी' के कलेक्शन की



बात करे तो फिल्म ने पहले हफ्ते में 414.85 करोड़ का कलेक्शन किया था. दूसरे हफ्ते में 'कल्कि 2898 एडी' ने 128.5 करोड़ रुपये कमाए. वहीं तीसरे हफ्ते की कमाई 56.1 करोड़ रुपये रही. अब रिलीज के चौथे हफ्ते में फिल्म ने जहां चौथे शुक्रवार 2.9 करोड़ कमाए तो चौथे शनिवार 'कल्कि 2898 एडी' ने 6.1 करोड़ और चौथे रविवार 8.4 करोड़ का कलेक्शन किया जबकि चौथे सोमवार फिल्म की कमाई 1.65 करोड़ रही. वहीं अब फिल्म की रिलीज के चौथे मंगलवार की कमाई के शुरूआत आंकड़े आ गए हैं.


सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'कल्कि 2898 एडी' ने रिलीज के चौथे मंगलवार को 2 करोड़ का बिजनेस किया है. इसके बाद 'कल्कि 2898 एडी' की 27 दिनों की कुल कमाई अब 620.50 करोड़ रुपये हो गई है.

'कल्कि 2898 एडी' की कमाई का ग्राफ चौथे हफ्ते में फिर लुढ़क गया है. हालांकि घटकी कमाई के साथ ये फिल्म हर दिन अपने कलेक्शन में करोड़ों रुपये जोड़ रही है. इसी के साथ ये फिल्म शाहरुख खान की जवान के लाइफ टाइम कलेक्शन 643.87 करोड़ के रिकॉर्ड को ब्रेक करने से बस 23 करोड रुपये दूर रह गई है. उम्मीद है कि इस हफ्ते तक फिल्म ये उपल्बिध भी हासिल कर लेगी. फिलहाल हर किसी की निगाहें बॉक्स ऑफिस पर टिकी हुई हैं।

# पिंक लहंगा पहने प्रज्ञा जैसवाल ने कातिलाना अदाओं से लूटी लाइमलाइट, तस्वीरें देख लट्टू हुए फैंस

साउथ की खूबसूरत हसीना प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट ग्लैमरस पोस्ट इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कर अक्सर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने लहंगा पहनकर बेहद ही स्टाइलिश अंदाज में फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वो काफी बोल्ड और स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक अंदाज




इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ बेहद ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वो अपना कातिलाना हुस्न फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने पिंक कलर का बेहद खूबसूरत लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई कैमरे के सामने कहर बरपा रही हैं। चेहरे पर प्यारी सी मुस्कान, गले में नेकलेस और बालों को स्टाइल कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर दिल हार जाते हैं। साथ ही लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए भी नहीं थकते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने प्रज्ञा जैसवाल की इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए टू मच हॉट लिखा है। वहीं दूसरे यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए स्टनिंग लिखा है। ऐसे ही एक के बाद एक कॉमेंट्स और रिएक्शंस आ रहे हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी लंबी है।

# बॉक्स ऑफिस पर अंतिम सांसें गिन रही सरफिरा, इंडियन 2 की भी हालत खराब

अक्षय कुमार स्टारर सरफिरा और कमल हासन की इंडियन 2 12 जुलाई को बॉक्स ऑफिस पर भिड़ीं थी. दोनों फिल्मों का रिलीज से पहले काफी बज था लेकिन सिनेमाघरों में दस्तक देन के बाद सरफिरा तो पहले ही दिन फुस्स हो गई. वहीं इंडियन 2 की शुरूआत तो अच्छी हुई लेकिन फिर इसके बाद ये बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म नही कर पाई. दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर मुीभर कमाई के लिए तरस रही हैं खासतौर पर सरफिरा का हाल बेहद बुरा है. चलिए यहां जानते हैं इन फिल्मों ने रिलीज के 12वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

अक्षय कुमार की सरफिरा से काफी उम्मीदें थीं. फिल्म के ट्रेलर को मिले रिस्पॉनस के बाद ऐसा लग रहा था कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करेगी. हालांकि हुआ इसका उल्टा सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद सरफिरा को दर्शकों से काफी ठंडा रिस्पॉन्स मिला. हालांकि ओपनिंग वीकेंड पर फिल्म की कमाई में थोड़ी तेजी भी आई लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ क्योंकि वीकडेज में फिर सरफिरा के बिजनेस को तगड़ा झटका लगा. फिल्म को रिलीज हुए 12 दिन हो चुके हैं और ये 25 करोड़ का कलेक्शन भी नहीं कर पाई है.



सरफिरा की कमाई की बात करें तो फिल्म ने पहले हफ्ते में 18.75 करोड़ की कमाई की. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के दूसरे हफ्ते में है जहां इसने सेकंड फ्राइडे 40 लाख की कमाई की. वहीं दूसरे शनिवार फिल्म ने 85 लाख, दूसरे रविवार 1.2 करोड़ और दूसरे सोमवार 22 लाख का बिजनेस किया. वहीं अब सरफिरा की रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक सरफिरा ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 35 लाख की कमाई की है. इसी के साथ सरफिरा का 12 दिनों का कुल कलेक्शन अब 21.80 करोड़ रुपये हो गया है.कमल हासन की 1996 में आई इंडियन ब्लॉकबस्टर रही थी. हालांकि इस फिल्म की सीक्वल इंडियन 2 बॉक्स ऑफिस वो जादू नहीं चला पाई जिसकी उम्मीद की जा रही थी. फिल्म रिलीज के बाद से टिकट काउंटर पर बेहद खराब परफॉर्म कर रही है. दरअसल फिल्म को रिलीज होने के बाद मिले निगेटिव रिव्यू ने इसका बंटाधार कर दिया और कमल हासन स्टारर ये फिल्म कमाई के मामले में पिछड़ गई. हालात ये हैं कि इंडियन 2 बॉक्स ऑफिस पर मुट्ठीभर कमाई के लिए जमकर पसीना बहा रही है। इंडियन 2 के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते में 70.4 करोड़ की कमाई की थी. वहीं दूसरे हफ्ते के सेकंड फ्राइडे 1.3 करोड़, दूसरे शनिवार फिल्म ने 1.88 करोड़, दूसरे रविवार 2.07 करोड़ और दूसरे सोमवार को 1.3 करोड़ की कमआई की.।

# नॉन स्टिक में बना खाना कर सकता है बीमार, टेफ्लॉन फ्लू का बढ़ रहा है खतरा, जानें कारण और इसके लक्षण

साफ- सफाई और आसानी से खाना बनने कारण बनाने के कारण आजकल ज्यादातर घरों में लोग नॉनस्टिक बर्तन का इस्तेमाल करते हैं. नॉन स्टिक बर्तन को साफ करने भी आसानी होती है. लेकिन हाल ही में हुए रिसर्च में इस बर्तन को लेकर चिंता जताई गई है. कहा गया है कि नॉन स्टिक पैन में पका खाना खाने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती है।

खासकर एक खास तरह के टेफलॉल फ्लू का खतरा बढ़ा है. वाशिंगटन पोस्ट की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले 20 सालों में यूएस पॉइजन सेंटर्स ने पॉलिमर फ्यूम फीवर के 3,600 से अधिक रिपोर्ट दर्ज की गई है. जो एक नॉनस्टिक पैन कोटिंग्स से जुड़ी फ्लू जैसी बीमारी है.साल 2023 में नॉन स्टिक पैन से होने वाली बीमारी के 267 मामले देखे गए. जोकि साल 2000 के बाद से काफी अधिक था.



### टेफ्लॉन फ्लू क्या है?

टेफ्लॉन फ्लू, जिसे पॉलिमर फ्यूम फीवर के नाम से भी जाना जाता है. गर्म टेफ्लॉन से निकलने वाले धुएं को सांस के जरिए अंदर लेने से होने वाली एक अस्थायी स्थिति है. यह अक्सर व्यावसायिक जोखिम या उच्च तापमान पर टेफ्लॉन-से बनी कुकवेयर का उपयोग करने से जुड़ा होता है।

### टेफ्लॉन फ्लू के कारण

टेफ्लॉन फ्लू, जिसे पॉलिमर फ्यूम फीवर के नाम से भी जाना जाता है. नॉनस्टिक कुकवेयर के ज्यादा गरम होने से होता है. जब नॉनस्टिक पैन खास तौर पर पॉलीटेट्राफ्लुओरोएथिलीन से बनी पैन, जिसे आमतौर पर टेफ्लॉन के नाम से जाना जाता है, को 500एफै (260एसेल्सियस) से ज्यादा तापमान पर गर्म किया जाता है, तो वे धुएं छोड़ सकते हैं. इन धुएं में परफ्लुओरोऑक्टेनोइक एसिड और अन्य फ्लोरिनेटेड यौगिक जैसे जहरीले रसायन होते हैं. जो सांस के जरिए अंदर लेने पर हानिकारक हो सकते हैं।

### टेफ्लॉन फ्लू के लक्षण

काफी ज्यादा गर्म टेफ्लॉन-से बनी पैन से निकलने वाले धुएं के संपर्क में आने से फ्लू जैसी अस्थायी स्थिति हो सकती है.

### टेफ्लॉन फ्लू के लक्षण

सिरदर्द
ठंड लगना
बुखार
मतली
सीने में जकड़न
खांसी
गले में खराश

ये लक्षण आमतौर पर संपर्क में आने के कुछ घंटों बाद दिखाई देते हैं और कुछ दिनों तक रह सकते हैं. हालांकि यह स्थिति आम तौर पर गंभीर नहीं होती है, लेकिन यह असहज और चिंताजनक हो सकती है.

### खुद को बचाने के तरीके

टेफ्लॉन फ्लू के जोखिम को कम करने और नॉनस्टिक कुकवेयर के सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए, इन सावधानियों का पालन करें.

### इससे बचने के लिए क्या करें

एक सही तापमान पर खाना पकाएं नॉन स्टिक पैन को ज्यादा गर्म कर-के खाना न पकाएं. इसे हमें कम गर्म करने की सलाह दी जाती है. अगर आपको ज्यादा तापमान पर खाना पकाने की जरूरत है तो स्टेनलेस स्टील या कास्ट आयरन जैसे दूसरे तरह के कुकवेयर का इस्तेमाल करें.

### अपनी रसोई को हवादार रखें

एग्जॉस्ट फैन का इस्तेमाल करके या खिड़कियां खोलकर अपने खाना पकाने के दौरान वेंटिलेशन जरूर करें. इससे निकलने वाले किसी भी धुएं को बाहर निकालने में मदद मिलती है.

### नए पैन का इस्तेमाल करें

अगर आपके नॉनस्टिक पैन पुराने या खरोंच वाले हैं, तो उन्हें बदल दें. क्षतिग्रस्त पैन हवा में ज्यादा धुआं और कण छोड़ सकते हैं.

### सावधानी से गरम करें

खाली नॉनस्टिक पैन को पहले से गरम न करें, कभी भी नॉन स्टिक पैन में हाई टेंपरेचर में खाना न बनाएं।

# प्राइमर लगाते वक्त भूलकर भी न करें ये गलतियां, वरना स्किन को हो सकता है नुकसान

हर कोई अपने चेहरे को खूबसूरत बनाना चाहता है. ऐसे में अधिकतर लड़कियां कुछ गलतियां कर देती हैं, जिन्हें भूलकर भी नहीं करनी चाहिए. जब भी लड़कियां मेकअप करती हैं, तो प्राइमर का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि प्राइमर का गलत इस्तेमाल आपके चेहरे को खराब कर सकता है. यही नहीं आपके चेहरे पर अनचाहे पिंपल्स और बाल आने लगते हैं. इसलिए लड़कियों को प्राइमर लगाते वक्त कुछ गलतियां भूलकर भी नहीं करनी चाहिए. आइए जानते हैं उन गलतियों के बारे में.



### ऐसे करें प्राइमर का इस्तेमाल

अधिकतर लड़कियां चेहरे को साफ किए बिना ही प्राइमर का इस्तेमाल करने लगती है, लेकिन यह सबसे बड़ी गलती मानी गई है. प्राइमर का इस्तेमाल करने से पहले आपको अपने चेहरे को अच्छे तरीके से साफ करना चाहिए और वाइप्स का इस्तेमाल भी आप कर सकती हैं.

### मेकअप लगाने से पहले चेहरा धोएं

हमेशा ध्यान रहे की मेकअप लगाने से पहले चेहरा धोकर और मॉइश्चराइजर लगाकर स्किन को तैयार करना जरूरी है. गंदी और तैलीय स्किन पर प्राइमर लगाने से स्किन को नुकसान पहुंच सकता है. यही नहीं आपके चेहरे पर रैशेज और लाल फुंसियां जैसी समस्या भी हो सकती है.

### सही प्राइमर का करें चयन

दूसरी गलती जो लड़कियां अक्सर करती है, वह है गलत प्राइमर का चुनाव. लड़कियों को हमेशा अपनी स्किन के हिसाब से प्राइमर का इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि कई बार वे कुछ ऐसे प्राइमर का इस्तेमाल करती है, जो उनकी स्किन पर सूट नहीं होते हैं और इससे चेहरे संबंधित समस्याएं होने लगती है.

### जरूरत से ज्यादा प्राइमर न लगाएं

इसके अलावा ध्यान देने वाली बात यह है कि आपको जरूरत से ज्यादा प्राइमर नहीं लगाना है. आपकी स्किन पर अगर आप बहुत ज्यादा प्राइमर लगाती हैं, तो इससे पिंपल्स, दाग धब्बे और रैशेज जैसी समस्या हो सकती है. ध्यान रहे जब भी आप प्राइमर को अपने चेहरे पर लगाएं, तो कुछ मिनट तक इसे सूखने दे.

### एक्सपायरी डेट चेक करें

अगर आप प्राइमर के तुरंत बाद मेकअप करने लगती हैं, तो इससे आपका चेहरा खराब दिखने लगेगा. प्राइमर का इस्तेमाल करने से पहले या खरीदने से पहले उसकी एक्सपायरी डेट चेक कर ले. इसके अलावा रात में सोने से पहले प्राइमर को हटाकर सोए. इन सभी गलतियों से बचकर आप प्राइमर का सही इस्तेमाल कर सकती हैं।

# फिल्म घुड़चढ़ी का ट्रेलर रिलीज, रोमांस करते दिखे संजय दत्त और रवीना टंडन

संजय दत्त और रवीना टंडन की मच अवेटेड फिल्म घुड़चढ़ी का इंतजार फैंस बेसब्री से कर रहे हैं। दर्शक इस फिल्म से जुड़े अपडेट्स जानने के लिए बेकरार रहते हैं। मेकर्स ने अब फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है।

फिल्म में संजय दत्त और रवीना टंडन के अलावा खुशाली कुमार और पार्थ समथान भी है। इसमें दो अलग-अलग जोड़ों - रवीना-संजय और खुशाली-पार्थ - की प्रेम कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें कई ट्विस्ट एंड टर्न हैं।

ट्रेलर में कॉमेडी, रोमांस और भरपूर ड्रामा है। इसकी शुरूआत पार्थ समथान-खुशाली कुमार की लव स्टोरी से होती है। पहले दोनों की मुलाकात होती है और फिर दोस्ती। इसके बाद दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो जाता है और वे शादी करने का फैसला करते हैं। वहीं, दूसरे फ्रेम में पार्थ समथान के पिता के रोल में संजय दत्त अपने बचपन की दोस्त रवीना से प्यार करता है और उससे शादी करना चाहता है। रवीना फिल्म में खुशाली की मां का रोल निभा रही हैं। जब पार्थ-खुशाली को पता चलता है कि उनके पेरेंट्स आपस में प्यार करते हैं और इस




उम्र में शादी करना चाहते हैं, तो उन्हें जोरदार झटका लगता है और यहां से मन में सवाल उठता है कि घुड़चढ़ी किसकी होगी बाप की या बेटे की। संजय ने फिल्म का ट्रेलर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है और कैप्शन में लिखा, किसकी फाइनली होगी घुड़चढ़ी? देखें 9 अगस्त से, स्ट्रीमिंग ऑन जियोसिनेमा।

# सपा नोएडा महानगर ने संविधान मानस्तंभ की स्थापना के साथ मनाया आरक्षण दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** सपा महानगर ने सेक्टर 37 स्थित अंबेडकर पार्क में सपा नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में आज 26 जुलाई को संविधान- मानस्तंभ की स्थापना करके आरक्षण का अधिकार दिवस मनाया।

डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि आज के ही दिन महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा संकल्पित आरक्षण को कोल्हापुर के परम आदरणीय श्रीमंत महाराज राजश्री छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने राज्य में लागू किया था फुले जी का उद्देश्य सभी को संख्या के अनुपात में आरक्षण देना था जिसे साहू जी महाराज ने 1902 में साकार किया था ।संविधान और आरक्षण को खत्म करने का खतरा अभी भी बना हुआ है हम नफरत फैलाने वालों को सफल नहीं होने देंगे।



सपा का यह कदम सामाजिक न्याय और समानता की भावना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महासचिव विकास यादव ने कहा कि सपा द्वारा संविधान मानस्तंभ की स्थापना और आरक्षण दिवस मनाने का निर्णय पार्टी की सामाजिक न्याय के नीति के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। प्रदेश सचिव भरत यादव ने कहा कि इस संविधान की रक्षा सुरक्षा हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है जब तक यह संविधान है तब तक हम सब के हक अधिकार सुरक्षित हैं। वरिष्ठ नेता जयकरण चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही इकलौती पार्टी है जो दलित पिछड़ों वंचितों गांव गरीब गुरबत में रहने वाले लोगों के हक अधिकारों के रक्षा सुरक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती आ रही है।

आज के कार्यक्रम में मौजूद मुख्य लोगों में, भरत प्रधान,जयकरण चौधरी, श्रीपाल प्रधान, भीष्म यादव, बबलू चौहान, विवेक यादव, वीरपाल प्रधान, राम सहेली, अरविंद चौहान, महकर सिंह तंवर, अजब सिंह यादव, बाबूलाल बंसल, गौरव सिंघल, केपी यादव, कमल सिंह गौतम, नितिन वाल्मीकि, उदय सिंह, राहुल यादव, नीतीश चौहान ,तुषार पाल, प्रवीण शर्मा, सौरभ चौहान, रोहित यादव, दिनेश, मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश के चलते बाप-बेटे पर ताबड़तोड़ फायरिंग,बाप की मौत,बेटा घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाज़ियाबाद (नदीम शहीन)।** पुलिस कमिश्नरेट ग्रामीण जोन के मोदीनगर थानाक्षेत्र कि कृष्णा कॉलोनी में राजकुमार डेरी चलता हैं, जोकि ग्राम कल्छीना का निवासी हैं। दरअसल, बृहस्पतिवार रात्रि समय करीब 8 बजे के लगभग डेयरी संचालक राजकुमार और उसका बेटा सौरभ बाइक से घर आ रहे थे, कि तभी रास्ते में पड़ने वाले सीकरी खुर्द रेलवे फाटक के पास 4 हमलावर घात लगाए बैठे थे। इसी दौरान फाटक पर आते ही

**बाइक से गांव जाते समय रास्ते में पड़ने वाले रेलवे फाटक पर घात लगाए बैठे हमलावरों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, जांच में जुटी पुलिस**

हमलावरो ने बाइक सवार राजकुमार और उसके बेटे सौरभ पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। वहीं, दूसरी तरफ गोलियां लगने से राजकुमार और उनका बेटा सौरभ घायल हो गया। जिन्हें, तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, डॉक्टरों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, सौरभ हाथ में गोली लगने से घायल हैं। लिहाजा, पुलिस ने राजकुमार के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।

**ताबड़तोड़ फायरिंग करने वाले हमलावर ग्राम सीकरी खुर्द के रहने वाले बताए जा रहे**

आपको बता दें कि राजकुमार और उसके बेटे पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने वाले हमलावर ग्राम सीकरी खुर्द के बताई जा रहे हैं। पीड़ित पक्ष की ओर से जितेंद्र तथा 4 अन्य लोगों के खिलाफ ताहिर दी गई हैं। जिसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही हैं। पुलिस का कहना हैं कि हमलावरों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा, इनके खिलाफ सख्त कानूनी-कार्रवाई की जाएगी।









**पुरानी रंजिश को लेकर दिया गया इस वारदात को अंजाम**

पुलिस के मुताबिक इस वारदात को पुरानी रंजिश को लेकर अंजाम दिया गया हैं। क्योंकि, एक साल पहले डेयरी संचालक राजकुमार का सीकरी खुर्द के कुछ लोगों से विवाद हो गया था। जिसके चलते यह वारदात किए जाने की बात सामने आ रही हैं। वहीं, इस वारदात के बाद ग्राम कल्छीना के लोग अस्पताल पहुंचे थे। जहां, उन्होंने पुलिस के प्रति काफी रोष व्यक्त किया। पीड़ित पक्ष की और से हमलावरों की शीघ्र ही गिरफ्तारी की मांग की गई हैं तथा उनके घर पर बुलडोजर चलवाने की भी मांग की गई हैं।

**डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव ने जानकारी देते हुए बताया**

डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मोदीनगर थानाक्षेत्र के सीकरी खुर्द से फायरिंग की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस और अन्य टीम मौके पर पहुंची थी। जिसके बाद पता चला कि ग्राम कलछीना निवासी 50 वर्षीय डेयरी संचालक राजकुमार और उसके बेटे सौरभ पर ताबड़तोड़ फायरिंग हुई हैं। जिसमें, डॉक्टरों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि, उसका बेटा सौरभ गोली लगने से घायल हैं, जिनकी स्थिति सामान्य हैं। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार के द्वारा ग्राम सिकरी खुर्द के रहने वाले जितेंद्र और उसके परिवार के 4 अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगा हैं। जिसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को रवाना किया गया हैं, जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# सड़क दुघर्टना में दो कांवड़ियों की मौत,दो गंभीर रूप से घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अफजलगढ।** बरेली से हरिद्वार गंगा जल लेने जा रहे स्कूटी और बाइक सवार कांवड़ियों को अज्ञात टैंकर से टक्कर मार दिया जिसके चलते दोनों वाहन सड़क किनारे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए इसी बीच तीस सदस्यों का कांवड़ियों का जत्था जिसमें यह लोग भी शामिल थे उन्होंने एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया जहां शिवम् छब्बीस साल अखिलेश पच्चीस साल की मौत हो गई और दो गम्भीर रूप से घायलों का इलाज चल रहा है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल व अस्पताल जाकर घटना की जानकारी लेते हुए अज्ञात टैंकर की तलाश में जुट गई और शवों को पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भेज दिया गया है घटना से जत्थे में शामिल सभी कांवड़ियों में भारी शोक व्याप्त हो गया है।



# धर्मेंद्र भारद्वाज को विप नियम पुनरीक्षण समिति का सभापति बनने पर दी बधाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज को विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति का सभापति नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सूचना मिलने पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज को बधाई दी है। बता दें की एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज उच्च शिक्षित और जुझारू नेता है। उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली और कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए ही उन्हें विधान परिषद की विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति का सभापति नियुक्त किया गया है। धर्मेंद्र भारद्वाज की इस समिति में एमएलसी श्रीचन्द शर्मा, सुभाष यदुवंश, आशीष कुमार यादव, अन्नपूर्णा सिंह उर्फ पूनम सिंह, विच्छे लाल राम, योगेश चौधरी, पदमसेन चौधरी आदि सदस्य हैं। एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज को सभापति नियुक्त किए जाने की सूचना पर क्षेत्र भर में हर्ष का माहौल है।



धर्मेंद्र भारद्वाज (एमएलसी)



डॉ ऋषि शर्मा

डॉ के एन मोदी काम्प्लेक्स स्थित डी वी मेमोरियल स्किन एंड लेजर सेंटर के संचालक प्रसिद्ध त्वचा रोग विशेषज्ञ ऋषि शर्मा के अलावा उनके भाई प्रसिद्ध उद्यमी वेदांत टेंक-मार्ट नामक फैक्ट्री के स्वामी अमित शर्मा ने एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज को बधाई दी है। इसके अलावा बधाई देने वालों में रोहित बैसला, निशांत बैसला, सुशील शर्मा, राजीवशर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं।

# केंद्र सरकार ने 10 साल में 15 लाख करोड़ टैक्स लिए, बदले में सिर्फ 7,500 करोड़ रुपये दिये : आतिशी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली सरकार की वित्त मंत्री आतिशी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि पिछले 10 सालों से हर बजट में दिल्लीवालों को धोखा दिया गया है। दिल्लीवालों के साथ भाजपा की केंद्र सरकार ने सौतेला व्यवहार किया है। पिछले 10 सालों में दिल्ली के लोगों ने केंद्र सरकार को 15,59,933 करोड़ रुपये का इनकम टैक्स दिया। इसके बदले दिल्ली को मात्र 7,534 करोड़ रुपये ही मिले।

आतिशी ने केंद्र की भाजपा सरकार से सवाल करते हुए कहा कि महाराष्ट्र को 5 लाख करोड़ इनकम टैक्स के बदले 50,000 करोड़, कर्नाटक को 2 लाख करोड़ इनकम टैक्स पर 30,000 करोड़ रुपये का आवंटन होता है। लेकिन, जब दिल्ली के लोग 2 लाख करोड़ रुपये का इनकम टैक्स देते हैं तो उन्हें सब मिलाकर सिर्फ 1,061 करोड़ ही क्यों मिलता है? क्या दिल्लीवालों को अपने शहर की तरक्की के लिए उनकी मेहनत की कमाई के इनकम टैक्स का हिस्सा नहीं मिलना चाहिए?

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 10 सालों में दिल्लीवालों से 15 लाख करोड़ रुपये टैक्स लिया, लेकिन बदले में सिर्फ 7,500 करोड़ रुपये दिए। यह अंग्रेजों के समय जैसा अत्याचार है। अगर केंद्र सरकार देश के बाकी राज्यों को पैसा दे सकती है तो दिल्लीवालों को भी उनके हक का पैसा मिलना चाहिए, ये दिल्लीवालों की मांग है। दिल्ली के लोगों ने 2023-24 में सिर्फ इनकम टैक्स के रूप में ही केंद्र सरकार को 2.07 लाख करोड़ रुपये दिए। इसके बदले दिल्लीवालों की मांग थी कि उनके इनकम टैक्स का 5 प्रतिशत हिस्सा 10,000 करोड़ रुपये दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए दिल्ली सरकार को टैक्स शेयर के रूप में मिलना चाहिए। इसके बदले दिल्ली वालों को सिर्फ निराशा मिली और टैक्स शेयर के रूप में एक पैसा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि 2023-24 में दिल्लीवालों ने केंद्र सरकार को 2.07 लाख करोड़ रुपये का इनकम टैक्स दिया। इसके बदले डिमांड 57 के सभी 7 मदों को मिलाकर केंद्र सरकार ने दिल्ली को मात्र 1,168 करोड़ रुपये का आवंटन दिया और इसमें टैक्स शेयर के रूप में एक पैसा नहीं मिला। ये दिल्लीवालों द्वारा दिए टैक्स का 0.4 प्रतिशत भी नहीं है। 2022-23 में भी दिल्लीवालों ने केंद्र सरकार को 2,12,101 करोड़ रुपये का इनकम टैक्स दिया। 2023-24 के बजट में दिल्लीवालों को 1,168 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ। लेकिन, इस आवंटन में दिल्लीवालों को एक पैसा नहीं मिला।



आतिशी ने बताया कि 2021-22 में दिल्लीवालों ने केंद्र सरकार को 1,77,824 करोड़ रुपये का इनकम टैक्स दिया। इसके बदले दिल्लीवालों को मात्र 960 करोड़ रुपये, उनके दिए इनकम टैक्स का 0.3 प्रतिशत मिला। 2020-21 में दिल्लीवालों ने 1,20,120 करोड़ रुपये इनकम टैक्स दिया, इसके बदले दिल्लीवालों को 1,029 करोड़ रुपये का आवंटन मिला। 2019-20 में कोरोना काल में जब पूरे देश में त्राहि-त्राहि मची थी, तब दिल्लीवालों ने मुश्किल समय में 1,49,613 करोड़ रुपये का इनकम टैक्स दिया। लेकिन, मात्र 1,112 करोड़ रुपये मिले। आतिशी ने कहा कि इसके पिछले 6 सालों के 2013 से 2019 तक के आंकड़े देखें तो दिल्लीवालों ने इन 6 सालों में कुल 6,93,275 करोड़ रुपये इनकम टैक्स के रूप में दिया और दिल्लीवालों को इसमें से मात्र 4,433 करोड़ रुपये मिले। पिछले 10 सालों में जबसे केंद्र में भाजपा की सरकार आई है तब से दिल्लीवालों ने भाजपा शासित केंद्र सरकार को 15,59,933 करोड़ रुपये का इनकम टैक्स दिया ।

# साथ जियेगे साथ मरेंगे साथ जलेंगे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नजीबाबाद।** कभी कभी किताबी बातें और फिल्मी गीत ऐसे कुछ लिख जाते हैं जों समय सच कर दिखा देता है वहीं एक गाना जिसमें साथ जिएंगे साथ मरेंगे होंगे ना एक दूसरे से जुदा यह कुछ ऐसी इबारत है जो दिल को दहलाने वाली है और एक परिवार के तीन सगे भाइयों को मौत का गम क्या होता है यह परिवार ही जान सकता है



विगत दिनों अफजल गढ़ क्षेत्र की पीली नदी में धर वापसी कर रहे तीन सगे भाइयों की अचानक नदी में तेज बहाव पानी आने से डूबने से दर्दनाक मौत हो गई थी और भारी मशक्कत के बाद गोताखोर तलाश करते हुए तीनों शवों को बाहर निकाल लिया था जब तीनों को बाहर निकाला गया था तो तीनों भाई एक साथ थे और रात को ही पोस्ट मार्टम करा दिया गया था वहीं एक परिवार से तीन सगे भाइयों की मौत पर एक साथ तीन अर्थियां उठी तो सभी का दिल दहल गया और तीनों को एक साथ चिता पर रखा गया तो श्मशान घाट पर लोगों ने यह हृश्य देखकर आंखें बंद कर ली और कहा कि इतना बुरा दिन गांव में कभी नहीं देखा गया और पुरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

# शिव की पूजा और कांवड़ियों की सेवा सदैव लोककल्याणकारी होती है: डॉली शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और जीएचबी फाउंडेशन की महासचिव डॉली शर्मा ने कहा कि शिव की पूजा और कांवड़ियों की सेवा सदैव लोककल्याणकारी होती है। जीएचबी फाउंडेशन के तत्वावधान में पिछले 37 सालों से यहां जारी शिव कांवड़ सेवा शिविर इसी बात का द्योतक है, जहां पूजा और सेवा रूपी दोनों कार्य एक साथ संपादित हो जाते हैं। शुक्रवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और जीएचबी फाउंडेशन की महासचिव डॉली शर्मा, परम पूज्य गुरुदेव रामकृपाल उपाध्याय साक्षी श्री और गाजियाबाद महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और फाउंडेशन अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और नारियल तोड़कर 37 वां शिव कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ किया।

**शिव की भक्ति से असीम शक्ति मिलती है: नरेंद्र भारद्वाज शिव की उपासना से लोक कल्याण की भावना जगती है: राम कृपाल उपाध्याय**

प्लॉट नम्बर 299/2, लिंक रोड, निकट सुपरटेक, वैशाली में किया। इसी दौरान कांग्रेस नेत्री डॉली शर्मा ने उपर्युक्त बातें कहीं।

इस अवसर पर सह उद्घाटन कर्ता परम पूज्य गुरुदेव राम कृपाल जी उपाध्याय 'साक्षी श्री' ने कहा कि शिव की उपासना से लोक कल्याण की भावना जगती है। इसलिए देश-दुनिया में सबसे ज्यादा शिव की ही पूजा होती है और शिव भक्त ही पाए जाते हैं। दुनिया के अधिकतर हिस्सों में खुदाई में शिवलिंग ही मिलता है।

वहीं, सह उद्घाटन कर्ता नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि शिव की भक्ति से असीम शक्ति मिलती है। यह मैं महसूस करता हूँ। मेरी शुरू से ही यह इच्छा रही कि मार्ग में कांवड़ियों को, भोले के भक्तों को कोई असुविधा नहीं हो। इसलिए पिछले 37 सालों से यह शिविर लगाता आया हूँ। यह निर्बाध रूप से चलता रहे, यही मंगल कामना है।इससे पूर्व मुख्य यजमान नरेंद्र भारद्वाज और विजय लक्ष्मी भारद्वाज ने बन्धु-बांधवों सहित शिव परिवार, रामदरबार और पवनपुत्र हनुमान का षोडशोपचार पूजन एवं हवन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया। मुख्य पुजारी पंडित प्रभाशंकर उर्फ प्रद्युम्न वशिष्ठ के नेतृत्व में पंडित अशोक शर्मा, पंडित प्रशांत शर्मा, पंडित हरिओम शर्मा, पंडित नारायण शर्मा ने विधि-विधान पूर्वक हवन-पूजन एवं मंगल आरती करवाई। इस दौरान फाउंडेशन के सह-सचिव मनीष भारद्वाज, स्वागतकर्ता महेश भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, कुसुम भारद्वाज, अथर्व शर्मा, अनन्या भारद्वाज, रिया भारद्वाज, वीरेंद्र शर्मा, महिपाल शर्मा, राहुल शर्मा, पूर्व पार्षद संजय शर्मा, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।



इस मौके पर गाजियाबाद कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत त्यागी, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष विजय चौधरी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संगीता त्यागी, महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनल नागर, प्रदेश सचिव विशाल वशिष्ठ, पूर्व मंत्री व किसान कांग्रेस नेता ओमवीर तोमर, अमित यादव, कपिल यादव, नसीम खान, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय चौधरी, ऋषिपाल धिंगान, संजय शर्मा गुड्डू, दयानंद मिश्रा, नरेंद्र सिंह चौहान, प्रीतम कथोडिया, सुशील उपाध्याय, नितिन यादव, ओबीसी जिलाध्यक्ष विजयपाल चौधरी, अमन सिंह, इंद्रपाल प्रधान, सिराजुद्दीन, देवेंद्र सिंह चौहान, ब्रजमोहन मिश्रा, फिरोज खान, जोराखण्ड यादव, वासुदेव शर्मा, बादल यादव, विकास यादव आदि मौजूद रहे। बता दें कि जीएचबी फाउंडेशन के तत्वावधान में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर 37वां विशाल कांवड़ सेवा शिविर एवं भंडारा का आयोजन 26 जुलाई से प्रारंभ हुआ, जो आगामी 02 अगस्त 2024 तक चलेगा। इस आशय की जानकारी फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी कमलेश पांडेय ने दी।

# दुकानों पर हिंदू युवा वाहिनी ने गाजियाबाद में गर्व से कहो हम हिंदू है के पोस्टर लगाए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद ( नदीम शहीन)** हिंदू युवा वाहिनी के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष आयुष त्यागी काकड़ा ने अपने सहयोगी कार्यकताओं के साथ मार्केट में पहुंचकर दुकानदारों के यहां पोस्टर लगाए हैं पोस्ट में सीधे तौर पर लिखा है कि गर्भ से कहो हम हिंदू हैं।

मीडिया से बात करते हुए आयुष ने बताया कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश आए थे कि लगभग सभी जिलों में दुकानदार अपने नाम को अपनी दुकान के बाहर लगाएंगे] लेकिन कुछ वजह से सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और उसे फैसले को निरस्त कर दिया गया यानी कुछ जयचंदों की वजह से पहचान अब छुपी रह जाएगी कुल मिलाकर हिंदू युवा वाहिनी के निर्वाचित जिला अध्यक्ष आयुष ने बताया कि लगातार यह लोग लव जिहाद करते हैं और अपना नाम छुपाते हैं और इस बार भी जब देश के सबसे बड़े पूजनीय इस कावड़ मेले में तमाम लोग शामिल होंगे और हरिद्वार से जल लेकर पंजाब दिल्ली राजस्थान जाने के लिए गाजियाबाद से होकर गुजरेंगे तो इन दुकानदारों को अपना नाम छुपाने में दिक्कत क्या है चाहिए साजिश नहीं उसे लब्ज विभाग की जिसमें नाम छुपा कर हिंदू लड़की के साथ शादी कर उसे फसाया जाता है मीडिया से बात करते हो उन्होंने बताया कि हमने लगभग सभी दुकानों पर गर्व से कहो हम हिंदू हैं चस्पा दिया है आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी क्योंकि यह महापर्व हिंदू धर्म का है और इस महापर्व में किसी के धर्म को भ्रष्ट होने से बचने के लिए यह सबसे ज्यादा जरूरी है!





## वृक्षारोपण — हर घर में भी पेड़ लगना जरूरी हैं: नेहाल जैदी

# जामा मस्जिद परिसर में तौहीदुल मुस्लिमीन ट्रस्ट (टीएमटी) के तत्वाधान में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** पद्म भूषण स्वर्गीय मौलाना कल्बे सादिक की बनाई शैक्षिक और सामाजिक सेवा करने वाली संस्था तौहीदुल मुस्लिमीन ट्रस्ट के तत्वाधान में आज ऐतिहासिक जामा मस्जिद , तहसीन गंज लखनऊ के प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के सचिव नजमुल हसन रिजवी, मौलाना डॉक्टर कल्बे नूरी, नेहाल जैदी , श्री मोहम्मद आलिम , श्री ऐनुल रजा, शाहकार नकवी, शहिद हसन आदि के अलावा यूनिटी स्कूल के बच्चे भी शामिल हुए ट्रस्ट के सदस्य नेहाल जैदी ने बताया कि ग्लोबल वार्निंग की वजह से तापमान बढ़ रहा है , बारिश कम हो रही है । इस लिए लखनऊ के अलग अलग स्थानों पर पेड़ पौधे लगाए जायेंगे । हर घर में भी पेड़ लगना जरूरी हैं। ट्रस्ट पेड़ लगाने के अलावा पेय जल प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहा है और लखनऊ के सरकारी अस्पतालों , मस्जिद , मंदिर के पास कई पेय जल शीतल मशीनें लगाई गई हैं। ज्ञात हो डॉक्टर कल्बे सादिक द्वारा स्थापित ट्रस्ट पूरे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अभुतपूर्व योगदान दे रहा है।





मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267